CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, बुधवार 10 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 116 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव सुधारों पर मायावती का बड़ा बयान, तीन अहम सुधारों की मांग पेज 2



शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली, वह क्यों नहीं खेल सकते खेल टाइम्स




मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे सम्पादकीय




अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ का कर्ज पेज 12

# ट्रम्प की भारत पर नए आयात शुल्क लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कृषि आयातों पर नए शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसमें भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाला उर्वरक विशेष रूप से शामिल हैं, क्योंकि दोनों देशों के साथ व्यापार वार्ताएं लंबी खिंच रही हैं।

श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के लिए अरबों डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि भारत को अमेरिका में चावल डंप नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति के ये बयान विदेशी कृषि आपूर्तिकर्ताओं, खासकर एशियाई देशों जैसे भारत और थाईलैंड, की अमेरिकी सरकार द्वारा की जा रही लंबे समय से आलोचना का एक ही नया और तीखा रूप है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी किसानों को दिए जाने वाले '12 अरब डॉलर के इस राहत पैकेज कार्यक्रम' को विदेशी व्यापारिक साझेदारों से पहले से एकत्र किए गए 'आयात शुल्क' से वित्तपोषित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि बढ़ते आयात घरेलू किसानों पर दबाव डाल रहे हैं और अमेरिकी कृषि की रक्षा के लिए वे आयात शुल्क को प्राथमिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहेंगे। ये ताजा टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आए थे, जहां उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार संबंधों पर चर्चा की इस महीने भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ताएं जारी रहने की उम्मीद है। दरअसल ट्रम्प ने आरोप लगाया है कि भारत, अमेरिका में अपना चावल खपा रहा है। इसे रोकने के लिए ट्रम्प ने टैरिफ लगाने का समर्थन किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी ऐलान किया। बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी भी मौजूद रहीं। मेरिल ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पर ट्रम्प ने मेरिल से पूछा कि कौन से देश अपना चावल अमेरिका में खपा रहे हैं? तो इस पर मेरिल ने कहा भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है।




### एहसान नहीं कर रहे अमेरिकी, टैरिफ की धमकी को लेकर ट्रम्प को मिला करारा जवाब

**नई दिल्ली।** ट्रम्प द्वारा चावल पर टैरिफ लगाने की धमकी को लेकर राइस एक्ससपोर्टर्स फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट देव गर्ग ने कहा कि भारत के चावल पर टैरिफ लगाने से भारत को नुकसान नहीं होगा, बल्कि उपभोक्ता परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार के सभी एक्सपोर्ट डिमांड बेस्ट है, हमने देखा कि अमेरिकी बाजार में भारतीय चावल के निर्यात में तेजी हुई है, क्योंकि अमेरिकी बाजार में भारतीय और साउथ एशियाई फूड की लोकप्रियता बढ़ी है, क्योंकि भारतीय चावल का स्वाद बनावट और रंग बहुत खास है। अमेरिका में उगाया गया चावल भारतीय चावल का विकल्प नही है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा।

## शामली में 50 हजार का इनामी सामा ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिले के थाना भवन क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व 50 हजार के इनामी अपराधी समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया।

मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल अनुज यादव गोली लगने से घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारा गया अपराधी समयदीन उर्फ सामा थाना कांधला का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था और उसके खिलाफ यूपी सहित कई राज्यों में 28 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। थाना थानाभवन पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भैंसानी इस्लामपुर स्थित बंद पड़े ईंट के भट्टे में कुछ बदमाश छिपे हुए हैं। सूचना पर थानाभवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत और थाना बाबरी प्रभारी राहुल सिसोदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान सामा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

■ मुठभेड़ में सिपाही गोली लगने से घायल

## संक्षिप्त समाचार

### चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे पांच-पांच लाख के इनामी तीन शूटरों गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के खिलाफ सोमवार को दूसरी बार कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। यह कार्रवाई धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के तहत की गई है। मामले की विवेचना कर रही एयरपोर्ट पुलिस ने सोमवार देर शाम को गुड्डू मुस्लिम के कसारी-मसारी, अरमान के सिविल लाइंस, और साबिर के मरियाडीह स्थित घरों पर पहुंची और कुर्की नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ ऐलान भी किया कि यदि आरोपी तय अवधि में कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में धूमनगंज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। इसमें माफिया अतीक अहमद के बेटे अली और उमर भी शामिल थे। इनमें से 12 आरोपियों की चार्जशीट इसी साल अक्टूबर में दाखिल की जा चुकी है जबकि गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर अब भी फरार हैं और उनकी विवेचना जारी है। इसी मामले में सोमवार को कुर्की की कार्रवाई की गई।

### उप्र में घुसपैठियों के खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक प्लान तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चला रही योगी सरकार का मानना है कि उसके इस कदम से जहां प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। इस निर्णय से पात्र व्यक्ति ही योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। स्थानीय युवाओं का जो हक घुसपैठियों के द्वारा छीना जा रहा है वो हक युवाओं को मिलना शुरू हो जाएगा। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट करेगी। इन डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी, जिसे भेद पाना किसी के लिए भी नामुमकिन होगा। योगी सरकार के सख्त कदम से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर एक सकारात्मक असर पड़ेगा।

# राज्यों में एसआईआर के काम में बाधा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा: ईसी संज्ञान में लाए, हम आदेश पारित करेंगे, इससे अराजकता हो सकती है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है। चुनाव आयोग की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि प. बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



■ चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के लिए पांच आईएएस अधिकारी नियुक्त किए

### 'खालिस्तान ट्वीट' पर कई प्राथमिकियों को जोड़ने संबंधी याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक्स कॉर्प की भारतीय शाखा की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें 2020 में कई राज्यों में खालिस्तान का जिक्र करने वाले एक ट्वीट के कथित प्रचार को लेकर दर्ज कई प्राथमिकियों को जोड़ने या रद्द करने की मांग की गई थी। पीठ ने कहा कि वह मामले को, विशेषकर पांच वर्ष का समय बीत जाने के बाद और कई राज्यों से प्रतिनिधित्व न मिलने की वजह से और लंबित रखने के पक्ष में नहीं है। कुछ राज्यों के वकीलों ने अपना पक्ष रखा है और वर्तमान तथ्यात्मक परिदृश्य पेश किया है, हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हम पांच साल बाद इस मामले को लंबित रखने के पक्ष में नहीं हैं। इतना कहना ही काफी है कि बहुत कुछ बीत चुका है। हम इस याचिका को बंद करने के पक्ष में हैं। ट्विटर इंडिया ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के ट्वीट के कथित प्रचार के आरोप में आठ राज्यों में एफआईआर दर्ज होने के बाद वर्ष 2020 में ऊच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### शीर्ष अदालत ने नागरिकता पर फैसले से पूर्व सीएए आवेदकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सवाल उठाया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिए पात्र बताए गए बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी।

# डीजीसीए ने लिया इंडिगो पर कड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो हर दिन करीब 2,200 उड़ानें चलाती है। अब इसमें से लगभग 110 उड़ानें रोज कम होंगी।

एयरलाइन से 10 दिसम्बर तक संशोधित शेड्यूल सौंपने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन को इस बारे में बता दिया गया है और कौन-कौन सी उड़ानें कम की जाएंगी, इसकी सूची तैयार की जा रही है। डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवम्बर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवम्बर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं। नोटिस के अनुसार, इंडिगो को समर शेड्यूल 2025 की तुलना में विंटर शेड्यूल में 6 फीसदी के इजाफे की अनुमति दी गई थी, इसके तहत 403 विमानों के उपयोग की मंजूरी थी। लेकिन एयरलाइन अक्टूबर 2025 में केवल 339 और नवम्बर 2025 में 344 विमान ही संचालित कर सकी। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन ने 2024 की सर्दियों की तुलना में अपने प्रस्थान में 9.66 फीसदी और इस वर्ष के गर्मियों के शेड्यूल की तुलना में 6.05 फीसदी की वृद्धि की थी, लेकिन वह इस शेड्यूल का कुशलतापूर्वक संचालन नहीं कर सकी।




■ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती, इंडिगो संकट जारी, कई उड़ानें रद्द

### दिल्ली ब्लास्ट: एक और आरोपी नसीर मल्ला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। आरोपी नसीर मल्ला को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आरोपी को सात दिनों की एनआईए रिमांड में भेजा गया। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है। आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। सात दिनों तक दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद से पूछताछ होगी।

# वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी व दिल्ली पुलिस को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है।

इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेजों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए श्रीमती गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इन्कार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर श्रीमती गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि श्रीमती गांधी ने जाली दस्तावेजों की मदद से 1980 की वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाया था। उन्होंने 1982 में अपना नाम हटवा लिया था और फिर 1983 में भारत की नागरिकता मिलने के बाद उन्होंने एक बार फिर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया।

■ सोनिया पर जाली दस्तावेजों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आरोप

# चुनाव आयोग के जरिये लोकतंत्र के खात्मे पर उतारू भाजपा: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र में मंगलवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी चुनाव सुधारों पर हो रही चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान खादी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, देश के पहनावे में देश की झलक दिखती है। खादी देश की भावना है। हमारा देश 150 करोड़ लोगों से बना है। देश के सारे धागे एक जैसे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहता है। नाथूराम गोड्से ने गांधी को मारा। यह असहज करने वाला सत्य है। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोड्से ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा कि सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा, जो वहां से निकली हैं। राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका। सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसम्बर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।



कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में मोदी सरकार पर बोला तीखा हमला

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, खड़गे ने सोनिया को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबी आयु और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे। खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमती गांधी समाज के वंचित लोगों के अधिकारों की हिमायती हैं और जीवन की हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया है। श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। कमज़ोर लोगों के अधिकारों की पक्की समर्थक, वह हमेशा गरिमा का प्रतीक रही हैं, और हर चुनौती का सामना साहस, दृढ़ता, त्याग और निस्वार्थ समर्पण के साथ किया। मैं उनके दीर्घायु होने और बेहतर स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### प्रयागराज में माघ मेला के लिये भूमि आवंटन का कार्य जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर तीन जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले के लिए भूमि आवंटन का कार्य जारी है। मेला प्रशासन व खाक चौक के संतों के बीच जमीन को लेकर चल रहा अंदुरूनी विवाद अब समाप्त हो गया। पिछले माघ मेले की अपेक्षा इस बार खाक चौक को और ज्यादा जमीनें दी गई हैं। इस बार खाक चौक 200 बीघे में अपना शिविर लगाएगा। दंडी बाड़ा के संतों ने सबसे पहले भूमि पूजन किया है। दरअसल, पिछली बार खाक चौक के संतों ने मेला प्राधिकरण कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया था। उम्मीद थी कि इस बार भी खाक चौक की तरफ से कुछ इस तरह का हंगामा किया जा सकता था।

# घुसपैठियों की तलाश तेज, झुग्गी झोपड़ियों में तलाशी अभियान जारी

**वाराणसी, वार्ता**

■ **काशी में पिछले चार पांच साल से रह रहे**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए चलाया जा रहा चेलकग अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार शाम सिगरा थाना क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दर्जनों लोगों के दस्तावेजों की जांच की। इनमें अधिकांश लोग पश्चिम बंगाल के बीरभूमि जिले के रहने वाले हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन ने मंगलवार को बताया कि सभी संदिग्धों के दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग चार-पांच वर्षों से काशी में रह रहे हैं। यह जांच की जा रही है कि इन्हें यहां ठहराने में किसने मदद की और उसका उद्देश्य क्या था। सभी व्यक्तियों का सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में नदेसर स्थित बस्ती में भी पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची। धार्मिक नगरी काशी के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों एवं बस्तियों में रहने वाले लोगों की गहन जांच की जा रही है। सभी का आधार कार्ड, पहचान-पत्र एवं अन्य विवरण एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता कर रही है कि ये लोग किस कार्य से जुड़े हैं।

## सीएम का प्रतिनिधि बताकर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**बहराइच।** यूपी बहराइच जिले की रिसिया थाने की पुलिस ने गोरखनाथ मंदिर में संचालित मुख्यमंत्री शिविर का प्रतिनिधि बताकर स्थानीय लोगों और अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले एक युवक को उसके दो साथियों के साथ आज गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अशोक सिंह ने बताया कि डिहवा ग्राम का निवासी राहुल यादव अपने साथियों नफीस खान और मुख्तार अहमद के साथ मिलकर व्यापारियों और अधिकारियों को सीएम शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बताकर परेशान कर रहा था। ये लोग स्थानीय लोगों को डराते-धमकाते थे और उनकी बातों में आकर उनसे धन की मांग करते थे।

# सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाना अपराध

**कानपुर, वार्ता**

■ **उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोगों को किया जागरूक, यह भी बताया कि हम अपने अकाउंट को कैस सुरक्षित रख सकते हैं**

उत्तर प्रदेश की कानपुर पुलिस ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करते हुये कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिरूपण करना अपराध है, जो कि जानकारी के अभाव में किया जा रहा है और इसकी शिकायत साइबर सेल में आये दिन प्राप्त हो रही है।

पनकी औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की साइबर सेल द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में सलाह दी गयी कि यदि हम साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहेंगे तो इससे हम बच सकते हैं। टीम ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हमारा जागरूक होना सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे अपराधों में अपराधी हम से सूचना लेकर परेशानी में डाल सकता है। सोशल मीडिया फ्रॉड के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फाइनेंसियल फाड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हम अपने सोशल मीडिया अकाउंट को सेफ रख सकते है। सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित करने के लिये हमें अपने फोन में दो चरणीय सत्यापन को सक्रिय करने के साथ-साथ प्रोफाइल लाक रखना चाहिये, इससे कोई भी हमारा अकाउंट हैक नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास भी करता है तो आपके पास अलर्ट मैसेज आ जाएगा। साइबर अपराध के नए-नए तरीकों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि अपने सोशल मीडिया मित्रों को व्यक्तिगत जानकारी देने से बचें इससे भी कई बार साइबर अपराध होना पाया गया है। इस मौके पर उन्होंने अपराधियों के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कई एप्लीकेशन के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव का तरीका भी सहज और सरल तरीके से बताया जो कि आमजनमानस को काफी पसंद आया। साथ ही साथ ओएलएक्स पर समान खरीदने बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, बैंक में केवाईसी अपडेट के नाम पर फ्राड, एटीएम एक्सचेंजिंग व एईपीएस फ्राड, केबीसी की लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, बिजली भुगतान के नाम पर धोखाधड़ी, नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने की घटनाओं के बारे में सैकड़ों की संख्या में मौजूद व्यापारी व आमजनमानस को बताया। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने व इनकी रोकथाम के लिये डीसीपी अपराध धर अपराध जागरूकता अभियान के क्रम में इंडस्ट्रियल एरिया पनकी चौकी में साइबर अपराध बचाव गोष्ठी में आमजनमानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर साइबर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कपिल देव लसह महदय, क्राइम सेल की टीम के उपनिरीक्षक आकाश चौधरी, कांस्टेबल विजय मौर्या व कांस्टेबल मुकेश कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

## सत्ता में मौका मिलने पर परिवार के बारे में सोचते हैं देश तोड़क तत्व: योगी

# देश को बांटने वालों से सावधान रहने की जरूरत

**गोरखपुर, वार्ता**



**सीएम ने ट्रेड यूनियन का भी उल्लेख किया और कहा कि ट्रेड यूनियन जहां भी विकसित हुई, वहां व्यवस्था को नष्ट कर दिया। हमारी मांगें पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो, यह हमारा नारा नहीं हो सकता**

**ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि देश को तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है**

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं।

सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन हुए उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है, तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्धसुमन अर्पित किए। जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है।

### उप्र सरकार घुसपैठियों की हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी से कर रही पहचान

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए फूल प्रफू प्लान तैयार कर लिया है, जो पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा। योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही है, जिससे घुसपैठियों की प्रदेश में छुपकर रहने की कोशिशों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके। एक वरिष्ठ अिधकारी के मुताबिक योगी सरकार डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर रही है, जो अभेद होगा। योगी सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है।

### सीएम योगी ने उप्र में आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन पर जोर

**लखनऊ।** सीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है।

# चुनाव प्रणाली की खामियां दूर करने को तीन सुधार जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी जरूरी: मायावती**

**लखनऊ।** संसद में चुनाव सुधारों को लेकर जारी चर्चा के बीच बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने चुनावी प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए तीन बड़े सुधारों की जोरदार वकालत की है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है। मायावती ने एक्स पर लिखा कि पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोध नहीं करती। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं। बसपा प्रमुख ने सुझाव दिया कि सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास का मुद्दा भी गंभीरता से उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद कई राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी सार्वजनिक करने से बचते हैं।



सेंसेक्स 84666.28
निफ्टी 25839.65



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 179025
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



■ **सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक टूटे**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी मजबूती रही। आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सरकारी बैंकों, रसायन और रियलिटी समूहों में निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर लगभग 4.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का करीब दो फीसदी लुढ़क गया।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील में 1.7 फीसदी से अधिक की गिरावट रही। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। एटरनल और टाइटन के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े।

### इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री नवंबर में 62 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में इस साल नवंबर में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि दुपहिया में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। वाहन डीलरों के संगठन सियाम के जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश में कुल 9,174 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। इस साल नवंबर में यह संख्या बढ़कर 14,850 इकाई पर पहुंच गई। इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 6,153 और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 3,693 वाहन बेचे हैं। दुपहिया ई. वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 2.51 प्रतिशत घटकर 1,16,982 इकाई रह गई।

## भारतीय उर्वरक संघ हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर देगा जोर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार और गुरुवार को आयोजित होने वाले भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) के दो दिवसीय सम्मेलन में हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर जोर रहेगा।

एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ एस- शंकर सुब्रमण्यम ने यह जानकारी यहां मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए उर्वरक क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग संतु. लित पोषण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुब्रमण्यम ने बताया कि इस सम्मेलन में दुनिया भर के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ और किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उदघाटन केमिकल्स एवं फर्टिलाइज़र्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा भी मौजूद होंगे।

हरित भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधन किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सम्मेलन उर्वरक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में आईएनएम, वैकल्पिक उर्वरक, जलवायु-रोधी उत्पाद और मिट्टी स्वास्थ्य सुधार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# कौशल प्रशिक्षण में गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **यूपीएसडीएम की ओर से कार्यक्रम**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सबसे कमजोर तबकों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आरक्षण-आधारित प्रणाली लागू करने की कवायद शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के तहत अब प्रशिक्षण से लेकर सेवायोजन तक अति गरीब वर्ग के पहचाने गए परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह पहली बार है जब आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्ग को कौशल विकास ढांचे में विशेष दर्जा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने यूपीएसडीएम के सभी कार्यक्रमों में प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाई है और महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए विशेष आरक्षण कोटा निर्धारित किया है। नई व्यवस्था के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए और पांच प्रतिशत आरक्षण दिव्यांगजन के लिए अनिवार्य किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में इस वर्ष 1,475 बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिनमें से 575 अभ्यर्थी दिसंबर तक प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए निर्देशों से कार्यक्रम की संरचना में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं, जिससे हाशिए पर रहने वाले समूहों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। अधिकारी के मुताबिक, प्रयागराज में अब तक करीब 28,000 अति गरीब परिवार चिह्नित किए जा चुके हैं और इनके सदस्यों को प्रशिक्षण सत्रों व जॉब फेयर के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि इस अभियान की शुरुआत दो अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांत्राी जयंती पर की थी। इस पहल के तहत हर ग्राम पंचायत में 10 से 25 अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की गई है, जिन्हें विभिन्न विभागों की प्रत्यक्ष लाभांतरण योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है।

## कड़ा धाम में सुविधाओं का विस्तार श्रद्धालुओं को मिलेगा सुविधाजनक माहौल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण हो गया है।

करीब 2.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।'

मंत्री ने बताया कि 'प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बघ केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुघ स्थल है। आगंतुकों को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।'

सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है। माना जाता है कि द्वापर युग में युधिष्ठिर अपने वनवास समय में कड़ा धाम देवी दर्शन के लिए आए। यहां उन्होंने गंगा किनारे शीतला देवी का मंदिर बनवाया और महाकालेश्वर शिवलिग की स्थापना की। वर्तमान में मां शीतला देवी का मंदिर भव्य स्वरूप ले चुका है। आज वही प्राचीन स्थल भव्य रूप में भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बन चुका है। यहां पूर्वांचल के जिलों के साथ-साथ देश के अन्य कोने से भी लोग शक्ति आराधना को आते हैं। मंदिर में माता शीतला को गर्दभ की सवारी करते दिखाया गया है।

# विशाल अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन भारत मंडपम में

**लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और दिल्ली के मंत्री व विद्वान भाग लेंगे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




■ **स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में हर मास एक उपवास अभियान का शुभारंभ**

**नई दिल्ली।** दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत योग ऋषि स्वामी रामदेव और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के पावन मार्गदर्शन में यह दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन होने जा रहा है। जनमंगल की सम्यदृष्टि उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतनष पर केंद्रित होगा।

12-13 दिसम्बर को इस सम्मेलन में हर मास-एक उपवास महाभियान के शुभारंभ पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली के केबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, इंडिया टीवी चेयरमैन श्री रजत शर्मा, जाने माने लीवर विशेषज्ञ डा. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. अनुराग वार्ष्णेय जी गरिमा प्रदान करेंगे और संबोधन देंगे।

पूज्य बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे, वहीं पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज और महंत बालकनाथ योगी जी महाराज पावनष सानिध्य प्रदान करेंगे। आप साक्षी हैं कि दुनिया के जनमंगल हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ से योग पूरी दुनिया में हरिद्वार से हर द्वार तक पहुंचा और मानवता को वरदान मिला। ठीक उसी प्रकार आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अतुलनीय 557 दिवस तक निरंतर उपवास करके द्धऔर अब तक 3500 से अधिक उपवास करके उपवास साधना शिरोमणी की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

अब दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए हर मास -एक उपवास का महाभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है, ताकि समस्त सिद्धिदायक उपवास महामंत्र से मानवता का कल्याण हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आखिरकार लापता छात्राएं बरामद

## आजाद जिंदगी जीने के लिए पन्द्रह नवंबर को छोड़ा था घर, परिजनों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र से रहस्यमय ढंग से 15 नवंबर को लापता हुई दो छात्राएं 23 दिन बाद पंजाब के लुधियाना से बरामद कर ली गई हैं। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद मंगलवार को दोनों छात्राओं को बिजनौर लाकर वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। छात्राओं के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है।



प्राप्त समाचार के अनुसार लापता हुई छात्राएं एक इंटर कॉलेज में नौवीं और इंटरमीडिएट में पढ़ रही थीं। 15 नवंबर को वे सुबह स्कूल के लिए घर से निकलीं थी, लेकिन स्कूल न पहुंचकर रहस्यमय ढंग से लापता हो गईं थी। उनके लापता होने के मामले की जानकारी मिलते ही परिवार ने गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद कई दिनों तक कोतवाली में धरना-प्रदर्शन हुए और मामला सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चाओं में रहा। यहां तक कि पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगे। पुलिस पर आरोप लगाए गए कि उसने शहर कोतवाली में धरना दे रहे ग्रामीणों के साथ खींचतान की। इस मामले को साम्प्रदायिक रंग देने का भी प्रयास किया गया। सोशल मीडिया पर जहरीले बयान भी वायरल हुए। दोनों छात्राओं के फोटो भी वायरल किए गए। एक बार तो ऐसा लग रहा था कि जनपद का माहौल तनावपूर्ण हो जाएगा। पुलिस को धरनाप्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी जा रही थी।

दूसरी तरफ मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अभिषेक ने सहारनपुर से बांद्रा तक 67 रेलवे स्टेशनों पर दो-दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की। लगातार सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने छात्राओं को लुधियाना से खोज निकाला। एसपी के अनुसार बुधवार को दोनों के बयान न्यायालय में दर्ज कराए जाएंगे। एसपी ने बताया कि नौवीं की छात्रा पर घर में रोक-टोक ज्यादा थी, जबकि इंटर की छात्रा पर परिवार शादी का दबाव बना रहा था। इसी वजह से दोनों स्वतंत्र जीवन जीने के लिए घर से निकल गईं। पुलिस के अनुसार छात्राएं बिजनौर से बस द्वारा सहारनपुर पहुंचीं। वहां टपरी रेलवे स्टेशन से दोनों बांद्रा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गईं। सूरत में उतरकर उन्हें माहौल सुरक्षित नहीं लगा और वे दोबारा ट्रेन से रतलाम पहुंचीं। रतलाम में पैसे खत्म होने पर इंटर की छात्रा ने अपने टॉप्स साढ़े सात हजार रुपये में बेच दिए। इसके बाद दोनों ट्रेन से लुधियाना पहुंच गईं। घर से निकलते समय दोनों के पास मात्र दो हजार रुपये ही थे। सूत्रों के अनुसार दोनों छात्राएं 20 नवंबर से लुधियाना में ही थीं। उन्होंने वहां किराए पर कमरा लेकर 10 हजार रुपये महीने की नौकरी भी पकड़ ली थी। बताया जा रहा है कि स्वतंत्र जीवन जीने की चाह में उन्होंने घर छोड़ने का फैसला लिया था।

इस दौरान पुलिस की स्वाट, सर्विलांस और कोतवाली पुलिस की करीब 30 टीमें तथा 100 से अधिक पुलिसकर्मी लगातार तलाश में जुटे रहे। भारी संख्या में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसके बाद पुलिस को सफलता मिली। एसपी अभिषेक ने पुलिस टीम को ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने भी छात्राओं के बरामद होने पर राहत की सांस ली है।

# झालू में आवारा कुत्ते का मासूम बच्चे पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बे के मौहल्ला जोशियान में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आज खेल रहे चार वर्षीय मासूम शान्तनु पुत्र कपिल शर्मा पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे के चेहरे पर गहरे घाव आए हैं।

घटना के समय शान्तनु घर के बाहर खेल रहा था। तभी आवारा कुत्ता अचानक उस पर झपट पड़ा और उसे काटकर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बच्चे को कुत्ते से बचाया। परिजन उसे तत्काल बिजनौर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के चेहरे पर कई गहरे घाव हैं और 55 टांके लगाए गए हैं। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रैफर कर दिया गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जोशियान क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है और वे



### 55 टांकों के बाद मेरठ रैफर

आए दिन राहगीरों व बच्चों को डराते-धमकाते रहते हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर प्रशासन की लापरवाही के चलते स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। क्षेत्रवासियों ने शीघ्र अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने और मौहल्ले को सुरक्षित बनाने की मांग की है। इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है और हर कोई मासूम शान्तनु के स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

उधर घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए नगर पंचायत चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जोशियान मौहल्ले में मासूम बच्चे के साथ हुई यह घटना अत्यंत दु:खद और चिंताजनक है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 38 कुत्तों का टीकाकरण कराया गया है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। घायल बच्चा शान्तनु के स्वस्थ होने की हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और उसके परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। चेयरमैन ने यह भी आश्वा. सन दिया कि नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर प्रभावी रोक लगाने के लिए टीमों का गठन कर शीघ्र ही टीकाकरण अभियान तुरंत शुरू किया जाएगा।

# सांसद इकरा हसन ने वंदे मातरम पर सरकार को दिखाया आईना : प्रो.ललित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रो. (डॉ.) ललित राजपूत ने कहा कि आज के समय में राजनीति में नौजवान शिक्षित पीढ़ी का राजनीति में होना क्यों जरूरी है। इसका एक सजीव उदाहरण कल देर शाम पेश किया गया।



जब देश की संसद में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर चर्चा के दौरान कैराना से उच्च शिक्षित और राजनीति में विलक्षण प्रतिभा की परिचायक बड़ी बहन इकरा हसन ने बहुत ही बखूबी अंदाज में सत्ताधारी दल को आज के भारत की हकीकत से रूबरू कराया। अपनी उच्च शिक्षा व राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण इकरा कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है।

डॉ. ललित ने कहा कि इकरा ने 'वंदे मातरम' का अर्थ बताते हुए कहा कि देश के जल, जंगल, जमीन, हरियाली और निर्मल हवा की वंदना को समर्पित है। ये भारत के जन जन की मंगल कामना करता है कि भारत का हर नागरिक स्वस्थ रहे। सुरक्षित रहे और सम्मान के साथ जी सके। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर मुस्लिमों को कठघरे में खड़ा करने पर भी सवाल उठाए और कहा कि 'भारतीय मुसलमान इंडियन बाय चॉइस है, बाय चांस नहीं'। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के किन छंदों को अपनाया जाए ये फैसला नेता सुभाष चंद्र बोस और गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर के परामर्श से हुआ था। क्या अब हम उन महान नायकों की समझ पर सवाल उठाएंगे? आज के समय में वंदे मातरम सिर्फ अतीत की ललकार नहीं। ये वर्तमान की जिम्मेदारी है। ये आत्ममंथन की घड़ी है। यही समय है कि हम वंदे भारत को सिर्फ नारा नहीं नीति और जिम्मेदारी बनाए।

# साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

## आत्मरक्षा, महिला सुरक्षा कानूनों और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत एक विस्तृत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के महत्व तथा बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम, फर्जी कॉल, ई-वॉलेट, ओटीपी धोखाधड़ी तथा बैंकिंग फ्रॉड जैसे साइबर अपराध आज तेजी से बढ़ रहे हैं। जिनसे बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। छात्राओं को संदिग्ध लिंक न खोलने, अजनबियों से चौट न करने, अपनी निजी जानकारी साझा न करने और किसी भी घटना की तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने छात्राओं को मिशन शक्ति के उद्देश्य, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098 समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस हमेशा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है। कांस्टेबल अंकुर तोमर, शुभम राठी, राजीव कुमार तोमर (फौजी) और आकाश चौधरी ने साइबर जागरूकता से जुड़े व्यावहारिक उदाहरण साझा किए। महिला कांस्टेबल मीनाक्षी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के सरल टिप्स और वास्तविक स्थितियों में सजग रहने के तरीके बताए।

कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य चारू ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### बाल-बाल बची चार जानें



**बिजनौर।** अपनी नई बलेनो कार संख्या यूके 06 बीपी 4533 से शाहरूख दोस्तों के साथ रूद्रपुर से आज शाम ज्वालापुर (हरिद्वार) जा रहा था। कोतवाली देहात व नगीना के बीच में ग्राम रोशनपुर प्रताप के समीप एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में उनकी कार अनियंत्रित हो गई। पीछे से आ रही रोडवेज बस ने भी कार में टक्कर मार दी। कार चारों तरफ घूम गई और बीच में मौजूद रैलिंग को तोड़ कर दूसरी तरफ पहुंच गई। कार के अंदर मौजूद चारों युवकों को एक खरोच भी नहीं आई। जिससे उन्होंने राहत की सांस ली।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने की और संचालन दुष्यंत कुमार ने किया। गन्ना घटौली बंद की जाए और गन्ना क्रय केंद्रों पर छापामारी की जाए। बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए। चीनी मिलों पर मैन्युअल कांटे लगाए जाए। नहर से किसानों के गेहूं में पानी भर गया, उसके नुकसान का मुआवजा दिया जाए। बिजली घर जालपुर फाइटर के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। किसानों के नलकूप पर चोरी का खुलासा नहीं हो रहा। डीएपी, यूरिया खाद की उपलब्धता कराई जाए। नहर से संबंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन नहर खंड छह के अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद लांबा को दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मुख्य महासचिव मुकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सत्यपाल सिंह, मुकुल कुमार, परवेज आलम, रविंद्र सिंह, सूरज, पप्पू, सोनू गिरिराज, साजिद, विजय, ऑर्जेंद्र, डॉ. शरीफ, रुकन राजपूत, संतराम सिंह, रोहित कुमार, ज्ञान सिंह, प्रमोद, अभिषेक, हिमांशु, अश्वनी, योगेंद्र सिंह, बलराम, सत्यपाल आदि किसान उपस्थित रहे।

### मुरलीवाला में हाथियों का उत्पात



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला में बीती देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों की गन्ने की फसलों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने कई बीघा क्षेत्र में खड़ी गन्ने की फसल को रौंदते हुए भारी नुकसान पहुंचा दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर झुंड तो जंगल की ओर लौट गया, लेकिन तब तक किसानों की मेहनत पर पानी फिर चुका था। पीड़ित किसानों का कहना है कि हाथियों के हमले से उनकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं और उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। कई किसानों ने बताया कि गन्ने की फसल लगभग तैयार थी जिसे बेचकर वे पूरे साल का खर्च चलाते हैं, लेकिन अचानक हुए इस हमले से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की जानकारी दी, लेकिन वन विभाग की टीम देर से पहुंची। किसानों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार कई दिनों से हाथियों की गतिविधियां बढ़ी हुई थीं। इसके बावजूद उचित जंगल चौकसी नहीं बढ़ाई गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों का सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए और ग्राम के आसपास वन विभाग की गश्त बढ़ाई जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। घटना के बाद ग्राम में दहशत का माहौल बना हुआ है और किसान लगातार अपने खेतों में चौकसी कर रहे हैं।

# कुरान हिफ्ज करने पर दस्तारबंदी

## दीनी व दुनियावी तालीम पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** मदरसा अल-महद अल इस्लामी में हिफ्ज कुरान पाक पुरा करने पर बच्चों की दस्तारबंदी की गई। जलसे की निजामत मौलाना मौहम्मद फैसल ने की। सदारत मौलाना याहया ने की।



जलसे को खिताब फरमाते हुए हजरत मुफ्ती मौहम्मद शाहिद अमरोहा ने अपने प्रभावशाली बयान में तालीम और हिफ्ज ए कुरआन की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि तालीम के साथ दीनी तालीम हासिल करना बहुत जरूरी है। इसलिए अपने बच्चों को कुरान पाक की तालीम दिलाकर एक अच्छा आलिम बनना जरूरी है। मदरसे में दो दर्जन से ज्यादा बच्चों की दस्तारबंदी के साथ बच्चों को सम्मानित किया गया। हिफज पुरा करने वालों में अबू हुरैरा, मौहम्मद अफ्फान पुत्र मौहम्मद इरफान, मौहम्मद शादाब, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद अर्श, मौहम्मद हुजैफा, नजीबुर्रहमान, मौहम्मद शमशाद, मौहम्मद समीर, मौहम्मद फरमान व उमैर शामिल थे।

इस मौके पर मदरसा के सदर मुफ्ती वहाजुद्दीन कासमी ने सभी मेहमानों और उलेमाओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में उलेमाओं के साथ सामाजिक गणमान्य लोग शामिल रहे। मुफ्ती इफ्तिखार, मौलाना अबरार कासमी, कारी सदाकत, कारी बिलाल, मौलाना आदिल, कारी शमीम, कारी फखरुद्दीन, इमरान मैराजी, हकीम कारी, असरारुल हक, काजी इदरिस आदि मौजूद रहे। हजरत मुफ्ती शाहिद साहब ने पूरे मुल्क की सलामती, भाईचारे के लिए दुआ कराई।

# चर्चित शातिर ठग से जनता बेहद परेशान

## नाई से लेकर कसाई भी शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मौहम्मदपुर देवमल।** क्षेत्र के चर्चित शातिर ठग से जनता बेहद परेशान है। पुलिस भी इस शातिर ठग के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र में कई दलाल व सफेदपोश ठग सक्रिय है। इनके द्वारा समझौता कराने, कोर्ट की कार्यवाही से बचाने एवं पेड़ कटवाने के नाम पर लोगों से रकम ले ली जाती है। अधिकारियों को देने के नाम पर रकम ली जाती है। लेकिन इसके बावजूद काम नहीं होता है। फिर इनके शिकार बने लोग रकम वापसी के लिए घरों के चक्कर लगाने को मजबूर होते है। एक चर्चित शातिर ठग ने तो रिकार्ड तोड़ रखे है। यह सबसे बड़ा नटवरलाल साबित हो रहा है। इसने कई दर्जन लोगों को अपना शिकार बना लिया है। फिर भी यह कानून की जद में नहीं आ रहा है। इसके खिलाफ कई बार थाने में तहरीर भी दी गई। लेकिन पुलिस पता नहीं किस वजह से इसके खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है। इसका शिकार बनने वाले घर के चक्कर लगाते-लगाते थक जाते है और यह घर के अंदर से ही मना करा देता है। कभी जवाब मिलता है कि फील्ड में गए हुए है और कभी इनके पिता बीमार होने का हवाला दिया जाता है। एक बार भी इनके दर्शन नहीं हो पाते है। नाई से लेकर कसाई भी इसके शिकार बन चुके है। सूत्रों के मुताबिक यह विभिन्न अधिकारियों के नाम पर भी ठगी कर लेता है। लेकिन फिर भी कानून के शिकंजे में नहीं फंस पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस शातिर ठग को सफेदपोशों का संरक्षण मिला हुआ है। जो इससे अपना काम निकालते है। सूत्रों का कहना है कि इसके द्वारा बदले में सफेदपोशों को भी रकम दी जाती है। यह पीड़ित जब संरक्षण देने वाले सफेदपोशों के पास पहुंचते है, तो वह उल्टा यह कह कर बैरंग लौटा देते है कि हम से पूछ कर रुपए दिए थे क्या। बहरहाल इस शातिर ठग ने क्षेत्र की जनता का जीना हराम कर रखा है। अब देखना यह है कि कानून के शिकंजे में ठग कब फंसता है।

# मंडावर में गुलफाम गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मंडावर में आठ दिसम्बर को वादिनी ने तहरीर दी थी कि तीन नवम्बर को अभियुक्त गुलफाम पुत्र जुल्फकार निवासी ग्राम गंजालपुर ने छेड़छाड़ करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया है।

# एमएस ट्रेडर्स के स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** राज्य कर अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि फर्म एमएस ट्रेडर्स द्वारा 29 जुलाई 2022 को प्रांतीय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पंजीयन प्राप्त किया गया था। लेकिन सर्वे के दौरान फर्म स्वामी का व्यापार स्थल के नहीं मिलने व फोन रिसीव नहीं करने के कारण उक्त पंजीयन 3 सितंबर 22 को निरस्त कर दिया गया था। आरोप है कि फर्म स्वामी ने माह अगस्त 22 में फर्म भगवती ट्रेडर्स को 12231667 रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दिखाते हुए 2201700 रुपए की आईजीएसटी की आईटीसी पस ऑन किया गया। जबकि फर्म एम एस ट्रेडर्स GSTIN 09BQWPA9094B2ZE द्वारा कोई इन्वर्ड सप्लाई प्राप्त नहीं किया गया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

# फूलमालाओं से जोरदार स्वागत



**नूरपुर।** भाजपा पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली, मुंबई के वरिष्ठ भाजपा नेता महासचिव वसीम खान, मुंबई के व्यापारी भाजपा नेता फजलुर्रहमान अंसारी के नूरपुर निवास पर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वसीम खान, बासित अली का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार में हर व्यक्ति खुशहाल हैं। एसआईआर को लेकर सरकार की नीति बिल्कुल साफ है। किसी को भी एसआईआर को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों के एसआईआर फार्म नहीं भरे गए वह अपने एसआईआर फार्म भरवाने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास पर काम कर रही है। कांग्रेस, सपा पार्टी मुसलमानों में भाजपा का डर दिखाकर अपनी राजनीति कर रही है। अब देश की जनता इन पार्टियों के बहकावे में आने वाली नहीं है। देश की जनता भाजपा सरकार में अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है।स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महामंत्री चौधरी अजय वीर सिंह एड., पूर्व मंडल अध्यक्ष व भाजपा नेता धर्मेंद्र जोशी, भाजपा नेता मौलाना गुलाम नबी, युवा भाजपा नेता अंकित जोशी, भाजपा नेता डा. नफीस गुरलेज अंसारी, एड. अनुज चौधरी, तकदीस अंसारी, फारूक मकरानी, फुरकान अहमद आदि मौजूद थे।

# जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक

## बैठक में रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष (संगठन) जावेद अंसारी ने किया।




बैठक में मुख्य रूप से 14 दिसम्बर को होने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

रैली को ऐतिहासिक बनाने तथा बिजनौर जिले से अधिकतम जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्ययोजना तैयार की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए 14 दिसम्बर की रैली में बिजनौर से भारी संख्या में लोगों को शामिल कराने का संकल्प लिया। इसी क्रम में आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संसदीय दल की नेता श्रीमती सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यकार्ताओं ने केक काटकर तथा फल वितरित करके जन्मदिन की बधाई दी। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजन एवं आमजन से अपील की है कि 14 दिसम्बर को राहुल गांधी की रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

बैठक में ओमवती देवी (पूर्व सांसद), आर.के. सिंह (पूर्व आईएएस), एड. विक्रम सिंह, विना. द तोमर, अनिल त्यागी, अब्दुल समद आजाद, शाह आलम, मौहम्मद मतीन, मौहम्मद सलीम, हुकुम सिंह, मीनू गोयल, मास्टर रामपाल, इकबाल ठेकेदार, अहसन जमील, हरि सिंह सागर, जसराम सिंह, चौधरी लताफत हुसैन, विश्वमोहन, हाजी नसीम, सुनीता देवी, राशिद हुसैन, प्रदीप ठाकुर, हाजी अहसान, मकसूद, दीपक, सुकंदीलाल, मिंटू, अंकित और अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ग्रामीणों का थाने पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला जोशियान पश्चिमी से करीब ढाई माह से लापता कक्षा 8 की 15 वर्षीय छात्रा मुस्कान का कोई सुराग नहीं लगने पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन करते हुए बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने चार दिन का आश्वा. सन दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे नहटौर के मौहल्ला जोशियान पश्चिमी के दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष थाने पहुंचे। उन्होंने कक्षा आठ में पढ़ने वाली 15 वर्षीय मुस्कान को बरामद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बताया जाता है



छात्रा को बरामद करने की मांग

19 सितंबर को मुस्कान घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी। लेकिन उसके बाद लापता हो गई। उसकी रिपोर्ट नहटौर थाने में भी दर्ज कराई लेकिन करीब ढाई माह बीत जाने के बाद भी उसका कोई अता पता नहीं लग सका है। मुस्कान का कोई सुराग नहीं लगने पर परिवार के लोग परेशान हैं और पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। बलराम दत्त शर्मा, पंडित सोम दत्त शर्मा, अशोक शर्मा, प्रदीप जोशी, राजकुमार शर्मा, धनीराम जोशी, नरेश शर्मा, मोनू जोशी, शुक्ला जोशी, सन्नी जोशी, पिनू शर्मा, संजय जोशी, अमित जोशी, परवेन्द्र शर्मा, पंकज जोशी, आशु भार्गव, प्रशांत शर्मा, सुशील शर्मा, विशाल शर्मा, अरविंद जोशी, रितेश शर्मा, नीरज जोशी आदि थाने पहुंचे। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मुस्कान की बरामदगी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कई टीम लगाई गई है। फोन नंबरों की सीडीआर निकलवाई गई है।

## भाकियू की बैठक में जानवरों द्वारा जनहानि तथा फसलों के नुकसान पर चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक में जानवरों द्वारा जनहानि तथा फसलों के नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में गुलदार, संरक्षित पशु तथा बंदरों का आतंक चरम पर है। ग्राम आनंद खेड़ी तथा हीमपुर में पिछले 15 दिनों से बंदरों ने भारी उत्पाद मचा रखा है। गुलदार लगातार किसानों पर हमले कर रहे हैं। संरक्षित पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस ओर प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि शीघ्र ही बंदरों तथा संरक्षित पशुओं की समस्या का समाधान नहीं किया गया तब संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा। संरक्षित पशु फसल में नुकसान कर रहे हैं। उन्हें पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। ब्लॉक कोतवाली के गांव में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो रही है। गावों में सफाई कर्मचारी भेज कर सफाई कराई जाए। इस दौरान फुंके हुए विद्युत ट्रांसफार्मर बदलवाने, बकाया गन्ना भुगतान दिलाने, बिजली के बिलों में हो रही गड़बड़ियों को सही करने की मांग की गई। बैठक का संचालन राहुल चौधरी ने किया। बैठक को डा. धर्मवीर सिंह, धीर सिंह, सचिन प्रधान, ओमप्रकाश सिंह, डा. विजय सिंह, सिंह राम भजन सिंह, महेंद्र सिंह, शाहिद, पुखराज सिंह, धर्मेंद्र, मूलचंद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### डा. मनोज वर्मा ने किया उद्घाटन



**स्योहारा।** स्टेशन रोड पर केनरा बैंक के निकट आरआर ब्यूटी प्लेस का भव्य उद्घाटन नगर के सम्मानित समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान क्षेत्रीय लोगों में उत्साह दिखा और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि स्योहारा नगर विकास और रोजगार की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे प्रतिष्ठान युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने ब्यूटी प्लेस के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छा कार्य और बेहतर सेवा ही किसी भी व्यवसाय की असली पहचान होती है। उद्घाटन अवसर पर मौलाना खालिद, मुफ्ती कामरान, तनवीर चौधरी, अब्बास शेख, फैजाल मंसूरी सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे। ब्यूटी प्लेस के स्वामी राशिद उर्फ शाहरुख ने बताया कि सैलून में सभी आधुनिक सुविधाएं और उच्च गुणवत्ता वाले ब्यूटी प्रोडक्ट उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को यहां बेहतर सेवा उचित दामों पर प्रदान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. मनोज वर्मा द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पांच सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा



**स्योहारा।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत सट्टा व जुआ गतिविधियों पर सख्ती जारी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार के मार्गदर्शन और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच सट्टेबाजों को दबोच लिया। अभियान के दौरान पुलिस ने मौके से 8,770 रूपए नगद, एक सट्टा पर्ची, डायरी, नीला पेन, अर्धजली मोमबत्ती और माचिस बरामद की। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार अभियुक्त केशव पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम नेजो वाली गाड़ी नगीना, हनीफ पुत्र सादिक निवासी मौहल्ला कस्बा, समीर पुत्र निजामुद्दीन निवासी मौहल्ला शेखान, मौहम्मद आफताब पुत्र जहीर निवासी मौहल्ला खालिक नगर, मुन्ना पुत्र दुर्गा सिंह निवासी मौहल्ला खालिक नगर हैं।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला बेगम सराय एवं गांव कादराबाद में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में एक व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान में स्थानीय प्रशासन, महिला पुलिसकर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों की संयुक्त टीम ने प्रतिभाग किया। टीम ने मौहल्लों व गांव में घूमकर महिलाओं से सीधे संवाद किया तथा उन्हें सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला सहायता 181, चाइल्डलाइन 1098 तथा घरेलू हिंसा की स्थिति में किए जाने वाले कानूनी उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह व कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक राजीव कुमार तथा महिला सब इंस्पेक्टर रीनू पंवार सहित पुलिस टीम ने महिलाओं को यह भी समझाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत शिकायत करना क्यों जरूरी है और शासन द्वारा उन्हें किस प्रकार सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की विभिन्न चरणबद्ध योजनाओं जागरूकता, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की विस्तृत जानकारी भी दी गई। महिलाओं को स्व-रोजगार, सिलाई-कढ़ाई, स्वरोजगार समूह, बैंकिंग सुविधा, पोषण योजना और बेटियों की शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं के बारे में प्रेरित किया गया। टीम ने जागरूकता पर्चे भी वितरित किए तथा बच्चों व किशोरियों को गुड-टच, बैड-टच की जानकारी देकर सतर्क रहने की सलाह दी। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुई और कार्यक्रम की सराहना की। कई महिलाओं ने कहा कि इस तरह की जानकारी उन्हें आत्मविश्वास देती है और समाज में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने की प्रेरणा भी। वहीं अफजलगढ़ थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने आश्वा. सन दिया कि अफजलगढ़ नगर एवं आसपास के मौहल्लों में ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि हर महिला तक सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की समझ पहुंच सके। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के आलावा अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक राजीव कुमार तथा महिला सब इंस्पेक्टर रीनू पंवार आदि उपस्थित रहे।

### दिल्ली रैली में पहुंचने का आह्वान

**नहटौर।** मौहल्ला सादात सहदरी में कांग्रेस पार्टी के आयोजित कार्यक्रम में 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस मौके पर एसआईआर में कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली राहुल गांधी की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर पार्टी की जिला अध्यक्ष हेन. रीता राजीव सिंह, पूर्व आईएएस आरके सिंह, जिला उपाध्यक्ष हुकुम सिंह, सलीम अहमद, रामपाल सिंह, नगर अध्यक्ष जहांगीर सुईट, मीनाक्षी सिंह आदि मौजूद रहे।

## मनरेगा योजना में 100 दिन का कार्य 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना में 100 दिन का कार्य 31 मार्च तक पूरा करें, जिन मजदूरों की केवाईसी नहीं हुई है। वह अपनी केवाईसी करा लें, न होने पर उन्हें मनरेगा योजना के काम से वंचित रखा जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक कार्यालय के सभागार में आयोजित मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में अधिक से अधिक मजदूरों को इतना काम दें ताकि 31 मार्च तक 100 दिन का काम पूरा हो सके। उन्होंने कहा जिन मजदूरों की केवाईसी नहीं हुई है, वह अपनी केवाईसी समय से करा लें। केवाईसी के बिना ग्राम पंचायत में कार्य न देने के निर्देश दिए गए। मनरेगा के लक्ष्य को 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर, सलालपुर, सफकतपुर, अकबरपुर देवमल, सलेमपुर सहित गांव में राशन डीलर दुकानों का चयन हुआ है। इनकी दुकान शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। जो मजदूर काम नहीं कर रहा है, उस मजदूर को नोटिस देने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। दिए गए नोटिस की रिपोर्ट तत्काल ब्लॉक कार्यालय को उपलब्ध कराए। इस अवसर पर एपीओ मयूर सैनी, सहायक तकनीकी राजपाल सिंह, हेमेंद्र कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मासिक पंचायत में गरजे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने किसानों की अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति चांदपुर में मासिक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में किसानों ने गरजते हुए कहा कि बिना धरना प्रदर्शन और आंदोलन किए न अधिकारी मानते है और न सरकार तक आवाज पहुंच पाती है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने गन्ना समिति चांदपुर में संपन्न हुई पंचायत में कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि किसानों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को गुलदार की सूचना



समस्याओं के समाधान की मांग

देने पर भी विभाग पिंजरे समय से नहीं लगा पा रहा है। सिंचाई विभाग से नहर में पानी छोड़ने से पहले अपने अधिकारियों से जांच करा लेने, आवारा पशुओं से किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है ऐसे आवारा पशुओ को पकड़वाकर गौशालाओं मे पहुंचाने और गौशालाओं मे पशुओं को ठीक से रखने के साथ साथ गौशालाओ मे पशुओं की संख्या बढ़ाई जाने की मांग उठाई।

मासिक पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर न अधिकारी गंभीर है और न ही सरकार किसानों की सुनती है। जिला उपाध्यक्ष चौधरी लुधियान सिंह, ब्लाक महासचिव तेजवीर सिंह, राहुल चिकारा, नरेंद्र सिंह तोमर ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

पंचायत मे फरमान खान, सुनील कुमार, इकबाल अहमद, मौहम्मद आशिक आदि किसानों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता व मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने दी है।

# अवैध रुप से काटी जा रही कालोनियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भूमाफियाओं द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से बिना नक्शा पास कराये नगर क्षेत्र में अवैध रुप से कालोनियां काटकर सरकार को चूना लगाने का खेल बड़े पैमाने पर जारी है।

तहसील प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के रहमों करम पर भूमाफियाओं द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी काटे जाने के मामलों में दिनों दिन बढ़ोतरी होती जा रही है। भूमाफियाओं द्वारा बिना नक्शा पास कराये ही अवैध कालोनियां काटकर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाने की शिकायत समय-समय पर की जाती रही है। लेकिन किसी भी शिकायत का भू माफियाओं या अधिकारियों पर कोई असर होता नहीं दिखाई दे रहा है। नगर के मौहल्ला



शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी मौन

कस्बा, मौहल्ला लाल सराय, मौहल्ला कायस्थ सराय, मौहल्ला शाहजहीर, मौहल्ला नेजो वाली गांवडी, सेवा वाली गांवड़ी, पहाडी दरवाजा, मौ. चोधराना, आजाद कॉलोनी लाइनपार, सैयदवाडा, नई बस्ती, कलालान, बढ़ापुर रोड, अकबराबाद रोड, नगीना-धामपुर मार्ग, नगीना-कोतवाली.रोड सहित नगर के चारों ओर के मुख्य मार्गो के पास बिना रजिस्ट्रेशन व बिना नक्शे के अवैध कॉलोनिया काटने का क्रम बड़े पैमाने पर जारी है। यह भी बताया जा रहा है कि भूमाफिया संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से साठ - गांठ कर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम समाज, तालाब, नदी, नालों, तक की कीमती भूमियों पर भी कब्जा कर अवैध रुप से कालोनियां काटने में लगे है।

पूर्व एसडीएम ने नगर क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराएं अवैध कॉलोनियों का निर्माण कराने वाले क्षेत्र के 13 प्रॉपर्टी डीलरों को नोटिस जारी कर उनको अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश भी जारी किये थे, लेकिन भूमाफिया व अवैध रूप से कालोनियां काटने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे अवैध रूप से कालोनियां काटने वाले भूमाफिया प्रॉपर्टी डीलर के हौसले बुलंद हैं। अब लोगों का कहना है नगर के चारों ओर अवैध रूप से नियम विरुद्ध कालोनियां काटने वाले भूमाफियाओं के विरुद्ध मौजूदा प्रशासन आखिर कब कार्रवाई करेगा?

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में



**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुरगढ़ी निवासी अफजल पुत्र आरिफ इकबाल उर्फ कलवा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर रहा था, जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस हरकत में आई और जांच के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी फैलाना गंभीर मामला है, जिसकी वजह से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबल राजीव कुमार, कांस्टेबल शुभम कुमार आदि शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि भविष्य में ऐसे मामलों पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग न कर सके।

## एक नजर

### पिंजरे में कैद हुआ एक और गुलदार

**नगीना।** वन विभाग द्वारा ग्राम बघाला में लगाए गए पिंजरे में मंगलवार की सुबह एक और गुलदार कैद हो गया। इसी क्षेत्र में दो दिन पूर्व भी एक गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि लगभग 15 दिन पूर्व खेतों में घूमते हुए जिन तीन गुलदारों की वीडियो वायरल हुई थी, उन्हीं में से दो दिन के भीतर दो गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गए हैं और अब एक और गुलदार का पकड़ा जाना बाकी है। नहटौर रोड पर स्थित ब्लॉक कोतवाली के गांव बघाला में करीब 15 दिन पूर्व गुलदारों के दिखाई दिए जाने के बाद आसपास के गांवों में दहशत फैल गई थी और ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदारों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी, जिसके बाद वन विभाग द्वारा पिंजरे में मुर्गियां रखकर उसे खेत में लगाया गया था।

### भाकियू महात्मा टिकैत की बैठक



**नजीबाबाद।** जिला संगठन मंत्री चौधरी जगबीर सिंह की अध्यक्षता में तथा जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा के संचालन भाकियू महात्मा टिकैत की मासिक बैठक तहसील प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें आठ सूत्रीय ज्ञापन उप जिला अधिकारी के नाम संबोधित करते हुए तहसीलदार को सुपुर्द किया गया। जिसमें सरकार द्वारा वित्त पोषित गौशालाओं में गोवंशों की हो रही दुर्गति को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया। ब्लॉक में संचालित गौशालाओं में पशुओं को भरपेट चारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा ठंड से बचने के पर्याप्त उपाय न होने के कारण गौवंश अकाल मृत्यु के ग्रास बन रहे हैं। लगभग हर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जों के मामले तहसीलों में लंबित पड़े हुए हैं, जिन पर औपचारिक कार्यवाही के नाम पर शिकायतकर्ताओं को टरकाया जाता है। पूर्ति कार्यालय में राशन कार्ड स्वीकृति के लिए महीनों से लंबित पड़े हैं। सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा कोई संज्ञान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के क्षतिग्रस्त हैं। उपजिला अधिकारी से इन बिंदुओं पर कार्यवाही की मांग की गई। मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह, कपिल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश सिंह, तहसील प्रभारी सुनील चौधरी, विजेंद्र सिंह, कपिल अंसारी, शहजाद मलिक, कुलदीप मोर, कृष्ण कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र, सतपाल शर्मा, सुधीर चौधरी, बहार आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

### विप्र विभूतियों को किया जाएगा सम्मानित

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा बिजनौर के जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 दिसंबर को आर्य समाज परिसर बिजनौर में मालवीय एवं वाजपेई की जयंती पर प्रात: 10 बजे यज्ञ एवं भजनों का आयोजन किया जाएगा। तदोपरांत विचार गोष्ठी एवं जनपद की 50 विप्र विभूतियों को सम्मानित करने, जिनमें सेवा निवृत्त, समाज में विशेष योगदान देने वालों, पत्रकारों और मेधावी छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। यह निर्णय सोमवार को मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। डॉ. अंगिरस ने जनपद के सभी विप्र बंधुओं से एकजुटता की भावना के साथ उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का आह्वान किया है।

# विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया कौशल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) कोतवाली में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 93 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 108 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया।

क्विज प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय शेखपुरा तुर्क के छात्र वंश ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कम्पोजिट विद्यालय कस्बा कोटरा के छात्र आदर्श कुमार ने द्वितीय, कम्पोजिट विद्यालय राजोपुर सादात की छात्रा प्रियांशी ने तृतीय, कम्पोजिट विद्यालय बूढ़ावाला के



छात्र मनीष ने चौथा और उच्च प्राथमिक विद्यालय सूफीपुर अंगद की छात्रा राधिका ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए प्रतियोगिता के आधार पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी के लिए 5 होनहारों का चयन किया गया है। इनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी की छात्रा नशरा, कम्पोजिट विद्यालय कस्बा कोटरा के दो छात्र कार्तिक तथा लक्की, कम्पोजिट विद्यालय शेखपुरा तुर्क के छात्र वंश तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय तुख्मापुर हरवंश की छात्रा रिया शामिल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) इन्द्रजीत सिंह ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी हेतु चयनित सभी पांचों छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के माध्यम से मॉडल बनाने के लिए तीन-तीन हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर डायट मेंटर प्रीति रानी, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह, विनोद शर्मा, एआरपी क्षत्रपाल सिंह, हरिओम शर्मा, अशोक कुमार, संजीव त्रिवेदी, विवेक कुमार, तलत परवीन, कमलनी अग्रवाल, अनामिका बिश्नोई, कामनी दिवाकर, सौरभ शुक्ला, उदिति चौहान, प्रेम लता, रश्मि शर्मा, यासमीन निसार, शीतल रानी, धर्मवीर सिंह, कमल कुमार और राजेश कुमार, गिजाला रूही, दिलशाद जहां सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण

**कालागढ़।** रामगंगा फाऊंडेशन द्वारा धरियावल ट्रेडर्स पर उजाला हॉस्पिटल काशीपुर द्वारा एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें विनोद कुमार धारियावाल, जेपी भटनागर, सुंदर रावत, विशाल पाल, जितेंद्र शर्मा फाउंडेशन समाजसे. वियों ने बताया कि कैम्प में डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें आंखों के मरीज देखे गये। आंखों के डॉ. ने बताया कि मरीजों की आंखों में मोतियाबिन्द है। जिनका ऑपरेशन होना अति आवश्यक है। कैम्प में एमबीबीएस, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नवजात स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन सर्जरी विभाग ने मरीजों का परीक्षण किया। मरीज के परीक्षण के दौरान मरीजों रोगियों का परीक्षण कर फाउंडेशन ने मुफ्त दवाईयों का वितरण कराया।

# भगवान परशुराम चौक द्वार बनवाए जाने से ब्राह्मण महासभा में हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा पिछले काफी समय से जिला मुख्यालय पर भगवान परशुराम चौक द्वार बनवाए जाने के लिए प्रयासरत थी। जिसको सदर विधायक पति मौसम ऐश्वर्य चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली के पीछे मुख्य रोड पर भगवान परशुराम स्तुति द्वार बनवाकर ब्राह्मणों का दिल जीत लिया। जिसके लिए ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एड., कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, पंडित दिनेश चंद्र शास्त्री,



आलोक भारद्वाज, आशीष शर्मा, प्रदीप कौशिक, राहुल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, महेश चंद शर्मा, नरेश शर्मा एवं अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे। भाजपा नेता मौसम ऐश्वर्य चौधरी ने कहा कि वह विधानसभा बिजनौर में समाज की विभिन्न जातियों की महान विभूतियों के नाम पर स्तुति, स्मृति द्वार, चौक और उनकी मूर्ति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशा के अनुरूप विधानसभा बिजनौर में 18 द्वार बनवाए जा रहे हैं। जिनमें भगवान परशुराम स्तुति द्वार सहित कई काम हो चुके हैं। शेष काम अति शीघ्र पूर्ण होने हैं। वह अपने प्रयास से सरकार की सभी योजनाओं को जनहित में उतारने के लिए कार्य कर रहे हैं।


**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर**

निष्पादन वाद सं. 03/2015

प्रभाश चन्द गर्ग पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद निवासी मौ. साहूवान, कस्बा परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

मुरारी सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर खुर्द परगना बास्टा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

**इश्तहार नीलाम**

उपरोक्त निष्पादन वाद में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदयून डिक्री की निम्न लिखित सम्पत्ति मौके पर दिनांक 15-12-2025 को 10.00 बजे से सायं 4:00 बजे तक नीलाम होगी।

अत: जो व्यक्ति नीलाम खरीदना चाहे वह नियत दिनांक 15-12-2025 को समय व स्थान पर पहुंच कर बोली बोल सकते हैं। नीलामी न्यायालय के नियमानुसार होगी। नीलाम किसी भी सक्षम न्यायालय के स्थगन आदेश से प्रभावी होगा।

**विवरण सम्पत्ति मदयून नीलाम तलब**

| खसरा नं. | रकबा |
|---|---|
| 29मि0 | 0.8450 है0 |
| 53मि0 | 0.0190 है0 |
| कुल 2 खेत | 0.8640 है0 |

नियत दिनांक:- 15.12.2025

**सिविल जज ( सी.डि. )**
**बिजनौर**



**संबंध विच्छेद सूचना**

हमारा पुत्र सुमित कुमार व पुत्रवधु दीक्षा रानी हमारे कहने सुनने में नहीं है तथा आएदिन हमारे साथ गाली गलौच व मारपीट करते रहते है। हमारे समझाने पर बात नहीं सुनते है और हमारी जायदाद हड़पने के चक्कर में है। जिस कारण हम अपने पुत्र व पुत्रवधु की हरकतों से परेशान हो गए है। इसलिए 08.12.2025 को हमने दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा या हमारे परिवार का इनसे कोई संबंध नहीं रहा है। अगर यह दोनों किसी भी प्रकार के कृत्य को अंजाम देते है, तो उसकी जिम्मेदारी हमारी व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी। **कमलेश देवी पत्नी विरेन्द्र कुमार व विरेन्द्र कुमार पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम औरंगपुर बसन्ता उर्फ कांठपुर, थाना मंडावली, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**



**आवश्यकता है**

सिटी डिग्री कॉलेज नगीना को प्राचार्य तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय में विषय- हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, चित्रकला, भूगोल, गृहविज्ञान व स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में विषय-गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में विषय-उर्दू, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान व स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में विषय-रसायन शास्त्र हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों सहित महाविद्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर उपस्थित होकर सम्पर्क स्थापित करें। शैक्षिक योग्यता एवं वेतन-यू.जी.सी. के मानकानुसार।

**प्रबंधक**

**सिटी डिग्री कॉलेज नगीना, बिजनौर 8445105707,6398020516**

## एक नजर

### टीकाकरण उत्सव के अंतर्गत समीक्षा बैठक



**कोतवाली देहात।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात में टीकाकरण उत्सव के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने कहा कि 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों का टीकाकरण करना सुनिश्चित कराया जाए। नियमित टीकाकरण का कार्य समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी टीकाकरण के प्रति जागरूक नहीं है। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर टीकाकरण के लक्ष्य को समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में राजन राठी, विपुल मौर्य, सौरभ, हर्षित विश्नोई तथा एएनएम मौजूद रहीं।

### सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर का स्वागत



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी की एक बैठक मौहल्ला सरायमीर स्थित आजाद समाज पार्टी के उपाध्यक्ष सलीम मलिक के निवास स्थान पर हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष विपिन गुथलिया, नगर प्रभारी ज्ञान सिंह, हाशिम इस्लाम का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी से कहा कि वो अपनी बूथ लेवल की कमेटी तैयार रखें। जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी का एक-एक सिपाही बूथ स्तर तक काम करे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने कहा कि बहुत जल्द ही नगर कमेटी व आजाद समाज पार्टी का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही बूथ स्तर की कमेटी तैयार कर उन्हें सौंप दी जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक स्योहारा मार्ग स्थित किसान गन्ना समिति परिसर में आयोजित की गई, जिसमें किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए धामपुर तहसील क्षेत्र में किसानों की बढ़ती परेशानियों पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। खेतों में खड़ी फसलें लगातार नष्ट हो रही हैं, लेकिन अल्हैपुर खंड विकास अधिकारी द्वारा इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन तेज करेगी। बैठक के दौरान किसानों ने ग्राम अजीतपुर दासी की सड़क पर नालियों में चैनल लगवाने, जल निगम द्वारा खोदी गई सड़कों की जल्द मरम्मत कराने, ग्राम पंचायतों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने तथा भूतपुरी पुल के नीचे जमी सिल्ट को हटवाने की मांग उठाई। इसके अलावा गन्ना केंद्रों पर घटतौली और रेट में की जा रही मनमानी पर रोक लगाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। बैठक के उपरांत किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। बैठक में महेंद्र पाल सिंह, अशोक कुमार, कविराज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### बाबा साहब के बोर्ड को गिराने से रोष



**चांदपुर।** ग्राम सिंघा व गोयली सीमा पर लगे सड़क किनारे बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के नाम के लगे बोर्ड को किंही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़ मरोड़कर गिरा दिया। जिससे दलित समुदाय में रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचकर हंगामा काटा। सूचना पर थाना शिवाला कलां पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दलित समाज के लोग टस से मस नहीं हुए और आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करने लगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक मौके पर पहुंचे और वहां दलित समाज के लोगों से मिले और बोर्ड को तोड़ने वाले की खोज कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने व बोर्ड पुन: लगवाये जाने का आश्वासन देकर भारी भीड़ को शांत किया। इस बारे में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के नाम का लगा बोर्ड तोड़ने, उखाड़ने या गिराने वालों की इस हरकत की हम कड़ी निंदा करते है और पुलिस प्रशासन से ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की मांग करते है। उधर बसपा जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने भी पुलिस प्रशासन से ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

### वन भूमि बेचने का आरोप

**नांगल सोती।** तिसोतरा गांव के तैय्यब पुर गोरवा, तिसोतरा, लालपुर सोजीमल, शरीफपुर बांगर आदि मौजों के किसानों सुलेमान, रगवीर सिंह, बिट्टू, आदेश, परवीन, जितेंद्र, दारा सिंह, वसीम, शमशेर, राजकुमार, सक्टू, राजेश, बुध सिंह आदि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। इन किसानों का आरोप है कि गंगा द्वारा छोड़ी गई उनकी कृषि भूमि गंगा पार उत्तराखंड क्षेत्र से सट गई है। जिसकी बिजनौर और उत्तराखंड जिलाधिकारी के आदेश पर इस भूमि की पैमाइश की गई थी। जिसमें वन विभाग और राजस्व विभाग को आदेशित करते हुए जबरन भूमि पर कब्जा कर रहे दबंगो से किसानों की कृषि भूमि वापस दिलाए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में तैनात रेंजर और वन दरोगा ने गंगा पार के कुछ दबंग लोगों को उनकी कृषि भूमि पर कब्जा कराकर लाखों के वारे न्यारे कर लिए हैं। जिसके साथ ही वह भूमिहीन हो चुके हैं, रोजी-रोटी का संकट उनके सामने पनप गया है। कई बार जिले के आलाधिकारियों से इन लोगों ने इस संबंध में शिकायत की है लेकिन, समस्या का समाधान हो पाना संभव नहीं हुआ है। ऐसे में किसान खासे परेशान हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं मामले में वन रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए मामला संज्ञान में न होने की बात कही है।

शाह टाइम्स की खबर का असर

# अभियान चलाकर आवारा कुत्ते पकड़े




शेरकोट में आवारा कुत्तों का आतंक

अभियान चला कर पकड़ने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

दर्जनों को काटकर कर चुके घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आवारा कुत्तों के बढ़ते आंतक को लेकर लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स में प्रकाशित खबर के बाद नगर पालिका प्रशासन ने विशेष अभियान चलाते हुए रेस्क्यू टीम की सहायता से 20 आवारा कुत्तों को पकड़ा। वहीं अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अभियान प्रत्येक सप्ताह चलाया जाएगा।

गौरतलब है कि लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने 21 नवम्बर को नगर में बढ़ते कुत्तों के आंतक से परेशान लोगों व बच्चों को लेकर खबर प्रकाशित की थी। जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका परिषद को नगर में बढ़ते कुत्तों को जल्द पकड़वाने के निर्देश दिए जाने पर अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के नेतृत्व मे मंगलवार को बिजनौर से आयी टीम के नेतृत्व में नगर के विभिन्न मौहल्लों मे कुत्तों को पकड़ने को लेकर अभियान चलाया गया।

अधिशासी अधिकारी के बताया कि पकड़े कुत्तों का वैक्सीनेशन कराया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या या खतरा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नगर को सुरक्षित व स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से अब यह अभियान प्रत्येक सप्ताह चलाया जाएगा, जिससे आवारा कुत्तों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। वहीं नगर के लोगों ने लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स के द्वारा प्रकाशित खबर पर इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई कि यह मुहिम आगे भी पूरी गंभीरता के साथ जारी रहेगी।

# विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

## खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आरएसएम इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रिंस चौधरी, वासु और उजैफ ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग गोला फेंक प्रतियोगिता में पलक, पल्लवी रानी व सहरीन ने बाजी मारी। जबकि सब जूनियर



बालिका वर्ग गोला फेंक प्रतियोगिता में सालिया, कल्पना और अलिशा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में चकसहजानी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह एवं बुढ़नपुर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमन चौधरी, सचिन कुमार, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव, राहुल सिंह, सुनील कुमार, कमल उपाध्याय, अंजलि, मौ. इकबाल, पूर्णिमा शर्मा, रियाजुद्दीन आदि ने मौजूद रहे।

## सबरंग की गोष्ठी में इंद्रदेव भारती सम्मानित

**बिजनौर।** साहित्य संस्था सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी में सुप्रसिद्ध गीतकार इंद्रदेव भारती को सम्मानित किया गया। स्थानीय जैन धर्मशाला में कृष्णा कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में सहारनपुर से पधारे अनिल शर्मा प्रीत विशेष अतिथि और मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार इंद्रदेव भारती रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव एकल ने सरस्वती वंदना से किया। दीप अंजुम के संचालन में काव्य की रसधार बह निकली। गीतकार इंद्रदेव भारती के सम्मान समारोह में अधिकांश कवियों ने गीत सुनाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ गीतकार इन्द्रदेव भारती जी को शॉल, पटका, माला, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। अंत में सबरंग के संयोजक हुक्का बिजनौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अनिल गोयल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति अनिल के गोयल को दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान आईएफईए अवार्ड, पार्लेस्थित संस्था ऐमले द्वारा देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।

बताया जाता है कि नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल वेलकम आईटीसी में आयोजित ग्लोबल एक्सीलेंस समिट-2025 के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। इस समारोह में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली



## धामपुर व जिले को मिली नई पहचान

सहित देश के विभिन्न राज्यों से चयनित कुल 22 प्रतिभागियों को उनके विशिष्ट योगदान और उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार भौगोलिक और क्षेत्रीय सीमाओं से परे समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे सामाजिक सेवा, लेखन, विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

अनिल के गोयल लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े रहे हैं और सरल व मधुर व्यवहार के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। वर्तमान में वे विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष (गौ रक्षा विभाग) के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पूर्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके इस सम्मान से धामपुर नगर सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल है।

# प्राचीन तारा देवी आश्रम में भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम हादकपुर स्थित प्राचीन तारा देवी मंदिर आश्रम में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत इस बार भी मां तारा देवी के वार्षिक भंडारे में भारी संख्या में भक्त शामिल हुए। आश्रम के महंत लाल भारती ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार देर शाम देशभर से आए तीस से अधिक संतों की उपस्थिति में हुई। श्रद्धालुओं से भरे वातावरण में सत्संग का शुभारंभ प्रयागराज के संत नरेंद्र लाल भारती के प्रवचनों से हुआ, जिसने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मंगलवार सुबह यज्ञ, पूजा-अर्चना और हवन विधि के साथ सत्संग का समापन हुआ। इसके उपरांत विशाल भंडारा शुरू हुआ, जिसमें एक



हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और मां तारा देवी के चरणों में नमन किया। धार्मिक आयोजन में सुनील जोगी (हरिद्वार), डॉ. कैलाश चंद, राजेंद्र चौहान, पुष्पराज त्यागी, कैलाश त्यागी, दिलीप त्यागी, डॉ. एन.पी. सिंह, सोनू चौहान, धर्मवीर चौहान आदि मौजूद रहे।

## मकान के ताले तोड़कर चोरी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम कृतों नंगली उर्फ पेरूवाला निवासी असलम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 7 दिसंबर को परिवार सहित दिल्ली गया हुआ था। इस दौरान चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए तथा अलमारी का ताला तोड़कर अलमारी में रखी दो सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल, हाथों के दस्तबंद तथा पचास हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली।

# आरएसएम के कृषि छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

## शुगर मिल में चीनी बनने की प्रक्रिया को देखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम (पीजी) कॉलेज के बी.एस.सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भ्रमण स्किल एनहांसमेंट कोर्स (एसईसी) के अंतर्गत पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस इंजीनियरिंग एवं एग्रीकल्चर वेस्ट मैनेजमेंट विषय चुनने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

भ्रमण का आयोजन द्वारिकेश शुगर मिल, अफजलगढ़ में किया गया, जहां विद्यार्थियों को गन्ने से चीनी बनने तक की संपूर्ण उत्पादन प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विषय के कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि धनकड़ एवं डॉ. हिमांशु त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। मुख्य महाप्रबंधक उमेश कुमार सिंह बिसेन ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शुगर उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि




किसानों की आय दोगुनी करने के सरकारी लक्ष्य को पूरा करने में शुगर मिलें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही गन्ने की उन्नत किस्मों, आधुनिक बुआई तकनीक और किसानों को दी जा रही तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी।

इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रदीप शर्मा एवं मैकेनिकल विभाग के निशांत भारद्वाज ने छात्रों को यूनिट का भ्रमण कराया। इस दौरान क्रशिंग, जूस एक्सट्रैक्शन, क्लैरिफिकेशन, इवापोरेशन एवं क्रिस्टलाइजेशन जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बगास, शीरा (मोलासेस) और प्रेसमड जैसे उप-उत्पादों के औद्योगिक व कृषि उपयोग के बारे में भी छात्र-छात्राओं को बताया गया। मिल परिसर स्थित उद्यान विभाग के विशेषज्ञ विजय कुमार तोमर ने मौसमी फूलों व पौधों की किस्मों, पोषण प्रबंधन और सजावटी बागवानी के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापना की तकनीकी जानकारी भी दी। कॉलेज की ओर से डॉ. रवि धनकड़ ने कृषि अपशिष्ट प्रबंधन के सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि अवशेषों का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जैविक खाद, कम्पोस्ट एवं बायोगैस जैसे वैकल्पिक संसाधन तैयार करने में सहायक है। वहीं डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि उचित प्रसंस्करण तकनीकों से किसानों की आय में वृद्धि संभव है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य गन्ना प्रबंधक अनिल पंवार और प्रशासनिक अधिकारी राहुल दुबे का विशेष सहयोग रहा। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उनके शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी मजबूत हुई। विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए कॉलेज प्रशासन एवं शुगर मिल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### मरियम स्कूल में एनुअल कल्चर मीट



**किरतपुर।** नगर की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में एनुअल कल्चर मीट 2025 का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों के दिलों को छू गए। इस अवसर पर चीफ गेस्ट पूर्व राज्य मंत्री विधायक मनोज पारस ने कहा कि कॉलेज में उन्होंने अपनी विधायक निधि से लाइब्रेरी व कंप्यूटर लैब की स्थापना कराई है, ताकि छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान दें, क्योंकि खेलों से शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है। विधायक मनोज पारस ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने पर मरियम एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, मैनेजर मरियम साईम राजा तथा प्रधानाचार्य फिरदौस जहां की दिल खोलकर प्रशंसा की। स्पेशल गेस्ट सपा के जिला अध्यक्ष मौहम्मद जाकिर शेख ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाए। साईम राजा व मरियम साईम राजा ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 10 तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व शील्ड देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष मौहम्मद जाकिर शेख, विधायक मनोज पारस, हाजी मौहम्मद दानिश सहित अनेक लोगों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

### महिला स्वास्थ जागरूकता सेमिनार



**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में 'महिला स्वास्थ जागरूकता' सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. सोनल सिंह (वरिष्ठ डा. गायत्री नर्सिंग होम), ग्रुप के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एडमिशन श्रीमति नेहा सिंह एवं डीन राजीव कुमार द्वारा किया गया। इसके उपरांत डीन एडमिशन श्रीमति नेहा सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि डा. सोनल सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम में डा. सोनल ने उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकों को महिलाओं से जुड़ी बीमारियों जैसे: ब्रेस्ट कैंसर, एचपीवी, सरवाईकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जैसे उनके बचाव व उनके लक्षण और उनसे जुड़े घरेलू उपाय के बारे में समझाया एवं उपस्थित सभी को उन बीमारियों के बारे में बताया जिन्हें सब नजरअंदाज कर देते है। कार्यक्रम में ज्योति सिंह, शाईस्ता रूही, तबस्सुम, साहिबा अमृता, हिमांशी, मानसी, पूजा, सलोनी, गौरव कुमार, मौ. विशाल, मौ. जुबैर, मौ. बिलाल, मौ. नावेद एवं छात्र/छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

### फसलों में पानी भरने से नुकसान




**अफजलगढ़।** ग्राम शाहपुर जमाल में माइनर ओवरफ्लो होने से फसलों में पानी भर गया। किसानों ने अधिकारियों से निकासी बन्द कराने की मांग की है। किसान होशियार, दिलावर, रामकुंवर, हरि सिंह, भीम सिंह आदि का कहना है कि किसानों के गन्ने, बरसीन, गेंहू, सरसो की फसल में भरे पानी से किसानों को नुकसान है। वहीं जेई गौरव ने पानी कम कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि नहर का दो दिन से खेतों में पानी चल रहा है।

### शिविर में 80 का स्वास्थ्य परीक्षण



**अफजलगढ़।** दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर भिक्कावाला में मनोरथ प्रसाद हरिवंश स्मृति ट्रस्ट उत्तराखंड द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें काशीपुर से आए लावण्य हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा क्षेत्र के करीब 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती योगिता जोशी व संरक्षक कमला देवी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य शिविर में करीब 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई, जिसमें से नौ व्यक्तियों को मोतियाबिंद की शिकायत के चलते चिन्हित किया गया है। इनका उपचार और ऑपरेशन मुफ्त में किया जाएगा। ट्रस्ट की अध्यक्ष योगिता जोशी ने विद्या मंदिर नई कॉलोनी कालागढ़ और विद्या मंदिर भिक्कावाला के 85 बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया तथा दोनों विद्यालयों के पांच अध्यापक और सात अध्यापिकाओं को भी स्कूल ड्रेस देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दो चतुर्थ कर्मचारी को भी गर्म कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर डॉ. खालिद, डॉ. चमन, डॉ. निशा, डॉ. कासिम, योगेश कुमार सैनी, शंकर सिंह, मयाल साक्षी सिंह, संदीप सिंह आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

### सिटी डेंटल केयर सेंटर का शुभारंभ



**सहसपुर।** बस स्टैंड निकट नदीम मेडिकल स्टोर स्थित सिटी डेंटल केयर का उद्घाटन हुआ। सिटी डेंटल केयर के डायरेक्टर डॉक्टर रमजी की मेहनत और खिदमत इंसानियत के जज्बे की निशानी है। डॉ. अर्सलान अतहर व डॉ. रमजी के भाई सभासद जफरुद्दीन आजमी ने बताया कि यह क्लीनिक लोगों के सेहत मुस्कान और राहत का बड़ा सहारा बने यही दुआ है। इस मौके पर डॉ. जमीर अहमद, मौलाना सलीम, डॉ. मेराजुद्दीन, हाजी दानिश राहत, सभासद पति फैजी, सभासद पति सरफराज अहमद, फहीम अहमद भाजपा नेता, आदिल प्रधान, नवाब अतहर, अरीब अतहर आदि मौजूद रहे।

# कल्कि अवतरण स्थली व तिथि विवाद सुलझाने को जगतगुरु से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि अवतार स्थल अथवा तिथि को लेकर जगदगुरू के बयान से एकाएक उपजा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि हिंदूवादी संगठन और अन्य स्वयं सेवी संस्थायें अपने-अपने स्तर से भ्रामक स्थिति को दूर करने का भरसक प्रयास कर रही हैं। इसी को लेकर हिंदू जागृति मंच का प्रतिनिधिमंडल जगतगुरू शंकराचार्य से मिलने को हरिद्वार रवाना हो गया।

हिंदू जागृति मंच के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल जगतगुरु शंकराचार्य श्री राज राजेश्वराश्रम महाराज से मिलने हरिद्वार पहुंचेगा। प्रमंच के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा व प्रदेश मंत्री के अंकुश त्यागी संयुक्त नेतृत्व प्रतिनिधिमंडल में शामिल संतोष कुमार गुप्ता, विकास कुमार, अजय कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा हरिद्वार पहुंचकर जगतगुरु शंकराचार्य श्री राज राजेश्वराश्रम महाराज से मिलेंगे और वहां पर सम्भल की भूमि पर उपजी भ्रामक स्थिति के निवारण की मांग की जाएगी। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अधयक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी अब तक दुनिया भर के साधु संतों, महामंडलेश्वरों, शंकराचार्य संतों महात्माओं धार्मिक ऐतिहासिक पुस्तकों ग्रंथों और बुजुर्गों से सुनते समझते चले आ रहे हैं कि सम्भल भगवान श्री कल्कि विष्णु की अवतार स्थली है। परंतु एकायक भ्रम की स्थिति उत्पन्न होना समाज और धर्म प्रेमियों के लिए उचित और उपयुक्त नहीं है। इस निदान के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम के श्री चरणों में प्रार्थना की जाएगी कि यथाशीघ्र अपने स्तरीय विद्वानों संतों महंतों से शास्त्रर्थ उपरांत जो उचित उपयक्त हो उसे सम्भल की धरती पर परोसा जाए। अजय कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को संध्या समय जगतगुरु से हिंदू जागृति मंच के प्रतिनिधिमंडल की मीटिंग का समय तय हुआ है।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है महावा नदी

**गवाँ। ( नरेन्द्र सिंह खड़गवंशी )** जिम्मेदारों की अपेक्षा के चलते महावा नदी को पुनर्जीवित करने का कोई आस्तित्व कदम दिखाई नही दे रहा जबकि यह नदी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है महावा नदी में प्रतिदिन गिराए जा रहे कूडे-करकट से पाट दिया जा रहा है एवं कहीं कहीं नदी में अवैध रूप से किसानों का कब्जा है जिसमें फसलें उगाई जा रही है। जलीय जीव-जन्तुओं पर भी प्रभाव पड़ रहा है। उधर नदी क्षेत्र के कई गांव के लोगों ने बताया है कि महावा नदी अपना अस्तित्व खो चुकी है। महावा नदी को पुनर्जीवित करने की कवायद दम तोड़ रही है। मनरेगा की कार्य योजना में शामिल होने के बाद भी खोदाई का काम शुरू नहीं किया गया।




गवां। निरयावली और सिरसा तथा गवां व केसरपुर के बीस होकर गुजर रही महावा नदी, अतिक्रमण कर की जा रही खेती



यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो नदी का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा कहीं कहीं खेत बना लिए गए हैं। प्रताप सिंह सिरसा



नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने और जल स्रोतों की निगरानी को प्राथमिकता देनी होगी। दीपवीर गवाँ



भूमि पूजन के बाद में विभागीय की ओर से महावा नदी पर अभी तक प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। चन्द्रकिशोर केसरपुर।



महावा नदी पर मानक के अनुरूप राजस्व विभाग द्वारा काम करना ही सुनिश्चत होगा। मुकीम केसरपुर।

कारण यह है कि रजपुरा गवां क्षेत्र में अमरोहा जनपद से सटी सीमा सिरसा निरयावली के समीप महावा नदी सम्भल जिले में शुरू होती है। लगभग गत वर्ष पहले नदी के खोदाई के लिए विधिवत रूप से भूमि पूजन किया गया था। यह नदी भूमिगत जलस्तर का बड़ा स्रोत थी। वर्तमान में नदी सूखी होने पर अवैध कब्जे में तब्दील हो गई जिससे अपना अस्तित्व खो चुकी है। पूर्व जिलाधिकारी मनीष बंसल के नेतृत्व में महावा को पुनर्जीवित करने की मंशा जाहिर की गई थी तभी कार्य को मनरेगा योजना के तहत खोदाई शुरू कर दी गई। कुछ दिन खोदाई का कार्य तो चला, परन्तु नदी के सीमांकन और अवैध कब्जा न हटाए जाने के बाद काम फिर स्थगित कर दिया गया।

# अब कोई भी खुलवा सकेगा ज़ीरो बैलेंस का खाता

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जीरो बैलेंस वाले बुनियादी बचत खाते के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब प्रत्येक बैंक को यह खाता अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही खाते से जुड़ी कई जरूरी सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त देनी होंगी। नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। समय सीमा से इतर बैंक अपनी सुविध ानुसार इसे पहले भी लागू कर सकते हैं। आरबीआई ने निर्देश दिया है कि अगर कोई ग्राहक चाहे, तो उसका मौजूदा सामान्य बचत खाता मात्र सात दिनों के भीतर बुनियादी खाते में बदल दिया जाए। इसके लिए ग्राहक को लिखित या ऑनलाइन अनुरोध देना होगा। इससे पहले कई बैंक इस प्रक्रिया में देरी करते थे या ग्राहक को अतिरिक्त शर्तें थोप देते थे। अब ऐसा नहीं होगा। पीएनबी बैंक मैनेजर ने बताया कि ऐसे निर्देशों का पालन किया जायेगा।

# दुकानदार खुले में नहीं डालें कूड़ा: सर्वेश दिवाकर

शाह टाइम्स, संवाददाता

**गवाँ।** नगर पंचायत कस्बा गवां में दुकानदार खुले में कूड़ा नहीं डालेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष सर्वेश दिवाकर ने नगर के दस वार्ड के सभी सभासदों को बताया कि कूड़ा डालने वाले दुकानदारों को विभागीय की ओर से चेताया जा रहा है,क्योंकि इकटठा कूड़े से गंदगी पसरी रहती है और इसके साथ ही बीमारियां

### ०कूड़ा डालने वालों की सीसीटीवी कैमरे के जरिये होगी तलाश

पांव पसारती हैं। कूड़ा डालने और जलाने के या नालियों में बहाया और सड़कों पर कूड़ा फेंकने पर लोगों को दिक्कत हो रही है। नगर पंचायत की ओर से लगाए गए वाहनों में ही कूड़े को डालें अधि शासी अधिकारी ने श्वेतांग सहस्वत ने बताया कि ऐसे दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरे के जरिये तलाश किया जाएगा और उन पर कार्यवाही होगी।

# स्मार्ट क्लास वाले विद्यालयों में इंवर्टर हो ज़रूरी

### ०जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डीटीएफ, बेसिक शिक्षा विभिन्न योजनाए/कार्यक्रम ,के.जी.बी.वी की समीक्षा, शिक्षा विमर्श, निपुण शिक्षा, पीएम श्री विद्यालयों को बैठक का आयोजन कर आप्रेशन कायाकल्प और अवस्थापना व सुविधाओं के संतृप्तिकरण की जानकारी ली, जबकि दो दिन निरीक्षण करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने ऑपरेशन कायाकल्प 19 अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण की प्रगति तथा परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रहे हाई टेंशन लाइन की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधि कारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग से संबंधित सम्भल एवं बबराला डिविजन के अधिकारी विद्युत विभाग के संबंधित ठेकेदारों और उनके साथ वार्ता करें। इसके अलावा जिला बेसिक शिक्षा अधि कारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग से संबंधित आने वाले शासनादेशों को शिक्षा विभाग की बैठक में प्रस्तुत किए जाएं। निपुण परीक्षा, मिड डे मील तथा विध र्थियों की उपस्थिति को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों के निरीक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को निरीक्षण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही समेकित शिक्षा, विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक की प्रगति, एसएमसी, पीटीएम, डीबीटी, मिशन प्रेरणा, स्कूल रेडीनेस, स्मार्ट क्लास स्थापना को लेकर चर्चा कहा कि स्मार्ट क्लास जहां स्थापित है वहां इन्वर्टर अनिवार्य रूप से लगा हो। अपार आईडी को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि मिशन मोड़ पर अपार आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। एआरपी अपने कार्यों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- केजीबीवी विद्यालयों व शिक्षा की योजनाओं की समीक्षा करते डीएम।

# पात्र कार्ड धारकों को 28 तक मिलेगा नि:शुल्क खद्यान्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह दिसम्बर के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण की तिथि खाद तथा रसद विभाग की ओर से निर्धारित कर दी गई है।

आयुक्त खाद रसद विभाग के निर्देशानुसार पात्र कार्ड धारकों को नि:शुल्क खााद्यान्न का वितरण कल आज से शुरू होगा। जिसके तहतमाह दिसम्बर 2025 में 28 दिसम्बर तक वितरण की तिथि निर्धारित की गई है। निध ारित वितरण तिथियों में अन्त्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को 14 किग्रा. गेहूँ, 16 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल एवं 05 किग्रा. मक्का (उपलब्धतानुसार चावल के स्थान पर) ''प्रथम आओ प्रथम पाओ'' के आधार पर नि:शुल्क वितरण कराया जाएगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल को 21 किग्रा. प्रति कार्ड रखा जाएगा।

### ०पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आज से होगा वितरण

पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.0 किग्रा. गेहूँ, 2.0 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल एवं 01 किग्रा. मक्का (उपलब्धतानुसार) ''पहले आओ पहले पाओं'' के आधार पर नि:शुल्क वितरित किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल 03 किग्रा. प्रति यूनिट रखा जायेगा। मक्का का स्टॉक समाप्त होने के पश्चात लाभार्थियों को 3 किग्रा0 चावल वितरित किया जायेगा। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न ले सकेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नही होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी ले सकेंगे।

# हिंदू जागृति मंच आयोजित करेगा काव्य कुंभ

### ०काव्य कुंभ 12 घंटे चलने का लिया संकल्प

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में आगामी 4 जनवरी को निरंतर 12 घंटे चलने वाला काव्य कुंभ विशाल कवि सम्मेलन आयोजित करने का संकल्प लिया।

कोट पूर्वी में स्थित नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र मोंगिया के आवास पर संपन्न हुई बैठक में नीरू चाहल ने नवोदित एवं प्रसिद्ध कवियों की कविता पाठ हेतु विशाल काव्य कुंभ आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर चर्चा करते हुए सुनीता यादव, गंगा रस्तोगी, ज्योति गुप्ता, रूपाली गुप्ता, रानी मोंगिया, सुबोध कुमार गुप्ता, आशा गुप्ता, उमेश सैनी, श्यामशरण शर्मा आदि ने समर्थन करते हुए गहन विचार विमर्श उपरांत तय किया कि आगामी 4 जनवरी को प्रात: काल 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक निरंतर 12 घंटे चलने वाला विशाल कवि सम्मेलन काव्य कुंभ के रूप में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले 3 वर्षों से हिंदू जागृति मंच निरंतर 12 घंटे चलने वाला काव्य कुंभ आयोजित करता रहा है। उसी तर्ज पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के सिद्धहस्त कवि एवं कवयित्रियों को आमंत्रित किया जाना है। बिना किसी इंटरवल के निरंतर 12 घंटे अथवा उससे अधिक अखंड कविता पाठ होगा। डा. आलोक कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के मूर्धन्य विद्वानों, समाजसेवियों, संस्था संचालकों तथा कविता प्रेमियों को विशेष रूप से आमंत्रित करने की बात कही। हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि हिंदू जागृति मंच के लिए समर्पित रहे अध्यक्ष स्वर्गीय डी के शर्मा की पुण्य स्मृति में हिंदू जागृति मंच द्वारा विशाल काव्य कुंभ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन करके हिंदू जागृति मंच के अधयक्ष रहे स्वर्गीय डी के शर्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक में रमेश छाबड़ा, अजय कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता सुभाष चंद्र मोंगिया ने की संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।



# पीएम की 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम को पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह कार्यक्रम छात्रों में परीक्षा से पहले तनाव और चिंता कम करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र, उनके अभिभावक और शिक्षक इसमें भाग ले सकते हैं।

इस वर्ष कार्यक्रम 10 फरवरी को आयोजित होगा। चयनित छात्र, शिक्षक और अभिभावक प्रध ानमंत्री से सीधे संवाद कर परीक्षा से जुड़े सवालों के समाधान पा सकेंगे। विद्यार्थियों का चयन रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता के

### ०10 फरवरी से शुरू होगा कार्यक्रम
### ०अधिकारिक वेबसाइट पर चुने विषय और जमा कराएं आवेदन फार्म

माध्यम से किया जाएगा। प्रतियोगिता के विषय हैं। परीक्षा को उत्सव बनाएं, स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत। चयनितों को विशेष किट और प्रधानमंत्री से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। शिक्षक उमेश कुमार ने बताया कि पंजीकरण के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी श्रेणी चुनें और आवेदन फार्म जमा करें।

# आम आदमी पार्टी निकालेगी वोट व संविधान बचाओ पदयात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा 21 से 26 दिसंबर तक 'वोट बचाओ संविधान बचाओ' पदयात्रा आयोजित की जाएगी।, जिसका मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे। पदयात्रा रामपुर से प्रारंभ होकर मुरादाबाद और अमरोहा जिलों में सम्पन्न होगी। पदयात्रा के दौरान प्रमुख जनसभाएँ रामपुर ,मुरादाबाद, तथा पाकबाड़ा क्षेत्र, और अमरोहा में आयोजित की जाएँगी। रामपुर को यात्रा के प्रारंभिक केंद्र के रूप में चुना गया है। पदयात्रा के मीडिया प्रभारी के रूप में आतिर हुसैन को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा बरेली में आयोजित तैयारी बैठक में संजय सिंह की मौजूदगी में प्रांत अध्यक्ष द्वारा की गई। आतिर हुसैन प्रदेश मीडिया कोआर्डिनेटर (उर्दू), राज्य-स्तरीय मीडिया प्रबंधन और प्रवक्ता के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।

# नारी शक्ति की प्रतीक सोनिया गांधी सेवा व समर्पण की प्रतिमूर्ति

### ०जन्मदिन पर केक काटकर कांग्रेसियों ने की दीर्घायु की कामना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावध ान में अखिल भारतीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिन ध ूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने केक काटकर दीर्घायु की कामना की।

चन्दौसी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के 79वें जन्मदिन कार्यकर्ताओं व पदाधि कारियों ने केक काटकर दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय अस्पताल हसीना बेगम हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों में फल वितरित किए। कार्यक्रम में आरिफ तुर्की ने कहा कि। नारीशक्ति की प्रतीक चिन्ह सोनिया गांधी सेवा व समर्पण की प्रतिमूर्ति, सौहार्द व सद्भाव की पर्याय तथा ममता व त्याग की मूरत हैं। उनका व्यक्तिगत एवं राजनैतिक जीवन हमेशा प्रेरणा का नवदीप जलाकर हम सभी को रास्ता दिखाता रहेगा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह नगर अध्यक्ष साहू संजीव कुमार डीके वाल्मीकि छिददा खां सलीम सैफी कोस्तुभ रस्तोगी दाऊद पाशा सफी सैफी अक्षय कुमार सिंह सलाउद्दीन सैफी रईस मसूदी जयप्रकाश सहगल बब्बू कलीम भाई यासीन अंसारी मोअज्जम हुसैन डा. मरगूब अंजार मंसूरी फुरकान कुरैशी सरफराज नोमान हैदर राशिद हुसैन सैफी शिशु पाल निसार भूरा आदि मौजूद रहे।



सम्भल- पूर्व कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी के जन्मदिन पर फल बांटते कांग्रेसी।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-धूम्रपान के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में छात्राएं।

# स्वयं प्रेरणा लेकर दूसरों को धूम्रपान न करने को करें जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को धूम्रपान के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

एमजीएम पीजी कॉलेत में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अनुभा गुप्ता ने कहा कि आज पुरुषों में ही नहीं बल्कि महिलाओं में भी धूम्रपान व तंबाकू इत्यादि का सेवन अधिक देखने को मिल रहा है। यह एक सामाजिक बुराई है। गुटका, शराब, तंबाकू या सिगरेट इत्यादि का सेवन करने से अनेक प्रकार के रोग हमारे शरीर में एकत्रित हो जाते हैं जिससे हमारा लिवर किडनी इत्यादि खराब हो जाते हैं और मुंह का कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होने छात्राओं को स्वयं धूम्रपान न करने का प्रण लेने के साथ अन्य पुरुष व महिलाएं इसका सेवन कर रहे हैं उनको जागरूक करने पर ज़ोर दिया। जागरूकता कार्यक्रम में डा. हुमा फातिमा के साथ 45 छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने किया।

# कोहरे में हादसे रोकने को लगाए रिफ्लैक्टर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा कस्बा बबराला में सर्दी के मौसम में कोहरे और धुंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली, अन्य वाहनों और स्कूली बच्चों की साइकिलों पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रिफ्लेक्टर लगाए गए। ताकि कोहरे/ध ुंध और अंधेरे के दौरान वाहन दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके और सड़क दुर्घटना ना हो पाए तथा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं और फोग लाइट का सही उपयोग करें। कोहरे में हेडलाइट को लो बीम पर रखें और नशे की अवस्था में वाहन ना चलाएं साथ ही पुलिस ने ओवर स्पीडिंग से बचने और गलत दिशा में वाहन ना चलाने की अपील कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

# वृद्ध व असहाय पेंशनर्स को कोषागार जाने में नहीं होगी परेशानी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** वृद्ध व असहाय पेंशनर्स को अपनी समस्याओं के समाधान आदि कार्यों के लिए पुरानी तहसील स्थित कोषागार तक पहुंचने कोई परेशानी नहीं होगी। ऐंसे पैंशनर्स अब आसानी से कोषागार कार्यालय तक पहुंच सकेंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि ऐंसे पैंशनर्स के एि अब व्हील चैयर की व्यवस्था की गई है।

# सर्पदंश पर झाड़ फूंक नहीं जाए तुरंत अस्पताल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सर्प दंश मृत्युमुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सर्पदंश से बचाव के उपायों और जहरीले सांपो की जानकारी दी।

ग्राम ठाठी स्थित एनपीसएस इंटर कॉल्ज में ऑल इंडिया वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू ग्रुप के सदस्य जिया उल हक और उनकी टीम ने छात्र-छात्राओं को भारत में पाई जाने वाली सांपों की विभिन्न प्रजातियों, जहरीले-गैर जहरीले सांपों की पहचान, सर्पदंश से बचाव के उपाय तथा सांप काटने पर तुरंत क्या करना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि भारत में हर साल सर्पदंश से बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से अधिकांश मौतें समय पर सही उपचार न मिल पाने के कारण होती हैं। जिया उल हक ने बच्चों को समझाया कि सांप से डरने की बजाय उससे सुरक्षित दूरी बनाकर रखनी चाहिए और किसी भी सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी नुस्खों पर भरोसा करने की बजाय तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के मैनेजर नेक पाल सिंह, प्रध ानाचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सम्भल- ग्राम ठाटी स्थित स्कूल में सर्पदंश से बचाव को जागरूक करते।

# किसानों की फसल को उजाड़ने में लगे बंदर व गोवंश

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** किसानों की फसल को गोवंश व बन्दर नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में बंदरों की संख्या अधिक हो गयी है। बंदरों के उत्पात से लोग परेशान है। बंदर किसानों की खेतों में खड़ी फसल उजाड़ रहे हैं। वहीं कपड़ों को फाड़ना और सामान लेकर भाग जाते हैं।

### ०सड़कों और घरों की छतों पर डेरा जमाकर होते हैं हमलावर

वह लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी जनता की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से बंदर पकड़वाए जाने की मांग की है।

नगर क्षेत्र के अलावा गुन्नौर कस्बे व गांव जगन्नाथपुर, सेंजना, दौललपुर, भगतानगला क्षेत्र में बंदरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। बंदरों के भय से लोगों का राह चलना तक दूभर हो गया हैं। बंदर सडकों और घरों की छतों पर डेरा जमाकर बैठ जाते हैं। आए दिन लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। छोटे बच्चे और महिलाएं घरों की छतों पर जाने से डरती हैं। इतना ही नहीं बंदर खेतों में खड़ी किसानों की फसलों को भी बर्बाद कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बंदर पकड़वाए जाने के लिए प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की है। फिर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने प्रशासन से बंदर को पकड़वाए जाने की मांग की है।नगर क्षेत्र से सटे गांव भगता नगला निवासी किसान प्रदीप व कोमल सिंह ने कहा कि गो वंशीय पशुओ के अलावा बन्दर भी फसलों को उजाड़ रहे है। क्षेत्र के नीरज वार्ष्णेय, भूरा, सुनील वार्ष्णेय, किशनपाल, रोनू गुप्ता, सुमित कुमार ने इनको पकड़े जाने को प्रशासन से मांग की हैं।

# महिला स्वाबलम्बन को किया गया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओंबालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया

# पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम उखाड़कर चोरी कर ले जाने वाले गैंग का पुलिस ने किया भंडाफोड़

## एटीएम उखाड़ कर चोरी करने वाले गैंग के पांच सदस्यों को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा, पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से हुए घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में लोकेशेड पुल के पास पीएनबी बैंक के एटीएम को उखाड़कर चोरी करने वाली सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान इस वारदात को अंजाम देने वाले 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमे दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई नकदी 3,08,300 रुपये, फर्जी नंबर प्लेट लगी ब्रेजा कार, एटीएम काटने के उपकरण, 5 मोबाइल फोन, 3 सिम, नेट डिवाइस, 4 एटीएम कार्ड, 4 फर्जी आधार कार्ड, 5 तमंचे, कारतूस, काला स्प्रे पेंट, दो बुर्के, दस्ताने और वूलन कैप बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार 24/25 नवंबर की रात








जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित पीएनबी आईसीडी शाखा का एटीएम उखाड़कर ले जाया गया था। एटीएम तोड़कर पैसे निकालने के बाद मशीन अमरोहा के जंगल में मिली थी। मामले में थाना सिविल लाइन्स में मुकदमा दर्ज किया गया था और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम गठित की थी।8/9 दिसंबर की रात पुलिस को सूचना मिली कि वही गिरोह ब्रेजा कार से कांठ रोड क्षेत्र में सक्रिय है और एक और घटना की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने भटावली के पास चेकिंग शुरू की तभी तेज रफ्तार ब्रेजा कार दिखाई दी। रोकने का प्रयास करने पर कार चालक चट्टा पुल की ओर भागा, जहां रेत में फंसते ही कार रुक गई। कार से निकले बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश अब्दुल मतीन और तंजीम पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि हिफजुर रहमान उर्फ हसनैन, जुबैर खान और नरेश उर्फ फौजी को दबोच लिया गया।पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरफ्त में आए सभी आरोपी एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जिसका सरगना नियामत उर्फ घोड़ा निवासी मेवात, हरियाणा है। वही एटीएम चोरी की प्लानिंग करता है, स्थानीय लड़कों से रैकी कराता है और गिरोह को टारगेट चुनकर भेजता है। गिरोह बुर्का पहनकर सीसीटीवी पर काला स्प्रे कर देता था, फिर ब्रेजा कार से झटका मारकर एटीएम उखाड़ ले जाता था।

बाद में गैस कटर से मशीन तोड़कर रकम बांटी जाती थी।वहीं गैंग के अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है।

## एक नजर

### ब्लॉक में कृषि निवेश मेला और गोष्ठी आयोजित



**बिलारी।** विकासखंड कार्यालय परिसर में कृषि विभाग द्वारा कृषि गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसानों ने भागीदारी कर प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। गोष्ठी में जैविक खेती के साथ गाय भैंस मुर्गी बकरी पालन पर जोर देते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने को सरकार प्रयासरत है इसमें किसानों का भी सहयोग अपेक्षित है ताकि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार हो सके। बड़गोती प्राकृतिक कृषि फार्म सरकड़ा द्वारा शहद एवं मिलेट्स के उत्पादन संबंधी स्टॉल लगाकर भी कृषकों को प्रेरित किया गया। गोष्ठी में उप जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह, एडीओ कृषि मोहित कुमार, एडीओ सहकारिता अनिल कुमार त्रिपाठी, राजकीय बीज गोदाम प्रभारी भंवर सिंह, प्राविधिक सहायक मनोज कुमार, वासुदेव सिंह, जयदीप गंगवार, महेश, बीटीएम देवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान कल्याण सिंह आदि ने अपने विचार प्रकट किये। किसानों के सवालों के जवाब भी दिए और समस्याओं का समाधान भी किया। अंत में प्रतिभागी किसानों को भोजन का वितरण भी किया गया।

# चन्दौसी तहसील में एसआईआर का कार्य लगभग पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी में एसआईआर कार्य को तेजी और प्रभावी ढंग से पूरा किया जा रहा है। संभल जनपद में बीएलओ और सुपरवाइजर्स को अपने-अपने भाग संख्या वाले क्षेत्रों के एसआईआर फार्म 04 दिसंबर तक अपलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी।

जिलाधिकारी के निर्देशन में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर और नायब तहसीलदार ने शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगवाकर अधिकारियों की मौजूदगी में एसआईआर फार्म अपलोड करने की प्रक्रिया को पूर्ण कराया। बीएलओ के कड़े परिश्रम और सक्रियता के चलते निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर फार्म अपलोड कर दिए गए। समय से पहले कार्य पूर्ण करने वाले खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और नकद धनराशि देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं चन्दौसी तहसील में फार्म अपलोडिंग की निगरानी कर रहे ।

अनुज शर्मा के अनुसार बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है और 11 दिसंबर तक सभी फार्म अपलोड हो जाने की पूर्ण संभावना है।

# दिल्ली में चमका बिलारी का सितारा

## 5जी नेशनल जीत कुने-डो मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट में रॉयल पब्लिक स्कूल का धमाकेदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 29 व 30 नवंबर 2025 को आयोजित दो दिवसीय 5जी नेशनल जीत कुने-डो मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट में देशभर के राज्योंख़उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाबख़के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसी राष्ट्रीय मंच पर मुरादाबाद जिले की बिलारी तहसील स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल के 6 खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

इस टूर्नामेंट में रॉयल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक फरहान, जैद, सुमित और शानेरब ने जीते, जबकि हस्सान और अजलान ने रजत पदक जीतकर पूरे जिले का मान बढ़ाया। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन के बूते राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ी सफलता हासिल की।

इनकी जीत से रॉयल पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद जिला जीत कुने-डो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन और प्रशिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को नगर के डाक बंगला के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में पहुंचें स्कूल चेयरमैन एवं बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर हौसला अफजाई की। इस दौरान प्रबंधक मोहम्मद हस्सान, प्रधानाध्यापक एम. कुमार, अध्यापकगण, संघ के मुख्य सचिव अंकुर कौशिक और कोच निखिलेश कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय और जिले दोनों के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

कहा कि इन खिलाड़ियों ने साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से किसी भी मंच पर सफलता पाई जा सकती है, और आने वाले समय में यही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना लोहा मनवाएंगे।

# चीनी मिल के एजीएम की मशीनरी पर काम करते वक्त गिरने से हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राजा का सहसपुर स्थित लक्ष्मीजी शुगर मिल के एजीएम मिल में काम करने के दौरान मशीनरी से गिर गए। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में इलाज के लिए उन्हें निजी चिकित्सक को दिखाया गया बाद में मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीती शाम उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिवार में सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मूल रूप से मुरादाबाद के आशियाना मोरा की मिलक के रहने वाले 57 वर्षीय सुनील कुमार भटनागर पुत्र नरेंद्र कुमार भटनागर लक्ष्मी शुगर मिल में एजीएम के पद पर कार्यरत थे। जिससे उनके गंभीर चोटे आई ।आनन फानन में चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां से बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बीती रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुनील कुमार के परिवार में पत्नी चित्रा भटनागर के अलावा तीन बेटी बानी भटनागर, आकांक्षा, इतिशा है। जिसमें आकांक्षा की शादी इसी 18 नवंबर को हुई जबकि बानी भटनागर की शादी अप्रैल में होनी है, अचानक पिता की मौत से सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# बिलारी के आरेंद्र बड़गोती को मिला मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया का अवार्ड

**बिलारी।** दिल्ली में पूसा मेला मैदान में कृषि जागरण एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के तत्वाधान में मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादात में कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले अग्रणीय किसानों ने भाग लिया।जिसमें बिलारी के किसान आरेंद्र बरगोती ने भी भाग लिया।जहां उन्हें सम्मानित किया गया।



उनको जैविक खेती करने के अलावा खेती में अपना अग्रणीय योगदान देने पर मिलेनियम फार्मर ऑफ इंडिया का अवार्ड मिला। कार्यक्रम दिल्ली में 7 से 9 दिसंबर तक चल रहा है जिसमें 7 दिसंबर को कार्यक्रम के दौरान बिलारी के आरेंद्र बरगाती को यह अवार्ड मिला। अवार्ड मिलने के बाद लोगों को बधाई देने वालों का तांता घर पर लग गया।

# टिमिट ने किया हरिद्वार स्थित स्वावलंबन केंद्र का शैक्षिक भ्रमण आयोजित

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा एमबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के "स्वावलंबन केंद्र" का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्वावलंबन केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों, जैसे कुटीर उद्योग, कौशल विकास कार्यक्रम, आत्मनिर्भर उद्यम मॉडल तथा वैल्यू-बेस्ड बिजनेस प्रैक्टिसेज का गहन अवलोकन किया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि सीमित संसाधनों में किस प्रकार टिकाऊ एवं समाजोपयोगी व्यावसायिक मॉडल विकसित किए जा सकते हैं। जो भविष्य में उन्हें एक सफल एवं संवेदनशील प्रबंधक बनने में सहायक सिद्ध होगा। इस प्रकार के अनुभवों को अपने करियर निर्माण में आत्मसात करें।शैक्षिक भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों ने इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और व्यावहारिक सीख से भरपूर बताते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं टिमिट के प्रति आभार व्यक्त किया।



# यूपी बोर्ड परीक्षा 2026: परीक्षा केंद्रों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अन्तर्गत यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परीक्षा केंद्रों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने तहसीलवार केंद्रों की संख्या बताते हुए कहा कि तहसील सम्भल में कुल 36 (07 राजकीय, 13 अशासकीय सहायता प्राप्त, 16 वित्तविहीन), तहसील चन्दौसी में कुल 19 (02 राजकीय, 12 अशासकीय सहायता प्राप्त, 05 वित्तविहीन) तथा तहसील गुन्नौर में कुल 14 केंद्र (03 राजकीय, 07 अशासकीय सहायता प्राप्त, 04 वित्तविहीन) निर्धारित किए गए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि परिषदीय परीक्षा 2026 में हाईस्कूल के 27,786 और इंटरमीडिएट के 23,646 सहित कुल 51,432 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों से संबंधित आपत्तियों के निस्तारण तथा परिषद द्वारा आवंटित एवं पूर्व में बनाए गए केंद्रों की भौतिक सुविधाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी सम्भल रामानुज, उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर एम.एल. पटेल, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद और कथित उत्पीड़न से त्रस्त व्यक्ति ने राष्ट्रपति को भेजा इच्छा मृत्यु का पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र बहजोई के निवासी 50 वर्षीय रुपसिंह राणा ने पारिवारिक विवाद, संपत्ति संबंधी तनाव और एक महिला द्वारा लगाई गई शिकायतों से परेशान होकर राष्ट्रपति को इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगते हुए रजिस्टर्ड पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि उनका कोई संतान नहीं है और उनके सगे भाई द्वारा उनकी संपत्ति हड़पने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण वे लगातार मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं। रुपसिंह के अनुसार उनकी शादी वर्ष 2001 में वीना देवी से हुई थी, लेकिन दंपति की कोई संतान नहीं हुई। इसके बाद, उनके भाई गेंदनसिंह राणा ने 9 मई 2010 को मीनू नाम की एक महिला को घर लाकर उनसे शादी करने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियाँ दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में बरेली की रहने वाली इस महिला ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया, जबकि उसके हाथ पर पहले से 'टिंकू' नाम लिखा हुआ है। इसके अलावा उन पर झूठा दहेज उत्पीड़न का मामला भी दर्ज कराया गया, जिसमें वे जेल तक जा चुके हैं। रुपसिंह का यह भी कहना है कि उनके संयुक्त बैंक खाते से 2,55,000 रुपये की ठगी हो चुकी है, और लगातार मानसिक व आर्थिक तनाव के कारण वे अब जीवन से निराश हो चुके हैं। इन्हीं परिस्थितियों को बताते हुए उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में स्वेच्छा से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

# स्वच्छता अभियान में तेजी: नगरपालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**चन्दौसी।** नगरपालिका इन दिनों सफाई और स्वच्छता पर विशेष फोकस कर रही है, ताकि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में चन्दौसी बेहतर स्थान प्राप्त कर सके। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने सभी निरीक्षकों और सफाई नायकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर की सभी नालियां और नाले पूरी तरह साफ रहें तथा जल बहाव में किसी प्रकार की रुकावट न आए। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों की तली झाड़कर उन्हें पूरी तरह स्वच्छ रखना अनिवार्य है। इसी क्रम में सफाई निरीक्षक सुनील कुमार के निर्देशन में सफाई नायकों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर की सहायता से नाले-नालियों की सफाई कराकर मलवा ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा गया। नगरपालिका द्वारा इस अभियान को लगातार तेज गति से संचालित किया जा रहा है। वहीं बुधवार को नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय की पुत्री के पाणिग्रहण संस्कार का शुभ आयोजन भी होना है, जिसमें मंत्री और विधायक शामिल होंगे। इसे ध्यान में रखते हुए नगर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए पूरे शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम ABHIMANYU SAXENA व जन्म तिथि 07.11.2013 अंकित है जोकि सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम SHUBH एवं जन्मतिथि 07.11.2011 अंकित है जोकि गलत है। भविष्य में मुझे अभिमन्यु सक्सेना (ABHIMANYU SAXENA) के नाम से जाना व पहचाना जाएं व जन्मतिथि 07.11.2013 पढ़ी जाए। **अभिमन्यु सक्सेना पुत्र जितेन्द्र सक्सेना निवासी मकान नं० 216/सी मौहल्ला पक्का बाग बदायूं, जिला बदायूं।**

## खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230681743 का सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। मनीष सैनी पुत्र छत्रपाल सिंह ग्राम चकशहजहानी, धामपुर जिला बिजनौर।


# नगरपालिका के आदेश का असर: लोगों ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर में नाले-नालियों की सफाई कार्य अतिक्रमण के कारण बाधित हो रहा है, जिससे सफाई कर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए अब विभिन्न सामाजिक संगठनों और सभासदों का सहयोग लिया जा रहा है। वहीं नगरपालिका ने फिलहाल अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील शुरू कर दी है। नगरपालिका की ओर से मुनादी कराई जा रही है कि जिन लोगों ने स्थायी या अस्थायी अतिक्रमण कर रखा है, उनके अतिक्रमण पर नगरपालिका कर्मियों द्वारा निशान लगाए जा चुके हैं। इसके बाद भवन स्वामी और दुकानदार स्वयं राजमिस्त्रियों की सहायता से नालों और नालियों से अपना अतिक्रमण हटाना शुरू कर रहे हैं। मंगलवार को गणेश कॉलोनी, पंजाबी कॉलोनी, सीतारोड, खुर्जागेट,



सेमरटोला, चुन्नी मोहल्ला, करेली रोड, मालगोदाम रोड और बड़े बाजार ब्रह्म बाजार सहित कई इलाकों में नगरपालिका कर्मियों द्वारा अतिक्रमण की निशानदेही की गई। इसके बाद लोगों ने स्वयं अतिक्रमण तोड़कर मरम्मत कार्य भी प्रारंभ कर दिया। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि नगरपालिका का प्रमुख उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करना और सड़कों को स्वच्छ रखना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर नगरपालिका का सहयोग करें। उन्होंने कहा, 'यह शहर आपका है, जितनी बेहतर सफाई होगी उतनी ही आपके क्षेत्र की प्रशंसा होगी।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उन्हें नोटिस भेजकर नियमित कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा। साथ ही अवैध अतिक्रमण के मामलों में जुर्माना भी लगाया जाएगा। फिलहाल नगरपालिका के निर्देशों का प्रभाव साफ नजर आ रहा है।और लोग तेजी से अतिक्रमण हटाने में जुट गए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मथाना, विकास खण्ड छजलैट ( मुरादाबाद )

पंत्राक: मीमो / पराचि/ निर्माण कार्य/2025-26 दिनांक 09.12.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मथाना विकास खण्ड छजलैट जनपद मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक: 16.12.2025 को 2.00 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 16.12.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री की अनुमानित लागत | मद का नाम | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहुउद्देशयी पंचायत भवन का निर्माण कार्य | 2823232 | 2342874 | RGSA/पंचम/ 15 वां वित्त आयोग | 2 % | 200 | 03 माह |

मुख्य शर्तें:-
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव / ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मथाना विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

## न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० )/फार्स्ट ट्रैक कोर्ट महोदय, जनपद-मुरादाबाद।

**सिविल वाद सं0-** 132/2024
**तारीख पेशी:** 05.01.2026
**अजय पाल आदि बनाम हुकुम सिंह आदि।**

1. अजय पाल उम्र लगभग 38 वर्ष, 2. विशेष पाल उम्र लगभग 36 वर्ष, 3. कनिष्क पाल उर्फ विट्टू उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्रगण स्व. श्री रामकुंवर पाल निवासी मकान नं.-ई/74, दीन दयाल नगर, फेज-2 बेस्टैड मॉल के सामने डाकघर-सोनकपुर जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. हुकुम सिंह आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र देवीय दत्तामल द्वारा पार्टनर साईं कालौनाइर्जर मुरादाबाद निवासी 45 विजयनगर प्रभात मार्केट डाकघर व तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. अमित मेहंदी रत्ता आयु लगभग 55 वर्ष पुत्र जगदीश मेहंदी रत्ता नि. न्यू खुशहाल नगर शहर व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 01 के 05 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के 09 दिवस को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, जनपद-मुरादाबाद।**

# ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत परिवार पर दुखों का टूटा पहाड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** डिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम हुजरा मिलक निवासी एक युवा ट्रैक्टर चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना ने पहले से शोक संतप्त परिवार पर दुखों का एक और पहाड़ तोड़ दिया है। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार, हिमांशु चौहान (पुत्र रूप सिंह) मिट्टी ढोने का कार्य करते थे। आज प्रातः कुंडसेरा के जंगल से मिट्टी लादकर ट्रैक्टर से लौट रहे थे कि अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह खेत में पलट गया। इस हादसे में हिमांशु की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया गया,यह घटना ऐसे समय में हुई है जब परिवार पहले से ही एक गहरे सदमे से गुजर रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि हिमांशु के ताऊ महिपाल सिंह का 29 नवंबर को हार्ट अटैक से निधन हुआ था, जिसकी तेरहवीं बस कल यानी 8 दिसंबर को ही हुई थी। तेरहवीं के अगले ही दिन यह नया हादसा हो गया, मृतक हिमांशु अपने माता-पिता रूप सिंह व ओमवती देवी की इकलौती संतान और अपनी बहन स्वाती के इकलौते भाई थे। स्वाती का रिश्ता तय हो चुका था और उनकी शादी आगामी मार्च में होनी थी। परिवार में शादी की तैयारियों का दौर चल रहा था और खुशी का माहौल था। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और बहन समेत सभी परिजन रो-रोकर अपना बुरा हाल कर रहे हैं। इस अप्रत्याशित दुख ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।

# दहेज में पांच लाख व कार की मांग का विरोध करने पर विवाहिता से मारपीट

■ विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** दहेज मे पाँच लाख रुपये व एक कार की मांग का का विरोध करने पर ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। नगर के मोहल्ला बहेडोवाला वार्ड 7 निवासी मुस्कान पुत्री तस्लीम ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 14 जून 2025 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार थाना डिलारी के गांव सदरपुर निवासी सनीफ पुत्र हनीफ के साथ निकाह हुआ था। उस समय पिता व परिजनों नेसमर्थ से अधिक दान दहेज दिया था। लेकिन मिले दान दहेज से पति, ससुर और देवर खुश नहीं थे। निकाह के कुछ दिन बाद से ही उन्होंने दहेज की मांग शुरू कर दी। उसकी तरह-तरह से उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आरोप है कि लगातार दहेज में एक कार और पाँच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। पीड़िता का कहना है कि वह और उसका मायका यह मांग पूरी करने में असमर्थ थे, जिससे नाराज होकर ससुराल पक्ष अक्सर उससे मारपीट करते 8 दिसंबर की सुबह करीब 9:00 बजे पीड़िता के अनुसार पति हनीफ, उसके भाई नानू, ससुर मोहम्मद नगर और अन्य परिजनों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा तथा घर से निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

पीड़िता का आरोप है कि पति और ससुराल पक्ष अब भी कार व नकदी की मांग पर अड़े हैं और धमकियाँ दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से पति हनीफ, देवर नानू और ससुर मोहम्मद नगर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरूकर दी।

## एक नजर

### भाकियू किसानों से की जनवरी में महा पंचायत में इलाहाबाद चलने की अपील



**कांठ (शाह टाइम्स)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक का आयोजन आज किसान भवन छजलैट में चौधरी सिद्धराज सिंह की अध्यक्षता और विक्की चौधरी के संचालन में किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेता व पूर्व सांसद चौधरी धर्मेंद्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई किसानों से 16 17, 18 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय महा पंचायत में इलाहाबाद चलने का आह्वान किया गया। बताया गया कि इस पंचायत के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत रहेंगे। पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने किसानों से कहा कि गन्ना मिलो द्वारा अलग-अलग सेंट्रो पर अलग-अलग रेट की समस्या का समाधान कराया जाएगा और बिजली विभाग द्वारा लागू ओटीएस योजना में किसानों को लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने अमीनो को चेतावनी दी और कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को अब परेशान ना किया जाए। नहर विभाग से टेल तक पानी छोड़े जाने और आवारा पशुओं को पकड़वाए जाने की मांग की गई कहा की प्रशासन ने इस और गंभीरता से काम नहीं किया तो किसान यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह सतबीर सिंह मान ब्लॉक अध्यक्ष अनिल चौधरी उर्फ अंगद रामपाल सिंह पंकज चौधरी अजय कुमार सनोज कुमार राम अवतार सिंह सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा को दिल्ली जाकर सौंपा ज्ञापन



**कांठ( शाह टाइम्स )**टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आह्वान पर मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद रुचिवीरा को उनके दिल्ली आवास पर पहुंचकर सेवारत समस्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में प्रधानमंत्री,भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा द्वारा सांसद को बताया गया कि 01 सितम्बर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से देश भर के लगभग 20 लाख और प्रदेश के लगभग 2 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षक इस निर्णय से हतप्रभ व दुखी हैं।जिला उपाध्यक्ष व छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने बताया की आर टी ई एक्ट 2009 व एन सी टी ई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर सेवारत रहने व पदोन्नति हेतु टेट की अनिवार्यता पूर्णतया अव्यावहारिक है, ऐसे सभी शिक्षक नियुक्ति के समय पूर्ण योग्यता धारण करने के उपरांत ही शिक्षक पद पर नियुक्त हुए हैं। ज्ञापन में आर टी ई एक्ट व एन सी टी ई एक्ट की विभिन्न धाराओं का वर्णन किया गया। सांसद द्वारा इस गंभीर मुद्दे को जोरदार तरीके से सदन में उठाने का आश्वासन दिया गया।ज्ञापन के समय धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ कपिल सिरोही व उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम

'महिला सशक्तिकरण ही भ्रष्टाचार उन्मूलन का सबसे बड़ा हथियार': प्रेम कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आजाद पब्लिक इंटर कॉलेज, फुलवार रोड, मोहल्ला अंसारियन में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट, नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार (राष्ट्रीय अध्यक्ष, नागरिक एकता परिषद) ने सैकड़ों छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "जब तक आधी आबादी शिक्षित, स्वावलंबी और निर्णय प्रक्रिया में भागीदार नहीं बनेगी, भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत होती रहेंगी। सशक्त महिला ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई लड़ सकती है।" कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के इतिहास के महान योद्धाओं को याद किया गया: - महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले को भारत में स्त्री शिक्षा का जनक बताया गया, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को "महिलाओं का सच्चा मुक्तिदाता" कहते हुए उनके हिंदू कोड बिल और संविधान के लैंगिक समानता वाले प्रावधानों की चर्चा की गई, विश्व स्तर पर रोजा लक्जमबर्ग, मलाला यूसुफजई आदि का भी जिक्र हुआ। बालिका एवं महिला सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए POCSO एक्ट 2012 और POSH एक्ट 2013 की विस्तार से जानकारी दी गई। श्री प्रेम कुमार ने कहा, "हर स्कूल-कॉलेज में ICC कमेटी अनिवार्य होनी चाहिए। कानून तभी काम करते हैं जब समाज जागरूक हो।" भ्रष्टाचार को "आदूषित आदत" से "सामाजिक बीमारी" बनाने की अपील करते हुए जैन हवाला कांड में पद्मभूषण डॉ. विनीत नारायण की ऐतिहासिक लड़ाई का उदाहरण दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहीं छात्राएँ एवं महिलाएँ: शबनम, जहाँ अफसाना परवीन, रजनी मिश्रा, रंजीता मौर्य, अर्शी, जैनब, गुलाफ्शां बी, निशा बी, इरम बी, अलीशा बी, अल्शिफा बी, आफरीन निशा, आफरीन अंजुम, फातिमा, अक्सा, हिना, फिजा, इलमा, नसीम, मंतशा, माहिरा आदि। साथ ही शमसुल कमर, प्रधानाचार्य, इमाम हुसैन (मैनेजर), इमामुद्दीन, मोहम्मद आजम, इलमानूर सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएँ, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में तीन संकल्प दिलाए गए: 1. दैनिक जीवन से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म करेंगे, 2. ज्योतिबा-सावित्रीबाई और बाबा साहब के महिला सशक्तिकरण के सपने साकार करेंगे, 3. हर गाँव-मोहल्ले में POCSO, POSH और संवैधानिक अधिकारों की जागरूकता फैलाएंगे।

# सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का किया वितरण



**मुरादाबाद।** मंगलवार को यूपीए चेयरपर्सन और कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों में फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला।जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने बताया कि सोनिया गांधी न केवल देश की एक सम्मानित और अनुभवी राजनेता हैं, बल्कि समाजसेवा के प्रति समर्पित प्रेरणादायी व्यक्तित्व भी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन हमेशा से उनकी विचारधारा पर चलते हुए जनहित के कार्यों को बढ़ावा देता रहा है। इसी कड़ी में आज जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनका जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेसजनों ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों का हालचाल जाना तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उन्होंने सोनिया गांधी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना भी की।महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम उर्फ बंटी ने बताया कि जन्मदिन अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष जोश देखने को मिला। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन को मजबूत करने, सौहार्द बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का जो कार्य किया है, वह सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। महानगर कांग्रेस कमेटी की टीम ने भी जिला अस्पताल पहुँचकर मरीजों में फल वितरित किए और जनसेवा की कांग्रेस की मूल भावना को दोहराया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटियों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पति के मरने की खबर मिलते ही पत्नी की भी मौत, एक साथ हुआ दोनों का अंतिम संस्कार



**कांठ (शाह टाइम्स)** क्षेत्र के गांव कुम्हरिया में बीमार पति की मौत का गम पत्नी नहीं सह सकी। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी ने भी प्राण त्याग दिए। मंगलवार को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के गांव कुम्हरिया चकफेरी निवासी 61 वर्षीय इकबाल सिंह काफी समय से बीमार थेस इकबाल सिंह के भतीजे अधिवक्ता करतार सिंह के मुताबिक सोमवार को वह अमरोहा से दवा लेने गए थे। वहां उनकी मृत्यु हो गई। इसकी सूचना गांव पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। पति की मौत का गम उनकी पत्नी नहीं सह सकी। 58 वर्षीय पत्नी प्रेमवती ने पति का शव गांव पहुंचते ही दम तोड़ दिया। एक साथ दंपती की मृत्यु होने से गांव में माहौल गमगीन हो गया। दोनों का अंतिम संस्कार श्मशान घाट पर किया गया। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## इंसाफ में देरी के कारण भटक रहा पत्रकार आखिर क्यों नहीं हो पा रही सुनवाई



**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना छजलेट के गांव मुंड़ाला मोहम्मद जमापुर निवासी योगेंद्र पुत्र महावीर सिंह काफी समय से पत्रकारिता से जुड़ा हुआ है उसका कहना है कि उनके गांव में एक बौद्ध मंदिर बना हुआ है जिसके लिए रास्ता भी है। उसने उस रास्ते को पक्का कराने के लिए ग्राम प्रधान की मदद से काम शुरू कराया तो कुछ गांव के लोग जो सरकारी पदों पर आसीन हैं उन्होंने इस रास्ते को अवैध बताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। इसकी शिकायत लेकर पत्रकार तहसील दिवस पहुंचा, न्याय नहीं मिला तो तहसील स्तरीय अधिकारियों के यहां न्याय की गुहार लगाई, फिर भी न्याय नहीं मिला तो जिला स्तर के अधिकारियों पर पहुंचा, इसके बाद भी न्याय नहीं मिला तो मंडल स्तर के अधिकारियों तक उसने पत्र व्यवहार के द्वारा अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया, फिर भी न्याय नहीं मिला तो उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई, पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि गांव के विरोधी लोग उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं आए दिन उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है लेकिन ना तो उसे किसी अधिकारी द्वारा सुरक्षा की गारंटी मिल रही है और ना ही उक्त मार्ग के निर्माण का रास्ता साफ हो रहा है। पत्रकार का कहना था कि उसने दिल्ली जाकर भी विभिन्न माध्यमों से अपनी बात जनता के नुमाइंदों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। बताया कि उसकी फरियाद तो वहां तक पहुंचती है लेकिन इसके बाद करवाई ठंडे बस्ते में चली जाती है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से जुड़े व्यक्ति को जब न्याय पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है तो एक आम आदमी की सुनवाई आखिर किस तरह से हो रही है पीड़ित ने एक बार फिर अधिकारियों से गांव के रास्ते का पक्का निर्माण कराए जाने की गुहार लगाइ है।

## मसेबी रसूलपुर में महिला कंकाल का मामला, पति का आरोप उसकी पत्नी की हत्या कर खेत में दबाया शव

**कुन्दरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव मसेबी रसूलपुर में सात नबंवर को गन्ने के खेत से मिले अज्ञात महिला के कंकाल मामले में बड़ा मोड़ सामने आया है। गौरतलब है कि 7 नवंबर को मसेबी रसूलपुर में गन्ने के खेत में ईख की छिलाई के बाद खेत स्वामी को महिला की खोपड़ी, बाल और हाथ-पैर के अवशेष दिखाई दिए थे। जिसकी सूचना पर बिलारी सीओ और एसपी देहात आकाश कुमार मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खोदने के बाद आस-पास खेतों में अन्य अवशेष तलाशते हुए कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

इसी बीच थाना क्षेत्र के गांव असालतनगर बघा निवासी महफूज पुत्र महबूब ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि 24 सितंबर को उसकी पत्नी फिरोज जहाँ दवा लेने और मोबाइल ठीक कराने घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसकी पत्नी का कुछ पता नही चला। बाद में 18 अक्टूबर को परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई। महफूज ने बताया कि 8 नवंबर को उसे मसेबी रसूलपुर में महिला का कंकाल मिलने की जानकारी मिली। मौके पर मिले सामान को देखकर उसने अपनी पत्नी का होना बताया और डीएनए टेस्ट कराने की इच्छा जताई। उसका आरोप है कि उसकी पत्नी की हत्या कर शव को मसेबी रसूलपुर गन्ने के खेत में छिपाया गया। महफूज ने दो व्यक्तियों पर संदेह जताते हुए नामजद तहरीर दी है। उसका कहना है कि दोनों लोग उसकी पत्नी से छुपकर बातचीत किया करते थे।

# क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है जुआ व नशे का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र व नगर में नशे एवं जुआ का कारोबार फल फूल रहा है। धड़ल्ले से जारी इस अवैध कारोबार के गिरफ्त में युवा पीढ़ी आ रही है। वही क्षेत्र व नगर के कुछ इलाकों में चोरी, जुआ की वारदातें बढ़ रही है। वही युवा पीढ़ी के नशे एवं जुआ की चपेट में आने का प्रभाव समाज पर पड़ रहा है। युवा पीढ़ी को नशे एवं जुआ की लत ने पूरी तरह से जकड़ लिया है। सड़क किनारे शराबियों को नशे के धुत में पड़े देखा जा सकता है। जिसपर पुलिस प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। ब्लाक के गांव-गांव में खुलेआम जुए का अड्डा बना हुआ है। वही नगर के भी कुछ इलाकों में पेड़ की छांव में जुआ खेलने के लिए युवा वर्ग इकट्ठा होते हैं। इसी तरह से नशेड़ियों को खुलेआम नशा करते देखा जा सकता है। नगर व क्षेत्र की गली-कूचों में नशे सामग्री की उपलब्धता आसानी से हो जाती है, जिससे छोटे-छोटे बच्चे भी नशा करने के आदी हो गए हैं। नशे का कारोबार करने वाले अपना कारोबार दिन दुनी और रात चौगुनी की रफ्तार से बेखौफ कर रहे हैं। युवा वर्ग नशीली दवाओं का अधिक मात्रा में इस्तेमाल करने लगे हैं। क्षेत्र नशे के चंगुल में जकड़ा हुआ महसूस कर रहा है। नगर के सार्वजनिक प्रसाधनों में शराब एवं अन्य नशीली पदार्थों की शिशियां मिलना आम बात हो गई है। वही नशे के कारोबारी युवाओं को बर्बाद कर रहै है। वहीं नशे के कारोबारी मालामाल हो रहे है। सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों की धर-पकड़ करने में साथ ही नशे का कारोबार रोकने में पुलिस पूरी तरह से नाकाम है।

# शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय निर्माण का विवाद समाप्त, ट्रस्ट ने ठेकेदार को दी 2 लाख की धनराशि



**ठाकुरद्वारा।** जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को शिव मढ़ी मंदिर भूमि विवाद पर अंतिम निर्णय लेते हुए ठाकुरद्वारा स्थित मंदिर परिसर में आयुर्वेदिक चिकित्सालय नहीं बनाए जाने का फैसला हो गया। यह निर्णय मुरादाबाद में हुई बैठक में भाजपा नेताओं और श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लिया गया। निर्माण कार्य रोकने के लिए ठेकेदार महकार सिंह को 2 लाख रुपये की धनराशि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय केंद्र मुरादाबाद में ही नकद प्रदान की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक शर्मा, अवर अभियंता इरशाद अहमद, सहायक अभियंता अमित कुमार तथा आयुष विभाग के मंडलीय चिकित्सा अधिकारी अमरजीत सिंह नायक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले छह महीनों से मंदिर भूमि पर चिकित्सालय निर्माण का प्रयास किया जा रहा था, जिसका ट्रस्ट एवं श्रद्धालुओं द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा था। कई बार शिकायतें मुख्यमंत्री कार्यालय, एडीएम और कमिश्नर तक पहुंचीं, लेकिन कानूनी व सियासी उलझनों के चलते मामला लंबित था। मंगलवार को जिलाधिकारी की बैठक में आयुर्वेदिक विभाग एवं एसडीएम ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह को निर्देश देते हुए मामले का उसी दिन निस्तारण कराया गया। निर्णय के बाद ट्रस्ट कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### यांत्रिक दोष के कारण बढ़ रही बंद नलकूपों की संख्या से उपाध्यक्ष नाराज



कांठ(शाह टाइम्स) यांत्रिक दोष के कारण बढ़ती जा रही बंद नलकूपों की संख्या पर बैठक के दौरान जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह ने नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि यांत्रिक दोष या विद्युत खराबी के कारण किसी भी नलकूप को ज्यादा समय बंद रहना नहीं चाहिए। बैठक में नगला गांव में माइनर आदि अन्य किए जाने वाले निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जहां-जहां इस तरह की शिकायत है उन्हें शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने बताया कि नेहरो में पानी छोड़ दिया गया है धामपुर के पास कटिंग हो जाने के कारण पानी खेतों में भर गया था।

इसलिए नहर का जलस्तर कम करना पड़ा लेकिन इसे ठीक करा कर अब फिर इसको चालू कर दिया गया है। उन्होंने सिल्ट सफाई के कार्य पर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि कई जगह पर बड़े गलत तरीके से सिल्ट सफाई हुई है जो कि नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में नलकूप सुचारू रूप से चलाए जाएं और नेहरो में भी किसानों की जरूरत पूरी होने तक पानी लगातार दिया जाना चाहिए। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह अधिशासी अभियंता नलकूप नीरज कुमार गुप्ता राकेश कुमार पूजा कुमारी श्रद्धा भट्ट अजय कुमार गौतम सुशील कुमार कपिल कुमार राणा मनोहर बिंदा सिंह आशीष कुमार आदि मौजूद रहे अध्यक्षता उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई एवं संचालन प्रमोद कुमार द्वारा किया गया।

### एनडीपीएस एक्ट में एक गिरफ्तार नगदी और चरस बरामद

**कांठ( शाह टाइम्स )** गस्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को पड़कर हिरासत में ले लिया जिसके पास से 1600 नगद और 416 ग्राम चरस बरामद की गई पुलिस ने पकड़े गए युवक का चालान किया है। बताया गया कि पुलिस गस्त के दौरान मुख्तियारपुर नवादा के निकट आशापुर कॉलोनी रोड पर पहुंची तो वहां उन्होंने एक संदिग्ध को पड़कर हिरासत में ले लिया जिसके पास से 416 ग्राम चरस एवं 1600 नगद बरामद किए गए पकड़े गए युवक ने अपना नाम कमल पुत्र जयंती निवासी आशापुर कॉलोनी बताया कहा कि वह नशीले पदार्थों की बिक्री कर धन कमाने का काम करता है। बतादे की आशापुर कॉलोनी में नशे का कारोबार अपनी जड़ जमा चुका है नशे की चपेट में आकर कई घर बर्बाद हो चुके हैं पुलिस ने एक बार फिर नशीले पदार्थ का कारोबार करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोला है थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अपने थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का कारोबार नहीं करने दिया जाएगा और इस कार्य में जो व्यक्ति लिप्त मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# जनता इंटर कॉलेज में 6 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र का हुआ शुभारंभ

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किया उद्घाटन



**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज, गोपीवाला-कालेवाला के परिसर में मंगलवार को 6 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने समिति के सभी सदस्यों एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह गहलौत, समिति के सम्मानित सदस्य, समस्त अध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह सौर परियोजना विद्यालय को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस सौर संयंत्र से न केवल विद्यालय की बिजली की खपत कम होगी, बल्कि छात्रों को नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग का प्रत्यक्ष ज्ञान भी मिलेगा। प्रधानाचार्य गहलौत ने प्रबंध समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहली विद्यालय की हरित पहलों में एक सराहनीय अध्याय है। इस मौके शिक्षक अरुण कुमार सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खेल विशेष

## रितिक ने यश घांघस को हराकर पुरुष जूडो 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**उदयपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के रितिक ने यश घांघस को हराकर जूडो पुरुष 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेई इंडोर हॉल में अपने चौथे केआईयूजी में लवली एलपीयू का प्रतिनिधित्व करते हुए रितिक ने अपना तीसरा केआईयूजी स्वर्ण पदक जीता। उनके खाते में इससे पहले एक कांस्य पदक भी शामिल है। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही रितिक को हांगकांग में एशियन ओपन चैम्पियनशिप में पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन वे उस निराशा में डूबने के बजाय सीधे उदयपुर पहुंचे और विदेशी दौरे से मिली सीख को अपनी रणनीति और मानसिक मजबूती में बदलते हुए शांत, संयमित और प्रभावी खेल दिखाया। फाइनल में उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी यश घांघस को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुकाबले के बाद रितिक ने कहा कि हमारे वेट कैटेगरी में खिलाड़ी कम हैं, इसलिए हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। मैंने उसे पहली बार गुवाहाटी केआईवाईजी में हराया था और केआईयूजी 2025 में फिर ऐसा कर पाने की खुशी है। रितिक ने कहा कि पहले राउंड में हारने के बावजूद हांगकांग से मैं बहुत कुछ सीखकर लौटा हूं। जूडो में मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। ऐसी यात्राओं से पता चलता है कि वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन खेल को कैसे देखते हैं, उनकी तकनीकें क्या हैं और विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ स्पैरिंग का अनुभव मिलता है।

# रोहित-विराट के नाम एक और कारनामा

● **इस साल वनडे में जड़ दिए सबसे ज्यादा शतक, भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही जड़े**

**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2025 में भारत का वनडे में प्रदर्शन काफी हद तक अच्छा रहा है। साल की शुरुआत में भारत ने इंग्लैंड को 3-0 से हराया था।

फिर चैंपियंस ट्रॉफी में भी बिना कोई मैच गंवाए लगातार पांच जीत के साथ चैंपियन बना। इस तरह भारत ने साल की शुरुआत में लगातार 8 मुकाबले जीते थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद खेले गए 6 मैच में से भारत 3 मैच गंवा चुका है। इस तरह भारत ने इस साल खेले गए 14 में से 11 मुकाबले जीते हैं। इस प्रदर्शन के बावजूद अगर हम भारत के लिए वनडे में इस साल के शतकों की बात करें तो कुल 9 ही शतक लगे हैं। शतकवीरों की बात की जाए तो उनमें सिर्फ पांच नाम ही सामने आते हैं। इनमें भी चौथा और पांचवां नाम तो ऐसा है, जिन्हें वनडे टीम में बहुत ही कम मौके मिले हैं। )तुराज गायकवाड़ की साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। वहीं यशस्वी जायसवाल ने करियर में सिर्फ 4 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे से भी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इस साल भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही लगाए हैं। विराट ने इस साल 3 और रोहित ने 2 शतक जड़े हैं। इनके अलावा युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी 2 शतक लगाए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर रहे बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने इस साल के अपने दूसरे ही मैच में शतक



जड़ दिया। सीरीज के आखिरी वनडे मैच में यशस्वी जायसवाल ने भी शतक जड़कर इस सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। भारत के लिए साल 2025 में 6 बल्लेबाजों ने अर्द्धशतक लगाए हैं। सबसे ज्यादा अ(शतक लगाने के मामले में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा सूची में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दोनों ने इस साल 4-4 अर्द्धशतक लगाए हैं। सूची में पहले स्थान पर श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने इस साल 11 मैच की 10 पारियों में 5 अ(शतक लगाए हैं। शुभमन गिल और केएल राहुल 11 पारियों में 2-2 अर्द्धशतक लगा चुके हैं। वहीं एक अर्द्धशतक अक्षर पटेल ने भी जड़ा है। इस साल में वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ही भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने 13 पारियों में 65.10 की औसत से 651 रन बनाए, वहीं पूर्व कप्तान रोहित ने 14 पारियों में 50 की औसत से 650 रन बनाए।

# कोहली-रोहित टीम इंडिया की रीढ़, इन्हे 2027 तक खेलना चाहिए

● **पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी साधा निशाना**

**कराची, वार्ता।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेटरों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अफरीदी ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारतीय वनडे टीम की रीढ़ करार दिया और कहा कि दोनों बल्लेबाजों को कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते रहना चाहिए।

उन्होंने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा और कहा कि गंभीर अपने फैसलों में खुद को हमेशा सही मानते हैं। अफरीदी ने कहा कि समय ने साबित किया है कि गंभीर का हर फैसला सही नहीं होता। टेलिकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने कहा कि ये सच है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ हैं। हालिया वनडे सीरीज में दोनों की फार्म देखकर साफ है कि वे 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन दोनों दिग्गजों का सही इस्तेमाल होना चाहिए। अफरीदी ने कहा कि जब भारत कमजोर टीमों के खिलाफ खेले, तब नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए और रोहित-विराट को आराम दिया जा सकता है।

अफरीदी और गंभीर के रिश्ते पहले भी मैदान पर गर्म रहे हैं। अब उन्होंने एक बार फिर गंभीर पर कटाक्ष किया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, शगंभीर ने अपनी कोचिंग शुरुआत इस तरह की जैसे वही हर बात में सही हों, लेकिन बाद में साबित हो गया कि हर समय आपके फैसले सही नहीं होते। अफरीदी ने रोहित शर्मा के द्वारा उनके वनडे में कुल छक्कों के रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, शरिकॉर्ड बनते हैं और टूटते हैं।

मुझे खुशी है कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसे मैंने हमेशा पसंद किया, उसने यह रिकॉर्ड तोड़ा।श रोहित ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में अफरीदी के 351 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और अब उनके नाम 355 छक्के हैं। अफरीदी ने याद करते हुए कहा कि 2008 में आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स के लिए साथ खेलते समय ही उन्होंने रोहित की क्लास पहचान ली थी। अफरीदी ने कहा कि प्रैक्टिस के दौरान रोहित की बल्लेबाजी देखकर ही समझ गया था कि ये खिलाड़ी एक दिन भारत के लिए खेलेगा और आज वह विश्व क्रिकेट का बड़ा नाम है।

## ट्रॉफी चोर नकवी की लंदन में हुई घनघोर बेइज्जती

● **ब्रिटिश पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली, वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीसीबी के अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री मोहसिन नकवी की लंदन में घनघोर बेइज्जती हुई है। ब्रिटिश पुलिस ने ट्रॉफी चोर नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि दुनिया में पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय साख कैसी है। बताया जा रहा है कि नकवी शहजाद अकबर और आदिल राजा के प्रत्यर्पण पर बातचीत के लिए ब्रिटेन में थे। लंदन पुलिस ने हालांकि, नकवी की गाड़ी की तलाशी के बारे में कुछ भी टिप्पणी नहीं की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह ब्रिटिश पुलिस ने नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। वीडियो देखकर लग रहा है कि यह रूटीन चेकिंग नहीं थी क्योंकि पुलिस ने हर दिशा से गाड़ी को चेक किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनसार, नकवी की गाड़ी की तलाशी उस वक्त ली गई जब वह अधिकारियों से मिलने के लिए ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय पहुंचे। नकवी पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन भी हैं। मालूम हो कि नकवी ने भारत द्वारा जीती एशिया कप की ट्रॉफी अपने पास रख ली है और अब तक इसे भारत को नहीं दिया है। भारत ने इस साल फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था, लेकिन टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

## शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली

● **वह क्यों नहीं खेल सकते भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने अगरकर को आड़े हाथों लिया**

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर निशाना साधा है। गांगुली ने अगरकर से सवाल पूछते हुए कहा कि वह बताएं कि मोहम्मद शमी भारत के लिए क्यों नहीं खेल सकते? शमी ने बंगाल के लिए खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। शमी भले ही राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपना दम दिखाया है। शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में पिछले तीन मैचों में 11 विकेट लिए और अपनी फार्म साबित की। इससे पहले, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी प्रभावित किया था। शमी और अगरकर के बीच पिछले कुछ समय से चीजें सही नहीं चल रही हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ



सीमित ओवरों की सीरीज के लिए शमी को नहीं चुने जाने के बाद से ही अगरकर पर निशाना साधा जा रहा है। अब गांगुली ने भी शमी को टीम में शामिल करने की मांग पर सीधे अगरकर को घेरा है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष गांगुली ने कहा, मुझे यकीन है कि चयनकर्ता देख रहे हैं। मुझे यकीन है कि मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत होती है। मुझे नहीं पता, लेकिन अगर आप मुझसे फिटनेस और कौशल के मामले में पूछें तो यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं। इसलिए मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे और टी-20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते, क्योंकि उनका कौशल बहुत बड़ा है। 2023 वनडे विश्व कप के बाद शमी के टखने में चोट लगी थी और इसके बाद से ही वह टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल थे। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए, लेकिन इसके बाद से उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है।

## म्लाबा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चार पायदान आगे पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर बड़ी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। आईसीसी की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार म्लाबा ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में केवल 11-33 की औसत से तीन विकेट लिए हैं और इसके परिणामस्वरूप यह बाएं हाथ की टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 705 अंकों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई है। 25 वर्षीय स्पिनर अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से केवल 31 अंक पीछे है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि क्लो ट्रायोन इसी लिस्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं। लुस ने दो पारियों में 81 और 37 रन बनाए हैं और टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 82वें स्थान पर फिर से शामिल हो गई हैं, जबकि आयरलैंड की लेह पॉल प्रोटियाज के खिलाफ दो अच्छे स्कोर बनाने के बाद इसी सूची में नौ स्थान ऊपर चढ़कर 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी नंबर 1 बल्लेबाज बनी हुई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 115 और 22 रन बनाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# मार्क वुड हुए एशेज से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पर्थ में पहले ऐशेज टेस्ट के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट के दोबारा उभरने के कारण ऐशेज सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में जगह दी गई है। छह फुट दो इंच लंबे फिशर ने अपना इकलौता टेस्ट 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। वह पहले से ही इंग्लैंड लायंस टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं और इस सप्ताह सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे।

एडिलेड में होने वाला तीसरा टेस्ट 17 दिसम्बर से शुरू होगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि वुड इस सप्ताह के आखिर में स्वदेश लौटेंगे और अपने रिहैब और रिकवरी के लिए ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वुड ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि ऐशेज के शेष मैचों से बाहर होकर बेहद दुखी हूं। सर्जरी और वापसी के लिए सात महीनों की लंबी, कड़ी मेहनत और रिहैब के बाद भी मेरा घुटना साथ नहीं दे पाया। हममें से किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी। मैं यहां बड़ा असर डालने की पूरी उम्मीद के साथ आया था।

मुझे बेहद निराशा है कि और इंजेक्शन और गहन चिकित्सकीय इलाज के बावजूद मेरे घुटने की सूजन की स्थिति हमारी आशंका से भी ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत अफसोस है कि मैं उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया, लेकिन मेरी कोशिश में कोई कमी नहीं थी। आगे जो भी हो, मैं दोबारा वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत लगाता रहूंगा। पिछले कुछ महीने बेहद कठिन रहे हैं, लेकिन मैं फिर से पूरी तरह कोशिश करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मुझे अब भी विश्वास है कि हम हालात पलट सकते हैं। कभी हार मत मानो, चलो बढ़ो, इंग्लैंड।

## सूर्या-गंभीर जगन्नाथ मंदिर पहुंचे

● **कटक टी-20 मुकाबले से पहले टीम इंडिया ने पुरी में की पूजा**

**पुरी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद रहे। टीम इंडिया ने यह आध्यात्मिक यात्रा मंगलवार सुबह की, ठीक उसी दिन जब कटक के बाराबाती स्टेडियम में पहला टी-20 मुकाबला खेला जाना है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और कई खिलाड़ी शामिल रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सभी खिलाड़ियों ने मंदिर में प्रवेश कर पूजा की। भारत और दक्षिण अफ्रीका टेस्ट और वनडे सीरीज के मुकाबले अब टी-20 में आमने-सामने होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को टेस्ट में 2-0 हराया था, जबकि भारत ने वनडे में दमदार वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की थी। टी-20 सीरीज दोनों टीमों के लिए खास है क्योंकि यह सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी मानी जा रही है। इस मैच के लिए भारत की टीम में कई महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी हो रही है। शुभमन गिल, हार्दिक पांडडा और जसप्रीत बुमराह की वापसी से टीम का बैटिंग और बालिंग काम्बिनेशन और मजबूत हो गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में भी बड़े नाम वापसी कर रहे हैं। डेविड मिलर, एनरिक नार्त्जे और अन्य खिलाड़ी इस सीरीज को बड़ा मंच मान रहे हैं, क्योंकि इस सीरीज के बीच में आईपीएल नीलामी होने वाली है। कई खिलाड़ी इस सीरीज को एक आडिशन की तरह देख रहे हैं।

**भारतः** अभिषेक, गिल, सूर्यकुमार (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू (विकेटकीपर), हार्दिक, अक्षर, कुलदीप, वरुण, जसप्रीत, अर्शदीप सिंह।

## IPL की छोटी नीलामी में 350 खिलाड़ी शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी में 16 दिसम्बर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में शामिल होने वाले कुल 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने स्वयं को अधिकतम बेस प्राइस दो करोड़ रुपये पर सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ही केवल दो भारतीय खिलाड़ी हैं।

कैमरन ग्रीन के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है और उन्होंने स्वयं को बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया है और वह पहले सेट में नजर आएंगे। क्विटन डी कॉक, दुनित वेल्लालागे और जॉर्ज लिंडे को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। ए तीनों खिलाड़ी लॉन्ग लिस्ट का हिस्सा नहीं थे। कुल मिलाकर टीमों की मांग के बाद 35 नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। सूचीब( किए गए 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय हैं और 110 विदेशी हैं। इसके अलावा इस सूची में निखिल



चौधरी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 2017 में पंजाब के लिए लिस्ट ए और टी-20 में पर्दापण किया था, लेकिन बाद में कोविड के दौरान ऑस्ट्रेलिया चल गए और वहीं बस गए। उन्हें भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में नीलामी में जगह मिली है, जबकि वह ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट और बिग बैश लीग खेल चुके हैं। खिलाड़ियों की नीलामी की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों के सेट से होगी- जिसमें बल्लेबाजो, ऑलराउंडर, विकेटकीपर-बल्लेबाजो, तेज गेंदबाजो और स्पिन गेंदबाजो का अलग-अलग सेट आएगा। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों का पूरा राउंड होगा। एक्सीलरेटेड प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी। कुल 77 स्लॉट नीलामी में भरे जाने हैं, जिनमें 31 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64-30 करोड़ रुपये का है और उनके पास कुल 13 स्लॉट खाली हैं।

## टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर न्यूजीलैंड टीम से हुए बाहर

● **न्यूजीलैंड ने ब्लंडेल की जगह मिशेल को टीम में जगह दी है**

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह मिशेल हे को टीम में जगह दी है। यह ऐसा समय हुआ जब जब मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर की तिकड़ी क्रमशः पिडली, पसली और कमर की चोटों के कारण टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिश्चियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय हे ने न्यूजीलैंड के लिए दो सफेद गेंद प्रारुप (12 टी-20, सात एकदिवसीय) में 19 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48-58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है, जो उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन था। मिशेल हे और नए गेंदबाजों को लेकर मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि मिच एक युवा क्रिकेटर हैं उसने पहले ही सफेद गेंद टीम में अच्छा योगदान दिया है। प्रथम श्रेणी स्तर पर कैंटरबरी के लिए उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। उनका टेस्ट टीम में आना उनके करियर का एक बड़ा पल है और हम उन्हें खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं। 24 वर्षीय क्लार्क ने नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए 28 मैचों में 79 विकेट लिए हैं, जबकि रे (30) ने अपने फर्स्ट-क्लास करियर में 70 मैचों में 208 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन और माइकल दोनों ही बेहतरीन क्षमता वाले खिलाड़ी हैं, और पिछले कुछ सालों में दोनों ने अपनी घरेलू टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

# दिया चितले-मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी फाइनल में करेगी स्पर्धा



**हांगकांग, वार्ता।** दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस भारतीय जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राजील में एक ऐतिहासिक मिश्रित युगल स्पर्धा का रजत पदक जीता था। मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिग्शा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग जेंटिंग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।

## चोटिल हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर, कमिंस की वापसी करीब

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड एक नई चोट के कारण एशेज सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए। हेजलवुड शुरू में पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर थे। हालांकि, पिछले हफ्ते एक नई अकिलीज से संबंधित समस्या ने इस गर्मी में उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने हेजलवुड के चोटिल होकर टीम से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, जोश एशेज का हिस्सा नहीं होंगे। उनके लिए यह बहुत निराशाजनक है। कुछ ऐसे झटके लगे जिनकी हमने उम्मीद नहीं की थी, और हमें लगा था कि वह सीरीज में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अलग चोट है। यह पिडली के निचले हिस्से में अकिलीज क्षेत्रा में है। उनकी तैयारी अब वर्ल्ड कप की ओर होगी, जो हमारे लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण अभियान है। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज अब सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिस के एडिलेड में तीसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद से बढ़ावा मिला है। मैकडॉनल्ड ने कहा कि कमिस का टीम का नेतृत्व करना 'लगभग तय' है, क्योंकि उन्होंने ब्रिस्बेन में टीम के खेलने के दौरान एलन बॉर्डर मैदान में व्यापक अभ्यास किया था। मैकडॉनल्ड ने कहा कि उनका शरीर खेलने के लिए तैयार है और अगले हफ्ते कुछ और न होने पर, मुझे उम्मीद है कि पैट सिक्का उछालेंगे और ब्लेजर पहनेंगे।

## आईएफएएफ अपना मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में करेंगा स्थानांतरित

**जिनेवा, वार्ता।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ अमेरिकन फुटबॉल (आईएफएएफ) ने अपना वैश्विक मुख्यालय ओलंपिक की राजधानी स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। आईएफएएफ की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यह कदम अमेरिकन फुटबॉल के खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जो ओलंपिक आंदोलन के प्रति अपनी लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आईएफएएफ के अध्यक्ष पियरे ट्रोचेट ने कहा कि यह मत एक स्पष्ट बयान है कि आईएफएएफ और हमारा वैश्विक अमेरिकन फुटबॉल परिवार मानता है कि उसका भविष्य ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में है। हमारे मुख्यालय को लॉजेन और मैसन डू स्पोर्ट इंटरनेशनल में स्थानांतरित करना हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# प्रिंस चौहान की हत्या के मामले में 5 आरोपियों को मझोला थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ लाइनपार चिड़िया टोला इलाके में गोली मारकर की गई थी युवक प्रिंस चौहान की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के चिड़िया टोला में सोमवार रात हुई सनसनीखेज वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। रामेश्वर कालोनी निवासी प्रिंस चौहान की सरेबाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग और परिजन उग्र हो गए और विरोध स्वरूप हाईवे जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत कराया।मामले में मृतक के पिता जगपाल सिंह ने बेटे प्रिंस चौहान की हत्या के मामले में सात नामजद मयंक गुर्जर,प्रशांत सैनी,अभिखत्री,मोहन,यश सैनी,भीम,अर्जुन और 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

परिजनों का आरोप है कि पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने प्रिंस को घेरकर गोली मारी। पुलिस के अनुसार मृतक और हमलावरों के बीच पहले कहासुनी और विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।घटना के बाद पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मझोला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो की गिरफ्तारी के लिए दबिशें जारी हैं। एसपी सिटी ने कहा कि वारदात में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और शेष फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और संभावित तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, इलाके में घटना को लेकर लोगों में आक्रोश बना हुआ है।



# हिंदू कॉलेज में धरना प्रदर्शन कर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के खिलाफ जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रुहेलखंड विश्व. विद्यालय द्वारा पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं का पारिश्रमिक न दिए जाने से नाराज शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बुध बाजार स्थित हिंदू कॉलेज के मुख्य गेट पर महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद, मुरादाबाद इकाई ने धरना आयोजित कर विश्व. विद्यालय प्रशासन के प्रति गहरी नारा. जगी प्रकट की। कर्मचारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय से वर्षों से भुगतान लंबित है, जिसके कारण उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कई कर्मचारियों ने बताया कि वे दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मुश्किलें झेल रहे हैं, जबकि परीक्षा कार्य समय से पूरा करने के बावजूद उन्हें उचित प्रतिफल नहीं मिलता।धरने के दौरान कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही और उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार पत्राचार व मांग रखने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे कर्मचारियों में गहरा रोष है। परिषद के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है और यदि विश्वविद्यालय जल्द से जल्द बकाया भुगतान नहीं करता है, तो वे आगामी परीक्षाओं का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा बहिष्कार की स्थिति में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का सुचारू संचालन उन्हीं के सहयोग पर आधारित है और यदि उनकी उचित मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल हुए और उन्होंने पारिश्रमिक भुगतान की पुरजोर मांग उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि वह समाधान होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेंगे।



## एसआईआर पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ की बैठक सम्पन्न

**ठाकुरद्वारा।** विधानसभा क्षेत्र 26 ठाकुरद्वारा में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), राजनीतिक दलों के बूथ एजेंटों तथा गणमान्य नागरिकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठकें बूथ संख्या 311 से 314 तक रहटा माफी, बूथ संख्या 273 से 275 तक धींगरपुर मूलावान, बूथ संख्या 275 से 279 सर्वोदय इंटर कॉलेज डिलारी तथा बूथ संख्या 315 से 318 रा.इ. कॉलेज अदलपुर सालारपुर में सम्पन्न हुईं। बैठकों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण, एएसडी मतदाताओं के संबंध में जानकारी, निर्वाचक नामावली सुधार तथा अन्य जरूरी निर्वाचन प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित बीएलओ और एजेंटों को समय पर अद्यतन कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार चौहान, सतेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. अनुपम शर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनेश कुमार, ग्राम प्रधान तुलाराम सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद, सचिन कुमार, जिला प्रतिनिधि स्वाति चौधरी, दीपक रघुवंशी, रिजवान, खगेन्द्र राणा, शिवम, पवन यादव, केशव कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट विभाग में आयोजित हुई 'गेट- टु गेदर पार्टी'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक गेट-टु गेदर पार्टी ''आलोहा'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल, बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष व आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव, होटेल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया एवं कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना तथा मैनेजमेंट विभाग के डॉ. हिमांशु गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।पार्टी में छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन गीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आयोजित हुई विविध प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर एमबीए, अंतिम वर्ष के छात्र मुकुल प्रताप को मिस्टर फेयरवेल तथा एमबीए, अंतिम वर्ष की छात्रा साक्षी को मिस फेयरवेल चुना गया। इस दौरान एमबीए, प्रथम वर्ष के छात्र निखिल कन्नौजिया को मिस्टर फ्रेशर और एमबीए, प्रथम वर्ष की छात्रा जरनब को मिस फ्रेशर चुना गया। एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र हुजैफा को स्पार्कल किंग, एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र जतिन को स्पार्कल किंग, और एमबीए, प्रथम वर्ष की छात्रा तान्या राजपूत को मिस पर्सनेलिटी फ्रेशर और एमबीए, अंतिम वर्ष की छात्रा शैजादी नीलोफर को मिस पॉपुलर चुना गया। निर्णायकों की भूमिका में होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, डॉ. शेफाली अग्रवाल एवं श्री कुंवर अंकुश सक्सैना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर निदेशिका डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर आपस में मिल-जुलकर कार्य करने की प्रवृत्ति का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र चाहे पढ़ाई का हो खेलकूद का हो या फिर कोई अन्य, सही दिशा में मेहनत व बेहतर प्रदर्शन करने से ही अलग पहचान बनेगी।

स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका व कार्यक्रम की समन्वयिका डॉ. आरती गर्ग ने इस गेट टु गेदर पार्टी का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टुडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्यों श्री अक्षय शर्मा, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव, डॉ अर्चना, श्री आकाश मौर्य का विशेष योगदान रहा।



## एक नजर

### भारतीय लोकतंत्र बचाओ मोर्चा ने की 60 वर्ष से अधिक आयु के बंदियों की रिहाई की मांग



**मुरादाबाद।** भारतीय लोकतंत्र बचाओ मोर्चा ने मंगलवार को एक सूत्रीय मांग के समर्थन में कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद 60 वर्ष से अधिक आयु पार कर चुके कैदियों की रिहाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ऐसे वृद्ध बंदी, जो अपनी सजा का अधिकांश हिस्सा पूरा कर चुके हैं, उन्हें मानवता और संविधान के मूल भावना के आधार पर विशेष अवसरों पर रिहा किया जाना चाहिए।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट अभय सिंह को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आगामी 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर उम्रदराज बंदियों को रिहा कर राज्य सरकार मानवता का उदाहरण प्रस्तुत कर सकती है। मोर्चा से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि जेलों में अनेक कैदी 60, 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं और कई बीमारियों से भी जूझ रहे हैं। उनकी रिहाई न केवल सामाजिक पुनर्वास में सहायक होगी बल्कि जेल प्रशासन पर पड़ रहा अतिरिक्त भार भी कम होगा।

### बरकत शाह के चल रहे तीन रोजा उर्स के दूसरे दिन नगर में निकली चादर, मलंगों ने किया धमाल



**कुन्दरकी।** नगर के ढकिया रोड स्थित मौलाना बरकत शाह मदारी का तीन रोजा सालाना उर्स के दूसरे दिन नगर में निकली चादर मलंगों ने किया धमाल। मंगलवार को नगर के ढकिया रोड स्थित मौलाना बरकत शाह मदारी का चल रहा तीन रोजा सालाना उर्स के दूसरे दिन नगर में चादर निकाली गई जिसमें मलंगों ने धमाल किया। अकीदत एतराम के साथ चादरपोशी की गई। तथा 31 दिसम्बर रात बाद नमाजे इशा उलेमा मशाइख का तकरीरी प्रोग्राम होगा 10 दिसंबर को सुबह 9;30 बजे कुल शरीफ होकर उर्स सम्पन्न हो जायेगा। इस दौरान जुलूस में गददी नशीन शराफत अली उर्फ बब्बू मियां मदारी मोहम्मद अली मदारी नूर अली खलीफा अमरोहा रशीद मियां मदारी खलीफा अशरफ मियां मदारी बहजोई अनीस अहमद मदारी कारी, सलेमपुर शाहिद मदारी जिला बिजनौर शौकीन मदारी जिला बिजनौर मस्तान दिल्ली शराफत मदारी जिला बिजनौर सलीम मदारी इंदापुर नगला राहत अली मदारी नगला सालार मलंग अहमद अली मदारी मोहम्मद कासिम मदारी आदि रहे।

### प्राइवेट एंबुलेंस पलटने से चालक की दबकर मौत

**बिलारी।** रामपुर पट्टी गांव के पास तेज रफ्तार दौड़ती प्राइवेट एंबुलेंस अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। इस हादसे में एंबुलेंस चालक एंबुलेंस के भीतर दब गया। भीड़ ने चालक को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। मंगलवार की दोपहर 3 बजे रामपुर पट्टी के पास अनियंत्रित होकर एक प्राइवेट एंबुलेंस खंदी में जाकर पलट गई। एंबुलेंस को रामपुर पट्टी गुर्जर गांव का 30 वर्षीय सतवीर पुत्र सीताराम चल रहा था। एंबुलेंस पलटने से वह एंबुलेंस के भीतर जाकर दब गया, आसपास लोगों की भीड़ जुड़ गई। उसकी एंबुलेंस में दबने से उसकी मौत हो चुकी थी, इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा पर सब को मोर्चरी भिजवा दिया। वहीं परिवार के लोगों को सूचना दी।

# इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने संभाला चार्ज

**चन्दौसी।** मंगलवार को नवागंत.ुक इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने कोतवाली चन्दौसी का कार्यभार संभाल लिया। उल्लेखनीय है कि इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान का स्थानांतरण थाना असमोली हो जाने के बाद कोतवाली चन्दौसी की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर अनुज को सौंपी गई है। वह इससे पूर्व थाना हजरतनगर गढ़ी पर तैनात थे। चार्ज संभालने के बाद इंस्पेक्टर अनुज ने मीडिया से बातचीत की और स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों पर कड़ी नजर रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पीडिघ्त ही थाना-कोतवाली में न्याय की उम्मीद लेकर आता है, इसलिए उसे न्याय दिलाना ही मेरा पहला दायित्व है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सम्भल के आदेशानुसार कोतवाली में आने वाले प्रत्येक फरियादी को भरोसे की पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पारदर्शिता और भरोसा बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराधों को विशेष गंभीरता से लिया जाएगा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बता दें कि इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर वर्ष 2012 में पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे और अब तक धामपुर, चांदपुर, नगीना, नहटौर, देहपा सहित कई थानों पर अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनकी कार्यशैली को अनुशासन और तत्परता के लिए जाना जाता है।



# अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के तत्वावधान में हिन्दू कॉलेज,की खेल समिति द्वारा अंतर महाविद्यालयी जूडो प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी करते हुए शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल-भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस. एस. रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. अनिल चौहान ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई, जबकि विश्वविद्यालय विशेषज्ञ डॉ. मनीष भट्ट ने खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। निर्णायक मंडल ने सभी मुकाबलों को निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया।पुरुष वर्ग में स्पर्श सिंह (अंडर 60 किग्रा), उत्कर्ष शर्मा (अंडर 66 किग्रा), निशांत सिंह (अंडर 73 किग्रा), सचिन कुमार सिंह (अंडर 81 किग्रा), प्रखर कुमार सिंह (अंडर 90 किग्रा), वैभव चौधरी (अंडर 100 किग्रा) और यश यादव (+100 किग्रा) विजेता रहे। वहीं महिला वर्ग में मनीषा (अंडर 48 किग्रा), शिखा (अंडर 52 किग्रा), रिद्धि जैन (अंडर 57 किग्रा), डॉली (अंडर 63 किग्रा) और पुष्पांजलि सिंह (अंडर 78 किग्रा) ने खिताब अपने नाम किया।समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजन सचिव पंकज सिंह ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए हिन्दू कॉलेज की खेल समिति, आर.एस.ओ. मुरादाबाद मंडल के सुनील यादव, सोनकपुर स्टेडियम स्टाफ, विश्वविद्यालय पर्यवेक्षकों तथा मुरादाबाद जिला जूडो एवं पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव सुहैल अहमद सहित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. मोहम्मद साकिब, डॉ. चन्द्रजीत कुमार यादव, डॉ. सर्वेश चतुर्वेदी, डॉ. राम ललित, मयंक, विकास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम के कृषि विद्यार्थियों ने किया जनपद स्तरीय 'रबी उत्पादकता गोष्ठी व तिलहन मेला' का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि, बी.टेक.(कृषि इंजीनियरिंग) एवं एम.एससी. (कृषि) के 39 विद्यार्थियों, ने मुरादाबाद पंचायत भवन में आयोजित जनपद स्तरीय ''रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं तिलहन मेला'' का भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष, मुरादाबाद डॉ. शेफाली सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मेले का आयोजन उपनिदेशक कृषि इं. संतोष द्विवेदी की देख-रेख में किया गया तथा इस मेले में कुल 15 स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मेले में लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया, जिनमें तिलहन के स्टॉल, ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, इफको फर्टिलाइजर और ड्रोन, दयाल फर्टिलाइजर, पीएम फसल बीमा योजना, चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग, ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट्स, सिंचाई और जल संसाधन व पशुपालन विभाग, बायर फर्टिलाइजर सहित विभिन्न विषयों पर आधारित स्टॉल लगाए गए थे। मेला एकीकृत खेती, इंटरक्रॉपिंग, गन्ने की खेती, दलहनी, पशुपालन, तिलहनी फसल और पराली न जलाने के संबंध में जानकारी के साथ ही विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि बताया कि भ्रमण के दौरान विषय विशेषज्ञों ने सभी किसानों एवं विद्यार्थियों को आम की अलग-अलग किस्मों के साथ ही मोती की खेती करने के बारे में भी जानकारी देते हुए खेती से संबंधित नई-नई सरकारी अनुदान योजनाओं से अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम संयोजक व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कृषि मेलों का भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से नियमित रूप से कराया जाता है।

भ्रमण कार्यक्रम के सॅल आयोजन में सह संयोजक डॉ. अभिषेक तिवारी एवं आयोजन सचिव डॉ. सुनील का विशेष योगदान रहा। मेला भ्रमण के दौरान कृषि विभाग के डॉ. ए.एन. चौबे एवं डॉ. सुलेखा के अलावा स्कल के 39 विद्यार्थियों की उपस्थित रही।



## गांधी स्मारक महाविद्यालय में 'न्यूट्रिशन एंड हेल्थ' ऐड-ऑन कार्यक्रम का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय, में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय 'न्यूट्रिशन एंड हेल्थ' ऐड-ऑन प्रोग्राम का हाल ही में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पोषण और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस विशेष ऐड-ऑन कोर्स का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. देवेंद्र प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पोषक पदार्थों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सत्रों में विस्तार से बताया गया कि शरीर के लिए कौन-कौन से पोषक तत्व आवश्यक हैं और उनकी कमी से शरीर में कौन-कौन से गंभीर रोग हो सकते हैं समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. भूपेंद्र सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संतुलित आहार (संपूर्ण आहार) के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं की भागीदारी इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाग लेने वाले प्रमुख विद्यार्थियों में दानिश, शाहरुख, तारु अग्रवाल, निशांत, सुंदरम, अनुष्का, भूमिका आदि शामिल थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह प्रोग्राम पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा।



# एसआईआर में यूपी पिछड़ा

एसआईआर की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। एसआईआर के तहत राज्यों में चल रहे फार्म वितरण और डिजिटलीकरण दोनों काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब देश के 12 अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि इन राज्यों में 99.95 प्रतिशत से अधिक फार्म मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं, जिसमें से 98.69 प्रतिशत फार्म का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। चुनाव आयोग की ओर से जानकारी दी गई कि एसआईआर फार्म वितरण राष्ट्रीय स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है। कुल 50.99 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 50.95 करोड़ लोगों को फार्म सौंपे जा चुके हैं। यह पूरा अभियान 11 दिसम्बर तक जारी रहेगा। फार्म वितरण का ये प्रतिशत बताता है कि चुनावी तैयारी में जुटी मशीनरी काफी सक्रिय है और हर जिले में टीमें तय समय पर अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगी। गोवा और लक्षद्वीप जैसे छोटे क्षेत्र पहले ही 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा कर चुके हैं। इनके अलावा अंडमान-निक.ोबार, मध्य प्रदेश, पडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु में भी डिजिटलीकरण दर 99 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुकी है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे जा चुके हैं, जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। डिजिटल रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और 50.33 करोड़ से अधिक फार्म डिजिटल रिकॉर्ड में डाले जा चुके हैं। पश्चिम बंगाल में कुल 7.66 करोड़ फार्मों में से लगभग सभी फार्म वितरित हो चुके हैं। इसमें से 99 प्रतिशत से अधिक डिजिटलीकरण होने से राज्य का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छे राज्यों में शामिल हो गया है। गुजरात और मध्य प्रदेश ने भी वितरण में लगभग पूर्णता हासिल कर ली है, जिससे चुनाव आयोग की तैयारियों को गति मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां वितरण तो तेजी से हुआ है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का काम सबसे धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक राज्य में 15।53 करोड़ फार्म बांटे जा चुके हैं जबकि इन फार्म में से 14.96 करोड़ फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। इन आंकड़ों को प्रतिशत में देखें तो 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे गए जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। फार्म को भरने के बाद उसे डिजिटल रिकॉर्ड में डालना जरूरी है। इससे आगे होने वाली सत्यापन और डेटा अपडेट प्रक्रिया सहज और तेज बनती है। आयोग के अनुसार, अब तक 50.33 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं, जिससे डिजिटलीकरण दर 98.69 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह दर बताती है कि फिजिकल फार्म जमा होने के तुरंत बाद उनका आनलाइन रिकॉर्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डेडलाइन करीब आने के साथ राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में जहां डिजिटलीकरण 99.64 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा अभी 96.91 प्रतिशत के आसपास है।

## ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरी हो एसआईआर प्रक्रिया



लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है, पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोध नहीं करती, लेकिन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं, बीएलओ पर अधिक दबाव होने और जांच में लापरवाही की शिकायतें आ आ रही हैं, सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। **सुश्री मायावती, प्रमुख, बहुजन समाज पार्टी**

# मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे






योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या के लिए 27 जनवरी 1947 को एक आयोग गठित किया गया था, जिसकी सिफारिशों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों ने 10 दिसम्बर 1948 को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। तभी से विश्वभर में 10 दिसम्बर का दिन 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। मनुष्य के जीवनयापन और विकसित होने के मूलभूत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मानवाधिकार' के रूप में स्वीकार किया गया है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि भविष्य में द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी स्थापना के कुछ ही समय बाद मानवाधिकारों का संरक्षण किए जाने की ओर ध्यान देना शुरू किया, लेकिन विड़म्बना है कि मानवाधिकारों की घोषणा के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी विश्वभर में करोड़ों लोग संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों से वंचित हैं।

करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। एक अरब से भी ज्यादा लोग कम अथवा ज्यादा कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण के कारण प्रतिदिन हजारों बच्चे काल के ग्रास बन रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी का दंश झेल रहे हैं। भारत में 8 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे अपने मासूम बचपन को बाल मजदूरी की तपती भठ्ठी में झोंकने को विवश हैं, जो स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं। औद्योगिक.ीकरण की अंधी दौड़ में देश में मजदूर महिलाओं व छोटे-छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मान.सिक शोषण किसी से छिपा नहीं है। दुनियाभर में अरबों लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। एक अरब से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हैं। इसकी विवेचना यदि हम मानवाधिकारों की दृष्टि से करें तो क्या ए सभी उचित स्तर पर जीवनयापन के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, जीवन के प्रति सुरक्षा के अधिकार, शोषण से मुक्ति के अधिकार तथा अन्य सामाजिक अधिकारों से पूर्णतया वंचित नहीं हैं? क्या यह सरासर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं है? क्या यह मानवा.धिकार आयोग का दायित्व नहीं है कि वह इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक एवं प्रभावी कदम उठाए? आधुनिक भारत में करोड़ों लोग आज भी भूखे-नंगे अपनी जिंदगी के दिन जैसे-तैसे उद्देश्यहीन पूरे कर रहे हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए मानवाधिकारों का कोई महत्व हो सकता है? मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अलावा लगभग प्रत्एक देश में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हैं लेकिन जिस गति से मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उससे मानवाधिकार आयोगों के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता है। दुनियाभर में दो प्रमुख मानवाधिकार संगठनों एमनेस्टी इंटरनेशनल व ह्यूमन राइट वाच का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है, जो वैश्विक स्थिति पर नजर रखते हैं और प्रतिवर्ष इस पर अपनी रिपोर्ट भी पेश करते हैं। मानवाधिकार हनन के मामले में हर देश की क्रमानुसार स्थिति दर्शाई जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर जिस देश में मानवाधिकार की स्थिति दयनीय होती है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल आलोचना का शिकार होना पड़ता है बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देश उस पर आर्थिक प्रतिबंध भी लाद देते हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ वर्षों से इन संगठनों की रिपोर्टों को भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं माना जाता। इन रिपोर्टों के पीछे अमेरिका इत्यादि विकसित देशों के अपने निजी हित या स्वार्थ भी छिपे होते हैं। भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खासतौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है, जब इन संगठनों को पुलिस व सेना के जवानों का हर छोटा-बड़ा कारनामा तो नजर आता था लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरुद्ध इनकी जुबान पर लगाम कसी रहती थी। इस बारे में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एएस आनंद ने एक बार कठोर टिप्पणी करते हुए कहा भी था कि यह संगठन सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर तो उंगली उठाते हैं पर आतंकवादी संगठन कश्मीर में जो कुछ कर रहे हैं, उस पर चुप रहते हैं। यह हकीकत भी है कि यदि कोई आतंकवादी या शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिक.ारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन वहीं अगर यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाशविक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं और वैसे भी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाई चूंकि कानून की नजर में अपराध है, अत: यदि कोई आतंकवादी या अराजक तत्व पकड़ा भी जाए, तब उसके खिलाफ कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए।

हालांकि ऐसा नहीं है कि मानवाधिकार संगठनों की भूमिका हर मामले में ही संदेहास्पद रही हो बल्कि कई मामलों में इन संगठनों ने सही मायनों में पीड़ित मानवता के हित में सार्थक पहल की है किन्तु यह भी कटु सत्य है कि दुनियाभर में आज भी करोड़ों-अरबों लोग मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्षों बाद भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए 1961 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनियाभर में करीब 120 देशों में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। भारत में सितम्बर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों का संरक्षण करना और उनको प्रोत्साहन देना ही था। आयोग के गठन के कुछ ही समय बाद आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश की सभी जटिलताओं को दृष्टिगत रखते हुए आयोग मानता है कि जो लोग सर्वाधिक दुर्बल हैं, उनके रक्षण का आयोग पर एक विशेष और अपरिहार्य दायित्व है लेकिन आयोग अपने गठन के बाद के इन 32 वर्षों में भी अपने दायित्वों को निभाने में कितना सफल रहा है, इसकी पड़ताल किए जाने की आवश्यकता है। यह विड़म्बना ही है कि देश की सुरक्षा के नाम पर सुरक्षातंत्र को मजबूत करने व सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए तो हमारी सरकारें विभिन्न माध्यमों से चंद दिनों में ही अरबों रूपए जुटा सकती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शीतनिद्रा में भी भालुओं में खून क्यों नहीं जमता

स्रोत फीचर्स

**शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त को. शिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं।**

लंबे समय की निष्क्रियता पैर की शिराओं और फेफड़ों में रक्त के थक्के जमा सकती है, लेकिन यह परेशानी महीनों लंबी शीतनिद्रा में सोए भालुओं में पेश नहीं आती। साइंस पत्रिका में बताया गया है कि इसका कारण है कि शीतनिद्रा में सोए भालू एक प्रोटीन एचएसची 47 कम बनाते हैं जो रक्त का थक्का जमाने में भूमिका निभाता है। रक्त के थक्के मनुष्यों के लिए काफी घातक हो सकते हैं। अमूमन ये थक्के पैर की शिराओं में बनते हैं। स्थिति तब घातक हो जाती है जब ये रक्त प्रवाह के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और वहां रक्त संचार को अवरुद्ध कर देते हैं।

इसका वर्तमान उपचार है रक्त को पतला करना, लेकिन वह ज्यादा प्रभावी नहीं है और इसके कारण अनियंत्रित रक्तस्राव हो सकता है। यह समझने के लिए कि शीतनिद्रा के दौरान भालुओं में रक्त के थक्के क्यों नहीं बनते, लुडविग मैक्सिमिलियन विश्वविद्यालय के एक दल ने शीतनिद्रामग्न भूरे भालुओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने जाड़ों में शीतनिद्रामग्न (13) भूरे भालुओं को खोजा और उनके रक्त के नमूने लिए। इसके बाद उन्होंने गर्मी के मौसम में भी इन्हीं भालुओं के रक्त के नमूने लिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त को.शिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं। नतीजतन, रक्त का थक्का बनता है। देखा गया है कि जिन चूहों में इस प्रोटीन की कमी थी उनकी प्लेटलेट्स ने न्यूट्रोफिल को कम आकर्षित किया और रक्त का थक्का बनने की संभावना कम रही। अब चूंकि शीतनिद्रा में भालुओं में एचएसची 47 कम बनता है, इसलिए उक्त प्रक्रिया द्वारा थक्का निर्माण की संभावना भी कम होती है। शोधकर्ताओं ने उन लोगों में एचएसची 47 का स्तर देखा जो रीढ़ की हड्डी में चोट की वजह से चल-फिर नहीं पा रहे थे लेकिन उनमें रक्त के थक्के नहीं बन रहे थे।





पाया गया कि इन लोगों में एचएसची 47 का स्तर अपेक्षाकृत कम था। इससे लग रहा था कि चलना-फिरना बंद हो जाने पर शरीर एचएसची 47 प्रोटीन कम बनाने लगता है। जांच के लिए शोधकर्ताओं ने 10 स्वस्थ व्यक्तियों को 27 दिन तक बेडरेस्ट कराया। जैसी कि उम्मीद थी धीरे-धीरे उनमें एचएसची 47 का स्तर कम होने लगा था। लगता है कि जिन लोगों ने अचानक बिस्तर पकड़ लिया है उनमें स्वाभाविक रूप से एचएसची 47 का स्तर घटना शुरू होने से पहले एचएसची 47 का स्तर घटा कर थक्का बनने के जोखिम को कम किया जा सकता है। लेकिन अभी और अध्ययन की जरूरत है। बहरहाल, भालुओं और मनुष्यों दोनों में एचएसची 47 की एक जैसी भूमिका से लगता है कि स्तनधारियों में थक्का बनने का तंत्र काफी पुराना है।

# आपको भी तो नहीं दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों में से कोई एक

बीमारियां मानव जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। कुछ बीमारियां मामूली होती हैं और कुछ समय में ठीक हो जाती हैं, जबकि कुछ ऐसी खतरनाक बीमारियां होती हैं जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती हैं, बल्कि उसकी जान के लिए भी खतरा बन जाती हैं। इस लेख में, हम दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे, जो आज भी मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

**कैंसर**

कैंसर दुनिया की सबसे खतरनाक और जटिल बीमारियों में से एक है। यह तब होता है जब शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाती हैं।

**प्रमुख प्रकार**

फेफड़ों का कैंसर

स्तन कैंसर

त्वचा कैंसर

रक्त कैंसर ल्यूकेमिया

लक्षण- वजन में कमी, थकावट, असामान्य गांठ, और लंबे समय तक खांसी।

उपचार- कैंसर के उपचार में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, और सर्जरी शामिल हैं। हालांकि, कैंसर का इलाज बीमारी के प्रकार और उसके चरण पर निर्भर करता है।

चुनौती- कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाना और उसका सही समय पर इलाज करना बहुत कठिन है, जिसके कारण यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है।

**हृदय रोग**



हृदय रोग, जिसे कार्डियोवैस्कुलर डिजीज भी कहा जाता है, विश्व में मृत्यु का प्रमुख कारण है। यह रोग हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है।

प्रमुख प्रकार

कोरोनरी आर्टरी डिजीज

हार्ट अटैक

स्ट्रोक

लक्षण- सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, और थकान।

कारण- उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, और अस्वस्थ जीवनशैली।

उपचार- दवाइयों, सर्जरी, और लाइफस्टाइल में बदलाव से हृदय रोग का प्रबंधन किया जा सकता है।

डायबिटीज

डायबिटीज एक क्रॉनिक द्धदीर्घकालिकऋ बीमारी है, जिसमें शरीर का ब्लड शुगर लेवल अनियंत्रित हो जाता है।

प्रमुख प्रकार

टाइप 1 डायबिटीज- यह बीमारी ऑटोइम्यून कारणों से होती है।

टाइप 2 डायबिटीज- यह अधिकतर खराब जीवनशैली के कारण होती है।

गर्भावधि डायबिटीज- गर्भावस्था के दौरान होने वाली डायबिटीज।

लक्षण- बार-बार प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, और वजन में कमी।

जटिलताएं- डायबिटीज आंखों, किडनी, और हृदय पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

एचआईवी

एचआईवी ह्यूमन इम्युनोडिफिशिएंसी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति को अन्य बीमारियों का अधिक खतरा होता है। जब एचआईवी एड्स में बदल जाता है, तो यह जानलेवा हो सकता है। इसके लक्षण कमजोरी, वजन में कमी, बार-बार बुखार, और त्वचा पर घाव। संक्रमण के तरीकों की बात करें तो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, और संक्रमित रक्त का स्थानांतरण हैं। उपचार- एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी द्ध।त्ज्ञ्ञ्र एचआईवी को नियंत्रित कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं कर सकती।

**टीबी**

टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम टड्ढबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। लक्षण- लंबे समय तक खांसी, खांसी में खून आना, बुखार, और वजन में कमी। संक्रमण- यह खांसी, छींक या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करके टीबी का इलाज किया जा सकता है। चुनौती- टीबी के ड्रग-रेसिस्टेंट प्रकार द्धडक्त-ज्ठञ्र का इलाज करना बहुत मुश्किल है।

**मलेरिया**

मलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छर के काटने से फैलता है। यह दुनिया के सबसे खतरनाक संक्रामक रोगों में से एक है। लक्षण- बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, और मांसपेशियों में दर्द। कारण- प्लाज्मोडियम परजीवी, जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उपचार- एंटीमलेरियल दवाएं इस बीमारी का इलाज कर सकती हैं। चुनौती- मलेरिया के परजीवियों में दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक बड़ी समस्या है।

**डेंगू**

डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और त्वचा पर चकत्ते। गंभीर रूप- गंभीर डेंगू (डेंगू हेमोरेजिक फीवर) जानलेवा हो सकता है। उपचार- डेंगू के लिए कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन उचित देखभाल और हाइड्रेशन से इसका प्रबंधन किया जा सकता है।

**इबोला वायरस**

इबोला एक अत्यधिक खतरनाक और संक्रामक बीमारी है, जो इबोला वायरस के कारण होती है। यह बीमारी अफ्रीका में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, रक्तस्राव, और अंग विफलता। संक्रमण- यह संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- फिलहाल इस बीमारी के लिए कोई ठोस इलाज नहीं है, लेकिन वैक्सीन और एंटीवायरल दवाएं उपलब्ध हैं।

**स्पेनिश फ्लू और कोविड-19 जैसी महामारियां**

स्पेनिश फ्लू 1918 और कोविड-19 (2019) ने दुनिया भर में लाखों लोगों की जान ली। लक्षण- बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, और थकावट। संक्रमण- संक्रमित व्यक्ति से दूसरों में तेजी से फैलना। उपचार- इन महामारियों के दौरान वैक्सीन और सावधानी बरतने से इनका प्रसार रोका गया।

**कुष्ठ रोग**

कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह त्वचा, नसों और अन्य अंगों को प्रभावित करता है। लक्षण- त्वचा पर सफेद धब्बे, घाव, और अंगों की कमजोरी। उपचार- मल्टीड्रग थेरेपी के जरिए इसका इलाज संभव है।

**निष्कर्ष**- दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों ने यह साबित किया है कि स्वास्थ्य का महत्व कितना बड़ा है। इनमें से अधिकांश बीमारियां रोकथाम और सावधानी से बचाई जा सकती हैं। सही समय पर इलाज और जागरूकता के माध्यम से हम इन बीमारियों से निपट सकते हैं। इसलिए, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



गुरुग्राम। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की हड़ताल के दूसरे दिन सिविल अस्पताल में कतार में इंतजार करते मरीज।

## इजरायल ने हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए लेबनान पर किए हमले

**येरूसलम।** इजरायली सेना ने पुष्टि की कि उसने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए दक्षिणी लेबनान में सिलसिलेवार हमले किए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह की रदवान सेना के एक प्रशिक्षण परिसर को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह से संबंधित अतिरिक्त सैन्य ठिकानों और एक प्रक्षेपण स्थल को भी निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इमारतों के ऊपर बड़ी लपटें उठती हुई दिखाई दीं। लेबनान के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि इक़्लीम अल-तुफ़्फाह क्षेत्र और माउंट सफी को भीषण हवाई हमलों का निशाना बनाया गया।

# रूस को एक इंच जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की

## अमेरिकी दबाव के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति

**रोम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने साफ कहा है कि वह रूस को अपनी जमीन का एक इंच भी नहीं सौंपेंगे। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब वह यूरोप का लगातार दौरा कर समर्थन जुटा रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डानल्ड ट्रम्प लगातार दबाव बना रहे हैं कि यूक्रेन रूस से समझौता करे।

जेलेंस्की मंगलवार को रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को वह लंदन गए, जहां ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिले। उनका मकसद साफ है यूरोप का मजबूत समर्थन कायम रखना क्योंकि अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक कठिन समझौते का दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच तीन दिन की बातचीत खत्म हुई, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद बरकरार हैं। मुख्य विवाद यह है कि अमेरिकी योजना में डोनबास क्षेत्र का एक हिस्सा रूस को देने का सुझाव है। रूस



■ जेलेंस्की रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं

इस क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है, लेकिन यूक्रेन और उसके यूरोपीय साथी किसी भी तरह की जमीन सौंपने के खिलाफ हैं। ट्रम्प ने रविवार को कहा कि ज़ेलेंस्की ने अभी तक प्रस्ताव 'ध्यान से पढ़ा नहीं', जबकि ट्रम्प लंबे समय से कह रहे हैं कि यह युद्ध अमेरिकी टैक्स के पैसे की बर्बादी है। जेलेंस्की ने सोमवार रात पत्रकारों से कहा कि हम कुछ भी देना नहीं चाहते। रूस लगातार दबाव डाल रहा है कि हम जमीन छोड़ दें, लेकिन कानूनन और नैतिक रूप से हमारे पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शांति योजना में पहले 28 बिंदु थे, लेकिन अब यह 20 रह गए हैं क्योंकि कुछ एंटी-यूक्रेनी बिंदु हटा दिए गए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ज़ेलेंस्की का खुलकर साथ दिया है।

स्टार्मर ने कहा कि यह शांति प्रयासों का 'निर्णायक समय' है और किसी भी समझौते में 'न्यायपूर्ण और टिकाऊ संघर्षविराम' जरूरी है। जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिकी दस्तावेजों पर संदेह जताते हुए कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा जरूरी है। यूरोपीय देश जोर दे रहे हैं कि किसी भी समझौते के साथ मजबूत सुरक्षा गारंटी हों ताकि रूस भविष्य में हमला न कर सके। दोनों देशों के बीच बीती रात ड्रोन हमलों का बड़ा आदान-प्रदान हुआ। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने 110 ड्रोन दागे, जिनमें से 84 को मार गिराया गया, जबकि 24 अपने लक्ष्य तक पहुंचे। हमलों की वजह से कई क्षेत्रों में इमरजेंसी ब्लैकआउट लगाया गया। वहीं रूस ने दावा किया कि उसने 121 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। रूस के चुवाशिया क्षेत्र में हमले में इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और नौ लोग घायल हुए।

## शांति योजना पर मिलकर काम करेंगे यूक्रेन, यूरोपीय देश: जेलेंस्की

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष विराम की संभावनाओं को लेकर कहा है कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका की ओर से प्रस्तावित शांति योजना के नए स्वरूप में बदलावों पर मिलकर काम करेंगे। इंटरफैक्स-यूक्रेन न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। जेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ हुई बैठक के बाद कहा कि यह योजना मंगलवार शाम तक तैयार हो जाएगी। इस शांति योजना को हाल ही में घटाकर 20 बिंदुओं का किया गया था। उन्होंने कहा कि योजना में से ऐसी बातें हटा दी गई थीं जो खुले रूप से यूक्रेन-विरोधी थीं, लेकिन अब भी यूक्रेनी क्षेत्रों के मुद्दे का कोई हल नहीं निकल सका है।

# अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ कर्ज

## आईएमएफ ने फंड जारी करते हुए कहा: पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा

**वाशिंगटन।** लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) से एक बार फिर 1.2 बिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 10782 करोड़ रुपये) का कर्ज मिल गया है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को मोटा कर्ज उपलब्ध कराया था जिससे पाकिस्तान को मदद मिल गई थी। इसके पहले पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज मिलने के बाद भारत ने विरोध जताया था और पड़ोसी देश का इतिहास देखते हुए इस बात की आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इसका उपयोग अपने यहां आतंकवाद को बढ़ाने में करेगा। आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है।

अपने पैमाने पर खरा उतरने के बाद ही किसी देश को आईएमएफ से कर्ज मिल पाता है, लेकिन माना यही जाता है कि आईएमएफ की कार्यप्रणाली पर अमेरिका का भारी प्रभाव रहता है और उसकी सहमति मिलने के बाद कर्ज मिलना आसान हो जाता है। पाकिस्तान के मामले में यही हुआ माना जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए यह फंड जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा है। वह उन सुधारों की ओर कदम भी बढ़ा रहा है



■ आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है
■ पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है

जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बेहतर किया जा सके। आईएमएफ ने इस बात पर संतोष जताया है कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के बाद वहां महंगाई की दर बढ़ गई थी, इसके बाद भी पाकिस्तान अपने घाटे को एक सीमा में रखने में कामयाब हुआ है। पाकिस्तान को मदद की एक शर्त के तौर पर उसे अपने यहां आर्थिक सुधारों को लागू करना भी है। पाकिस्तान महत्त्वपूर्ण सेक्टर में निजीकरण को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के कदम उठा रहा है। आगामी 23 दिसम्बर को पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए चार कंपनियों को शार्टलिस्ट भी किया जा चुका है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो पाकिस्तान एयरलाइंस जल्द ही निजी हाथों के द्वारा संचालित होगी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। अब तक उसे 3.3 बिलियन डालर का कर्ज मिल चुका है। एक योजना के अनुसार, उसे करीब सात बिलियन डालर की आर्थिक सहायता की जानी है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद बन सकती है। इसके पहले आईएमएफ ने पाकिस्तान को करीब 2.1 बिलियन डालर की आर्थिक सहायता पहुंचाई थी। इस आर्थिक सहायता की बोर्ड मीटिंग का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान अपने आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग पड़ोसी देश में आतंकवाद फैलाने में करता रहा है। ऐसे में उसे यह आर्थिक सहायता नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, आईएमएफ ने कहा था कि पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में अपेक्षित सुधार कर रहा है और वह इसके लिए उपयुक्त कदम उठा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार डा. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह मदद आपातकालीन समय में सेवा उपलब्ध कराने और जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए दिया है। आईएमएफ अपने द्वारा दिए गए फंड की मानीटरिंग भी करता है। लेकिन पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि वह अपने यहां आतंकवादियों को आर्थिक और सैन्य संसाधन उपलब्ध कराता रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इसी हरकत का परिणाम रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात और सउदी अरब जैसे इस्लामिक देशों ने भी पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने से मुंह मोड़ लिया था। लेकिन अब अमेरिका अपनी सैन्य और जियो ग्लोबल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को अपने पाले में रखना चाहता है।

## पानी विवाद पर ट्रम्प ने मेक्सिको को नए शुल्क लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को मेक्सिको को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह 1944 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय संधि के आधार पर पानी की आपूर्ति नहीं करता है, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त पांच फीसदी आयात शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेक्सिको के इस संधि का लगातार उल्लंघन करने से टेक्सास की फसलों और पशुधन को गंभीर नुक़सान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको अभी भी पिछले पांच बरसों में हमारी संधि का पालन करने में विफल रहने के कारण अमेरिका का 800000 एकड़-फीट (98.64 करोड़ घन मीटर) से अधिक पानी का क़र्जदार है। अमेरिका को मेक्सिको से 31 दिसम्बर से पहले 200000 एकड़-फीट (24.66 करोड़ घन मीटर) पानी जारी करने की जरूरत है, और बाक़ी पानी जल्द ही आना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस पानी को फौरन (तुरंत) जारी न किए जाने पर मेक्सिको पर पांच प्रतिशत शुल्क लगाने के दस्तावेजों को अधिकृत कर दिया है। गौरतलब है कि सन 1944 की जल संधि, को कोलोराडो और तिजुआना नदियों और रियो ग्रांडे के पानी के उपयोग पर संधि के नाम से भी जाना जाता है।

## नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश नाकाम करने में मिली सफलता: बेनिन

**कोटोनौ।** बेनिन के राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन ने कहा है कि रविवार को तख्तापलट की कोशिश को नाइजीरियाई सेना की मदद से सरकारी बलों ने नाकाम कर दिया था और अब देश में स्थिति 'पूरी तरह से नियंत्रण में है।' बेनिन ने 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद से कभी-कभी तख्तापलट अनुभव किए हैं, लेकिन पिछले 20 सालों से वहां बिना किसी रुकावट के लोकतांत्रिक शासन बना हुआ है।

पोर्टो-नोवो इस देश की आधिकारिक राजधानी है, जबकि कोटोनौ देश का सबसे बड़ा शहर और प्रशासनिक केंद्र बना हुआ है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आवास पर तख्तापलट की साजिश रचने वालों और रिपब्लिकन गार्ड के बीच हिंसक झड़पें होने के बाद कोटोनौ में फिलहाल शांति है। सरकार के मुताबिक, तख्तापलट की इस कोशिश में दोनों तरफ नुकसान हुआ है। मरने वालों में राष्ट्रपति के सेना प्रमुख जनरल बर्टिन बाडा की पत्नी भी शामिल थीं। सेना प्रमुख खुद पहले हुए एक हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे।



■ तख्तापलट की कोशिश में पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही

तख्तापलट की कोशिश में रविवार को पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरे शहर में सैनिक तैनात रहे। उल्लेखनीय है कि खुद को 'मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन' कहने वाले सैनिकों के एक समूह ने रविवार को सरकारी टेलीविजन पर दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति टैलोन को हटा दिया है। आठ सैनिकों ने राष्ट्रपति को हटाने, सरकारी संस्थानों को निलंबित करने और प्रशासन को भंग करने की घोषणा की थी। इस समूह ने लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री को अपनी समिति का प्रमुख बनाया था।

## तस्करी, ठगी और नकली सामान पर लगाम कसेगा वियतनाम

**हनोई।** तस्करी, व्यापार धोखाधड़ी और नकली सामान पर रोक लगाने के लिए वियतनाम तीन महीने तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगा। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आगामी 16 दिसम्बर से 15 मार्च, 2026 तक चलने वाला यह अभियान जमीन, रेल, अंदरूनी जलमार्ग, समुद्री और हवाई सीमा मार्गों और चौकियों के साथ-साथ सीमा रेखाओं के पास सामान इकट्ठा करने वाले इलाकों और साइबरस्पेस में भी जांच और नियंत्रण को तेज करेगा। नशीले पदार्थ, हथियार, ई-सिगरेट, पटाखों और संकटग्रस्त जीवजंतुओं जैसे प्रतिबंधित सामान की तस्करी रोकना पुलिस की प्राथमिकता होगी।

## एडीबी ने भूटान को 15 मिलियन डॉलर पैकेज की दी मंजूरी

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि उसने भूटान में बैंकिंग और पूंजी बाजारों को मजबूत करने एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 134.87 करोड़ रुपये) के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है।

यह सहायता एक करोड़ डॉलर के 'नीति-आधारित ऋण' और पचास लाख डॉलर के 'नीति-आधारित अनुदान' के रूप में दी जाएगी। एडीबी ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य आर्थिक विविधता को बढ़ावा देकर और मजबूत निजी क्षेत्र के विकास का समर्थन करके भूटान की वित्तीय स्थिरता में सुधार करना है। यह कार्यक्रम 'हरित वित्त' एवं डिजिटलीकरण को बढ़ाकर और वंचित समुदायों के लिए वित्तीय साक्षरता का विस्तार करके वित्तीय समावेशन को भी बढ़ाने में भी मदद करेगा। बैंक के अनुसार, भूटान का वित्तीय क्षेत्र अद्वितीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें सीमित आर्थिक विविधता, आयात पर निर्भरता, उच्च गैर-निष्पादित ऋण (एनपीए) और कमजोर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं। ये चुनौतियां मौजूदा असमानताओं को और बढ़ाती हैं। ग्रामीण गरीबी 17.5 प्रतिशत पर उच्च बनी हुई है, जबकि बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं से समुदायों की सुरक्षा के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल अपर्याप्त है। यह कार्यक्रम बैंकिंग प्रणाली को स्थिर करने, पूंजी बाजार विकसित करने और हरित तथा समावेशी वित्त को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा।

## पाकिस्तान में आतंकी हमला, छह जवानों की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को आतंकवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। रक्षा सूत्रों ने चीनी संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि यह घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई, जब आतंकवादियों ने कुर्रम जिले में सेना के जवानों पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग शुरू की, जो शाम 7:50 बजे तक जारी रही। लगातार हुई गोलीबारी और अंधेरे के कारण देर रात तक मारे गए सैनिकों के शवों को बरामद नहीं किया जा सका, लेकिन छह घायल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# ट्रम्प के एक और फैसले पर अदालत की रोक

## संघीय जज ने राष्ट्रपति के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने राष्ट्रपति ट्रम्प के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया। मैसाचुसेट्स डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज पैटी सारिस ने पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले ट्रम्प के 20 जनवरी के कार्यकारी आर्डर को खारिज कर दिया और इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया। जज ने कहा कि संघीय जमीन और पानी पर पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट की लगभग सभी लीज़िंग को रोकने का आदेश मनमाना है और यह अमेरिकी कानून का उल्लंघन है।

सारिस ने न्यूयार्क अटार्नी जनरल लेटिसिया जेम्स के नेतृत्व में 17 राज्यों और वाशिंगटन, डीसी के स्टेट अटार्नी जनरल के एक समूह की संयुक्त याचिका के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसने ट्रम्प के उस आर्डर को चुनौती दी थी जिसमें पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के लिए लीजिंग और परमिट देने पर रोक लगा दी



■ ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते है


थी। ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते हैं। मैसाचुसेट्स अटार्नी जनरल एंड्रिया जाय कैंपबेल ने इस फ़ैसले को हरित नौकरियों और अक्षय ऊर्जा की जीत बताया। वही फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने सोमवार को अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया। डेसेंटिस ने काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) और मुस्लिम ब्रदरहुड के खिलाफ एक कार्यकारी आदेश दिया है। हालांकि अमेरिकी सरकार ने अभी तक काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस और मुस्लिम ब्रदरहुड को आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है। यह आदेश फ्लोरिडा की एजेंसियों को निर्देश देता है कि वे दोनों समूहों और उन्हें सामान देने वालों को किसी स्टेट एग्जीक्यूटिव या कैबिनेट एजेंसी से कान्ट्रैक्ट और फंड लेने से रोकें। वहीं सीएआईआर ने डेसेंटिस पर इसके लिए मुकदमा करने की बात कही है। मुस्लिम ब्रदरहुड की स्थापना लगभग एक सदी पहले मिस्र में हुई थी और इसकी दुनिया भर में ब्रांच हैं। इसके नेताओं का कहना है कि इसने दशकों पहले हिंसा छोड़ दी थी और अब यह चुनावों और दूसरे शांतिपूर्ण तरीकों से इस्लामी राज स्थापित करना चाहता है।

# लिथुआनिया में राष्ट्रीय आपातकाल लागू

## बेलारूस के गुब्बारों से सुरक्षा जोखिम, हवाई क्षेत्र उल्लंघन को लेकर कड़ा कदम

**विल्नियस (लिथुआनिया)।** रूस समर्थित बेलारूस से लगातार आ रहे मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा एयरस्पेस उल्लंघन के बाद लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

पिछले कुछ हफ्तों में ये गुब्बारे देश के मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को कई बार बंद करवाने की वजह बने, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। लिथुआनिया की प्रधानमंत्री इंगा रुगिनिएने ने कहा कि गुब्बारों के जरिए हो रहा यह व्यवधान एक हाइब्रिड अटैक है, जिसका उद्देश्य देश में अस्थिरता फैलाना है। प्रधानमंत्री रुगिनिएने ने कहा



■ लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है

हमें सबसे कड़े कदम उठाने होंगे और उन क्षेत्रों की रक्षा करनी होगी जहां यह हमला सबसे ज्यादा असर डाल रहा है। कैबिनेट की इमरजेंसी बैठक के बाद यह घोषणा की गई। लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है। लिथुआनिया के गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंड्रोटोविच ने बताया कि राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने के बाद सीमा सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। अब सीमा क्षेत्रों में सेना और पुलिस संयुक्त गश्त करेंगी, ताकि एयरस्पेस का उल्लंघन करने वाले गुब्बारों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर सेना स्वतंत्र रूप से भी आपरेशन चला सकेगी, जिससे इन गुब्बारों की पहचान, निगरानी और रोकथाम तेजी से हो पाएगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन कदमों का आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा और सभी उपाय केवल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये गुब्बारे अक्सर सिगरेट की तस्करी में उपयोग होते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या और उड़ान दिशा देखकर यह स्पष्ट है कि यह बेलारूस द्वारा योजनाबद्ध व्यवधान है। लिथुआनिया ने गुब्बारों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और खुफिया एजेंसियां इनकी उत्पत्ति और बेलारूस सरकार से संभावित संबंधों की जांच कर रही हैं।

## इजरायल-बोलीविया राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमत

**तेल अवीव।** इजरायल और बोलीविया ने राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया है, जो दो साल पहले गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के तुरंत बाद बोलीविया की पहल पर टूट गए थे।इजरायल के विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा की है। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सा' आर और बोलीविया के विदेश मंत्री फर्नांडो अरामायो आज वाशिंगटन में मिलेंगे और उम्मीद है कि इन संबंधों को नए सिरे से शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर में चुनाव जीतने के बाद बोलीविया के राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज ने अगले दिन सा' आर को फोन किया था।





